माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
सोमवार, 5 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 316, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 16

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 15


# सैदरा मिलक में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

संवाददाता, आदमपुर (अमरोहा)

▸▸ ऑनर किलिंग की आशंका, तीन दिन से घर से लापता थे दोनों

▸▸ ग्रामीणों ने शव ले जा रही पुलिस गाड़ी को रोककर किया हंगामा

**अमृत विचार** : सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सैदरा मिलक से तीन दिन से लापता युवक व किशोरी का शव गांव से लगभग 300 मीटर दूर आम के पेड़ से फंदे के सहारे लटके मिले। युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शवों को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव पेड़ से उतार कर ग्रामीणों व परिजनों से घटना की जानकारी ली।



गांव सैदरा मिलक निवासी राजू (21) पुत्र मुनेश और गांव की किशोरी (16) शुक्रवार से लापता थे। किशोरी ढबारसी के स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी। रविवार सुबह नौ बजे ग्रामीण खेत पर गए तो देखा कि आम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे युवक व किशोरी के शव लटके हुए थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सैदनगली थाना प्रभारी वरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, कुछ देर बाद सीओ श्वेताथ भास्कर भी पहुंच गए। मौके पर मौजूद युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने किशोरी के परिवार वालों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा किया।

बताया जाता है कि युवक और किशोरी के बीच एक साल से प्रेम संबंध थे और दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन किशोरी के परिजन इसके खिलाफ थे। मामले में ऑनर किलिंग की आशंका जताई जा रही है। हंगामा कर रहे लोगों को सीओ श्वेताभ भास्कर ने समझाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने शवों को ले जा रही पुलिस की गाड़ी को लगभग 20 मिनट तक रोककर हंगामा किया। पुलिस के समझाने पर परिजन शांत हुए तब शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। सुरक्षा के मद्देनजर किशोरी के आवास पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

## एक नजर

### ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2



**नई दिल्ली।** ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं। प्रशासन ब्रांड फाइनेंस के अनुसार ब्रांड संरक्षक सूचकांक उन सीईओ की पहचान करता है, जो सभी हितधारकों, निवेशकों और समाज की जरूरतों को संतुलित करके व्यावसायिक मूल्य का निर्माण कर रहे हैं।

### पिल्ले को ऊंचाई से फेंका पुलिस ने दर्ज किया केस

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई।पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है।

### मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी माओवादी ढेर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कंधमाल जिले में शनिवार की रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक शीर्ष माओवादी कैडर मारा गया। छत्तीसगढ़ के दसरू पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम था और वह नागरिकों की हत्या, आगजनी तथा सुरक्षा बलों पर हमलों में घटनाओं में शामिल था। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि मुठभेड़ शनिवार रात कंधमाल जिले के बालीगुडा पुलिस सीमा के अंतर्गत कंबेरिकिया जंगल के अंदर हुई। गोलीबारी में जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) का एक जवान भी गोली लगने से घायल हो गया।

# प्राचीनता और आधुनिकता के साथ उप्र को विकास की रेस कराएगा बजट

## विधानमंडल में आज सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार पेश करेंगे बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य विधानमंडल में सोमवार को पेश होने जा रहा वार्षिक बजट 2024-2025 उप्र. में प्रचीनता और आधुनिकता को साथ लेकर विकास की रेस करने वाला होगा। अब तक के सबसे बड़े बजट का आकार करीब 7.70 लाख करोड़ के आसपास संभव है। इसमें प्रयागराज महाकुंभ के साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ही नहीं औद्योगिक गलियारों व मेट्रो, एक्सप्रेस-वे विस्तार के लिए भी बजट दिए जाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार बजट पेश करने वाले हैं जिसमें इस बार आगामी लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिलेगी।

प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का समर्थन करते हुए दिखेगा। उधर, केन्द्र के अंतरिम बजट में भी उप्र. के लिए कई प्राविधान किए गए हैं। वित्तमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि अंतरिम बजट-2024-25 में उप्र को केन्द्रीय करों में राज्यांश के हिस्से के रूप में 2,18,816 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। उप्र. के बजट में युवा, किसान, महिलाओं के अलावा पर्यटन आदि को लेकर घोषणाएं रहेंगी।उप्र. के बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलना है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों के विकास को धनराशि की स्वीकृति है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलना है।

गौरतलब है कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश का 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये बजट था। इसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपये, गन्ना भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था।

### मुख्यमंत्री ने बुलाई कैबिनेट



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी साल होने के चलते बजट में जनसुविधाओं के उपहार देने की कोशिश रहेगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगा। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

▸▸ अब तक का सबसे बड़ा बजट, आकार करीब 7.70 लाख करोड़ रुपये संभव

▸▸ प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को महत्व

▸▸ औद्योगिक गलियारों के साथ एक्सप्रेस-वे, मेट्रो के विस्तार को भी मिलेगा धन



अपने कार्यालय में बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का आधार

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पर रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट राज्य को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। वित्त मंत्री के मुताबिक, यह बजट उप्र. में प्राचीन सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना के साथ ही विकास के सभी आधुनिक मापदंडों पर चलने का एक दस्तावेज है। इस बजट में ऐसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे कि सभी नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के भाईचारा के साथ राज्य के विकास में योगदान देंगे।

# संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा एलआईयू

▸▸ 22 फरवरी से 9 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की है। पूरा फोकस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नगर निगम से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325) और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं। उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या कोई अन्य सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

# भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी

▸▸ मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट

**अमृत विचार** : यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।



एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येन्द्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी जांच में शामिल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट को कैबिनेट से मिली मंजूरी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : प्रदेश की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है, जिससे इसे सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में विधेयक के रूप में रखे जाने का रास्ता साफ हो गया। अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा रखा जाएगा।



कैबिनेट की बैठक लेते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

▸▸ विधानसभा के आज से शुरू होने वाले सत्र में रखा जाएगा सदन के पटल पर

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की 24 घंटे के भीतर दूसरी बैठक आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर इसे मंजूरी दे दी और साथ ही इसे आहूत विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में इसके पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

चार खंडों में 740 पन्नों के यूसीसी के अंतिम मसौदे को सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सौंपा था। समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है।

# ठंडी हवाओं के बीच बारिश ने गिराया पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : कई दिनों से निकली धूप की जगह रविवार सुबह बादलों ने ले ली। दिन भर रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में आगे भी बारिश होने और ओले गिरने की संभावनाएं जताई हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, प्रदेश में कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया था। जिसका असर रविवार को देखने को मिला। सुबह से प्रदेश के कई जनपदों में बारिश हुई। लखनऊ सहित कई इलाकों में तेज और ठंडी हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रात और दिन के तापमान में आंशिक परिवर्तन हुआ है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा।

### सबसे ठंडा रहा शाहजहांपुर


गिरते तापमान के बीच प्रदेश का सबसे ठंडा शहर शाहजहांपुर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि कानपुर ग्रामीण का न्यूनतम श्रेणी में अधिकतम तापमान 14 .9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### बरेली में छाया रहेगा कोहरा

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार सोमवार को बरेली, पीलीभीत जनपदों में कोहरा छाया रह सकता है। मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जनपदों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी।

# वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आप नेताओं के पीछे लगा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के काम नहीं रुकेंगे। केंद्रीय बजट पर कहा कि इसमें स्कूलों और अस्पतालों के लिए कुल बजट का केवल चार प्रतिशत आवंटित किया गया है।

### आतिशी को दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया। अपराध शाखा का दल रविवार अपराह्न 12 :55 बजे दूसरी बार आप नेता के आवास पर पहुंचा और उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। उन्हें नोटिस पर पांच फरवरी तक जवाब देने को कहा गया है।

# सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

▸▸ गोवंशों को सर्दी से बचाव न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम

**अमृत विचार** : कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही के चलते अलग-अलग शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं ढका गया है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले शेड में बांधे गए हैं। गोवंशों की मौत होने के बाद अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने की वजह से प्रशासन की ओर से गोशाला के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया है। अभी ठेकेदार और पंचायत स्तर से रखरखाव के इंतजाम कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी की वजह से हालात बिगड़े हैं।

> खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला भेजा गया है। सभी गायों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **सचिन यादव**, मुख्य विकास अधिकारी।

# गोवंश की खुराक का नहीं दिया हिसाब, रुका बजट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : पिछले वर्ष सितंबर में निराश्रित गो वंश के भरण-पोषण में खर्च हुई धनराशि का 10 जिले पशु पालन विभाग को हिसाब नहीं दे पाए हैं।

इस कारण बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, हमीरपुर, झांसी, हरदोई, अलीगढ़ व बदायूं को आगे का बजट नहीं मिला है। इस लापरवाही से गो शालाओं में संरक्षित गो वंश का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार विभाग खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। कहीं निजी तो कहीं उधार भूसा, चारा व दाना खरीदा जा रहा है। इस अव्यवस्था से पशुपालक परेशान हैं।



▸▸ 10 जिलों ने अक्टूबर से नहीं मांगा पशुपालन विभाग से भरण-पोषण का बजट

▸▸ कहीं उधार लेकर तो कहीं निजी संसाधनों से भर रहे गोवंश का पेट

> सितंबर का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इससे आगे का बजट रुका है। संबंधित जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। शासन ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। जल्द समाधान हो जाएगा।
> - **आरएन सिंह**, निदेशक, पशुपालन विभाग

### कई जिलों ने वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव भी नहीं भेजा

आजमगढ़, झांसी, मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर व वाराणसी में वृहद गो सरंक्षण केंद्रों का निर्माण होना है। यह भी शासन की प्राथमिकता में है। इसके बाद भी शासन को संबंधित जिलों से निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इसके अलावा जिन नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थलों का निर्माण व विस्तारीकरण किया जा रहा, जो लक्ष्य से कम है।

### शासन गंभीर, लेकिन विभाग नहीं

10 जिलों से उपभोग प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से बजट की मांग अक्टूबर से नहीं की गई है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैं। इसके बाद भी यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए शासन लगातार पत्राचार भी कर रहा है। हाल में मुख्य सचिव ने समीक्षा कर संबंधित जिलाधिकारी को डीबीडी फंड के लिए रिक्वेस्ट भेजने के निर्देश दिए थे। पशु पालन विभाग भी बराबर शासन का हवाला देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांग रहा है ताकि आगे का बजट भुगतान कर सके।

# युवती को अगवा कर चलती कार में तीन घंटे तक गैंगरेप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ पकड़े जाने के डर से युवती व कार छोड़कर भागे अपहर्ता

**अमृत विचार:** कार सवार अपहर्ताओं ने शादी में जा रही एक युवती को अगवा कर लिया। वे करीब तीन घंटे तक उसे लेकर शहर में घूमते और चलती कार में दुष्कर्म करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती को मुखानी चौराहे पर उतार कर फरार हो गए। चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

22 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक शनिवार शाम 7 बजे वह एक शादी समारोह से ई-रिक्शा से निकली और एसटीएच के पास उतर गई। यहां उसका भाई उसे लेने आने वाला था। भाई देर तक नहीं आया तो वह पैदल ही घर की ओर निकल पड़ी। वह लाइफ लाइन वाली गली में पहुंची, तभी कार सवार पहुंचे और उसे कार में खींच लिया। आरोपियों ने शराब पी थी और पीड़िता को भी जबरन पिलाने की कोशिश की। तहरीर में पीड़िता ने मनोज, ऋषि, सोनू और आशु पर आरोप लगाए हैं। चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि ऋषि और मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**फोन पर रोने की आवाज से हुआ अंदेशा :** लड़की का कहना है कि घटना के दौरान उसके मोबाइल पर एक दोस्त का फोन आया। कॉल रिसीव किया तो दोस्त ने उसका रोना सुन लिया, उसने सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने रामपुर में कार देखी। पीछा करने पर आरोपी कार छोड़ कर भाग गए।

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



☞ जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सुबह 9 बजे।

☞ शहर के बाजार मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्री राम कथा सुबह 9 बजे।

# बारिश होने से पांच घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

## पहाड़ी गेट, रजा इंटर कालेज, मोरी गेट क्षेत्र में सुबह पांच से 10 बजे तक बिजली नहीं मिलने से लोग रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बारिश होने से शहरी क्षेत्र की पांच घंटे बिजली गुल रही। इससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। निगम के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते रहे। सुबह 10 बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

रविवार का अवकाश होने के कारण नौकरी पेशा लोगों को बिजली ठप होने से काफी दुश्वारियों को झेलना पड़ा। अवकाश होने के कारण लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। रविवार की सुबह पांच बजे बारिश शुरू हुई। इसके बाद ही अधिकतर क्षेत्रों की आपूर्ति चरमरा गई। कहीं ओवरलोडिंग तो कहीं ट्रांसफार्मरों के तार आपस में टकराने के कारण फाल्ट हो गए। काफी देर तक लाइट नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने एसडीओ, जेई को फोन किए। दोनों अधिकारियों ने फोन रिसीव ही नहीं किए। इस दौरान हजारों उपभोक्ताओं को कई घंटे तक बिजली कटौती से जूझना पड़ा। मोहल्ला घेर तोगा, तालाब मुल्ला एरम, पीला तालाब, पुराना गंज, पक्का बाग समेत आसपास क्षेत्रों की लाइनों में हुए फाल्ट को सही करने के लिए कर्मचारी दौड़े। इसमें कर्मचारियों को पांच घंटे का समय लग गया। इसके अलावा ज्वालानगर क्षेत्र में आपूर्ति बाधित हुई। किटप्लाई रोड स्थित बिजलीघर में मेंटीनेंस कराया गया। डूंगरपुर क्षेत्र के अवर अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि लाइनों में फाल्ट होने से बिजलीघर से शटडाउन कराया गया था। फाल्ट को सही कराने के बाद आपूर्ति को सुचारू करा दिया गया है।



जिला अस्पताल स्थित पुरानी केबिल को बदलते श्रमिक।



अजीतपुर बिजलीघर में रखे ट्रांसफार्मर में काम करते कर्मचारी।

### विजिलेंस की टीम ने पकड़ी बिजली चोरी

बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए संयुक्त रूप से डूंगरपुर क्षेत्र में बिजली चेकिंग की गई। चेकिंग में टीम प्रभारी भरतवीर सिंह, अवर अभियंता संतोष कुमार ने 10 घरों मे बिजली चोरी पकड़ी। चेकिंग से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। एसडीओ द्वितीय प्रद्योमन सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान पकड़े गए बिजली की चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

बारिश होने से ओवरलोडिंग के चलते तारों में नमी आ गई थी। इसकी वजह से लाइनों में फॉल्ट हुए। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए बाधित आपूर्ति को सुचारु करा दिया गया है। **-इमरान खां**, एक्सईएन प्रथम

### पीलू मस्जिद, मोहल्ला बेरियान में बदली गई पुरानी केबिल

रविवार को मोहल्ला पीलू मस्जिद, तिलक नगर कालोनी, बेरियान में पुरानी केबिल को बदलने कार्य किया गया। इससे नवाबगेट, रजा इंटर कालेज बिजलीघर से लाइन का शटडाउन कराया गया। ज्ञात रहे कि इन दिनों शहर के अधिकतर क्षेत्रों में पुराने केबिल व पोल को बदलवाया जा रहा है। ताकि लाइनों में आए दिन हो रहे फाल्ट की समस्या से निजात मिल सके। यही कार्य कचहरी रोड पर भी कराया गया। यहां की केबिल तो बदल गई है लेकिन कचहरी के मोड़ से डा. ताज मोहम्मद के क्लीनिक तक छह नए पोल लगाए गए।

# निपुण विद्यालय आंकलन रिपोर्ट में मंडल में रामपुर जनपद प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डीएलएड प्रशिक्षुओं ने दिसंबर में काफी स्कूलों में जाकर निपुण विद्यालय के तहत आंकलन किया था। उसके बाद रिपोर्ट को ऑनलाइन अपलोड किया गया था। जिसका रिजल्ट रविवार को घोषित कर दिया गया था। इसमें निपुण विद्यालय आंकलन रिपोर्ट 28 प्रतिशत रही। इस तरह से जिला मंडल में प्रथम स्थान पर रहा। जबकि प्रदेश में 25वां स्थान मिला है।

बताते चलें कि कमजोर बच्चों को मजबूत बनाने के लिए हर ब्लाक में हर विषय का एक-एक एआरपी तैनात किया जाता है। इसके परखने के लिए दिसंबर में करीब 600 स्कूलों में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा बच्चे निपुण हुए या नहीं इसकी जानकारी ली गई थी।

दिसंबर में रिपोर्ट को अपलोड कर दिया था। रविवार को परिणाम आ गया। बीएसए ऑफिस में तैनात बाबू रफत ने बताया कि निपुण आंकलन में 28 प्रतिशत लाकर जिला मंडल में प्रथम स्थान पर रहा। जबकि प्रदेश में 25वां स्थान मिला है।

## मोटा किराया वसूलने में आगे, साफ बेडरोल देने में पीछे रेलवे

**बरेली, अमृत विचार :** एसी श्रेणियों में सफर करने वाले यात्रियों से रेल प्रशासन बेडरोल के नाम पर मोटी रकम वसूल करता है लेकिन ट्रेन में अपनी बर्थ पर पहुंचने के बाद बेडरोल देखता है तो यात्रा का सारा उत्साह ठंडा पड़ जाता है। आये दिन गंदे बेडरोल को लेकर यात्री शिकायतें करते हैं। इस बार दो ट्रेनों में बेडरोल को लेकर यात्रियों ने शिकायत की है। जनता एक्सप्रेस में सफर कर रहे डॉ. सौरभ तोमर ने रेल प्रशासन को एक्स के जरिये शिकायत की कि थर्ड एसी में गंदी चादर दी जा रही है। अटेंडेंट कह रहा है कि जहां चाहो शिकायत कर लो यही चादर मिलेगी। डॉ. सौरभ ने बताया कि ट्रेन संख्या 15120 जनता एक्सप्रेस के कोच संख्या एम-6 की बर्थ संख्या 16 पर वह रामपुर से वाराणसी जाने के लिये सवार हुये। अटेंडेंट का रवैया बेहद खराब था।

## एक नजर

### अतिक्रमण अभियान के लिए टीम गठित

**रामपुर, अमृत विचर :** शहर की सड़कों पर अवैध रूप से सामान रखकर कब्जा कर रखा है। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासतौर से स्कूलों की छुट्टी होते समय कई घंटे तक जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। अतिक्रमण हटाने के लिए पालिका अधिकारियों ने कुछ दिन पहले अभियान चलाकर सख्ती की थी। अब हालत यह है कि सड़कों पर दोबारा अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण हटाने के लिए ईओ ने टीम का गठन किया है।

### 200 मीटर दौड़ के विजेता को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह यादव ने दौड़ में विजेता हिमांशु यादव को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय खेल संघ द्वारा प्रयागराज में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में मिलक के गांव करीमगंज नानकार निवासी हिमांशु यादव ने 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है।

# आजम खां के मोहल्ले से चला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को संरक्षण में लेने का अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर यूनिवर्सिटी को सरकार के संरक्षण में लेने के लिए रविवार से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। रविवार को अभियान की शुरुआत पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले से की गई।

पूर्व मंत्री आजम खां के घर के वार्ड 17 टंकी नंबर पांच घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। यह सप्ताह भर जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों के भविष्य को लेकर 26 नवंबर से ग्राम सिंगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। रविवार से शहर में भी अभियान शुरू किया गया। हस्ताक्षर अभियान में रोमान खान, नसीर खान, दिनेश, सुलेमान, शाहिद खान, रूबीना, साजिद खान, राजू खान, शावेज खान, अल्तमश, आमिर खान, आबिद अली खान, शुऐब अली खान, मंजूर खान, सुहेल खान, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद मसूद, परवेज, अतहर जमील खान, जीशान, अतहर अली खान, आसिफ, तौहीद खान, गुड्डू तनवीर आदि मौजूद रहे।



हस्ताक्षर अभियान के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# कचहरी गेट के सामने सड़क किनारे भरे पानी से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कचहरी जाने वाले शहर के मुख्य मार्ग पर नाली का गंदा पानी जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे की गहरी नाली भर चुकी है। पानी की निकासी नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। सर्द मौसम में भी इसमें मच्छर व कीड़े पनपने लगे हैं।

स्टार चौराहे से गंगापुर के सामने जाने वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर मार्ग पर नाली का गंदा पानी जमा है। इस मार्ग पर शहर के नामचीन स्कूल, कचहरी और निजी अस्पताल भी हैं। आवास विकास कालोनी और गंगापुर भी है। फोरलेन वाले इस मार्ग पर होटल और चाय की दुकान भी हैं। यह दुकानें कचहरी आने वाले वादकारियों को सस्ता खाना उपलब्ध कराते हैं। मुख्य मार्ग होने के करण यहां से रेलवे, रोडवेज, अंबेडकर पार्क, पेट्रोल पंप और जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के आवास भी हैं। इसके चलते यहां से वीआईपी और निजी वाहनों का बड़ी संख्या में गुजरना होता हैं। इतना सब कुछ होने के बावजूद इस जल भराव पर किसी का ध्यान नहीं जाता।



मोहम्मद अली जौहर मार्ग के किनारे भरा पानी। ● अमृत विचार



नजदीक में बिजली का ट्रांसफार्मर है। एक फुट तक का जल भराव है। कोने में साइकिल में हवा भरने वाला और मोटर साइकिल रिपेयरिंग वाला है। सभी परेशान हैं। पानी में ईंटे डाल कर रास्ता बना रखा है। **- चंद्रदेव**



होटल पर कचहरी आने वाले लोग चाय पीने आते है। जल भराव से लोगों का आना कम हो गया। यह समस्या जी का जंजाल बन गई है। ताज्जुब तो यह है कि किसी का ध्यान नहीं जाता। **- ओमप्रकाश**



नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। इसमें से दुर्गंध भी उठती है। यह जल भराव कई दिनों से हैं। नाली गंदे पानी से लबालब भरी है, कोई ध्यान देना वाला नहीं है। **- छोटू**



स्कूल के बच्चे पानी से बचने के चक्कर में वाहन से टकराने से बचते हैं। अस्पताल से आने वाले तीमारदार भी परेशान होते हैं। गंगापुर के सामने कट बना है। यहां से लोग चार पहिया वाहन व बाइक घुमाकर वापस स्टार चौराहा जाते हैं। **- राकेश, हलवाई**



छोटा सा खाने का होटल हैं। लोगों को कम दरों पर खाना खिलाते हैं, लेकिन काफी दिनों से पानी के जमाव के कारण ग्राहक की जगह गंदे पानी की छींटे आती हैं। यहां से गुजरने वाले बड़े लोग ही ध्यान नहीं देते तो हम फरियाद कहां करें। **- नरेश सैनी**

# प्रकृति ने किया जिले का नाम रोशन, मां-पिता को दिया श्रेय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ मल्टीनेशनल कंपनी अमेजॉन ने दिया 45 लाख का पैकेज

**अमृत विचार :** दयावती मोदी एकेडमी से दसवीं में सभी विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली व महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल से 93 प्रतिशत अंक से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रकृति ने जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नोएडा से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। प्रकृति को कैंपस से ही छह महीने की इंटर्नशिप का ऑफर अमेजॉन ने दिया था। इंटर्नशिप पूरी करने के बाद उन्हें सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियरिंग के पद पर नियुक्त कर दिया।



प्रकृति ने बेंगलुरु में ज्वाइन कर लिया है। बचपन से ही होनहार प्रकृति का सपना इंजीनियरिंग कर देश की सेवा करने का था। प्रकृति ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी मां ऋतु जोशी व पिता प्रधानाचार्य मॉडर्न पब्लिक स्कूल दीप जोशी सहित सभी अध्यापकों को दिया है। प्रकृति ने कहा कि डीएमए की प्रिंसिपल डा.सुमन तोमर ने हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रकृति के भाई भरत जोशी ने भी कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। भरत जोशी का भी दिल्ली में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर हो गया है। उसने भी ज्वाइन कर लिया है दोनों भाई-बहनों की सफलता पर परिवार में खुशी की लहर है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगियों को मिला उपचार

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर रविवार को आयोजित होने वाले जन आरोग्य मेले में पांच स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्रों पर 2857 रोगियों को मुफ्त में उपचार मिला। मेले में तैनात पीएचसी प्रभारियों, फार्मासिस्ट ने मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की।

रविवार को नोडल एसीएमओ डा. संतोष कुमार ने दोमहला रोड स्थित मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। अर्बन में 951, शाहबाद में 631, टांडा 106, स्वार 587 और मिलक में 582 रोगियों को उपचार दिया गया। इस मौके डा. संतोष कुमार ने कहा कि सरकार गरीबों का मुफ्त में इलाज करा रही है। इनके लिए जगह जगह कैंप लगवाकर आयुष्मान कार्ड भी बनवाए जा रहे है। जिसमें पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार कराया जा रहा है।



गोष्ठी में बोलते डा. कुलदीप चौहान। ● अमृत विचार

## स्तन कैंसर की समय रहते करें पहचान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नियमित अंतराल पर स्तन एवं सर्वाइकल की जांच करते रहने एवं ध्यान, योग और एरोबिक व्यायाम से महिलाएं स्वयं को कैंसर से बचाये रख सकती हैं।

आगापुर रोड स्थित सांई विहार में रविवार को कैंसर दिवस पर गोष्ठी हुई। आयुरजीवनम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कैंसर जागरुकता गोष्ठी में डा. कुलदीप चौहान ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा, योनि और वुल्वर कैंसर को रोकने में मदद कर सकती है। सर्वाइकल कैंसर एकमात्र स्त्री रोग संबंधी कैंसर है।

आशा कार्यकत्री गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क पैप परीक्षण, एचपीवी परीक्षण सर्वाइकल कैंसर को रोकने या इसका शीघ्र पता लगाने में मदद कर रही हैं। आयुर्वेद शारीरिक और मानसिक पोषण को जीवनशैली का हिस्सा बनाये रखने की सलाह देता है। गिलोय, अश्वगंधा, हल्दी, गुगुल आदि हर्बल कैंसर रोकने में काफी कारगर है। इस दौरान, किरण, सुमन देवी, कविता, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# रात में भी की जाएगी सफाई : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जिले की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उपलब्ध संसाधनों, सफाई व्यवस्था और कर संग्रह की स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय निकाय क्षेत्रों में प्रातः काल के साथ रात्रिकालीन विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। ताकि आबादी क्षेत्र के साथ घने बाजारों में भी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए जा सके। जनता को बेहतर माहौल मिल सके।

नगर पालिका और नगर पंचायत की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को स्वच्छ माहौल उपलब्ध कराएं। इसके लिए सफाई कर्मियों को निर्धारित रोस्टर के अनुरूप निर्धारित क्षेत्र में सफाई के लिए तैनात करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सफाई सहित विभिन्न प्रयोजनों के लिए जो भी संसाधन मौजूद हैं उनका भरपूर उपयोग किया जाए। इन संसाधनों की देखरेख के लिए भी प्रबंध होने चाहिए, ताकि लंबे समय तक उनकी उपयोगिता संभव हो सके। प्रत्येक नगर पालिका और नगर पंचायत में एक बड़ा और आकर्षक पार्क विकसित किया जाए। जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने।

नगर पालिका और नगर पंचायतों में विभिन्न प्रकार के करों की वसूली की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कर संग्रह के दायरे को बढ़ाया जाए, ताकि राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके। लोगों के लिए सुविधाओं को और अधिक बढ़ाया जा सके।



बैठक के दौरान बोलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ कर संग्रह का बढ़ाएं दायरा ताकि राजस्व में हो सके बढ़ोत्तरी



पोस्टर रिलीज करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# धर्म ध्वज दिवस की तैयारियां जोरों पर, पोस्टर जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भीम) के तत्वावधान में आठ मार्च को आसमानी धर्म ध्वज का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

रविवार को भावाधस भीम के राष्ट्रीय प्रमुख भीम अनार्य ने इस संबंध में जिले के पदाधिकारियों की बैठक ली और पोस्टर जारी किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब डॉ. आंबेडकर पार्क पर माल्यार्पण कर ध्वज यात्रा प्रारंभ होगी। यह वाल्मीकि धाम कोसी रोड पर सम्पन्न होगी और ध्वज दिवस कार्यक्रम शुरू होगा। इस अवसर पर उच्च स्थान प्राप्त दलित महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने जिले के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाने के लिए अभी से तैयारियां करने को कहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, प्रदेश सचिव विजय अनार्य, जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल वाल्मीकि, यूथ विंग अध्यक्ष दिलीप वाल्मीकि, कमल द्रविड़, शंकर बब्लू, रामगोपाल कटारिया, कमल आंबेडकर, राजेंद्र कुमार, विजेंदर पाल, राजपाल भारती, शिवेंद्र भारती, शरद राज आदि शामिल रहे।

## थाने के सामने ई-रिक्शा खड़ी होने से लगता है जाम

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाने के सामने सुबह आठ बजे से ई-रिक्शा खड़े हो जाते हैं। इससे कई बार जाम लग चुका है लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। पिछले दिनों एक बाइक सवार ई-रिक्शा से टकरा जाने के बाद घायल हो गया था। कई बार सवारियां बैठाने को लेकर मारपीट तक हो चुकी है।

ई-रिक्शा का रूट निर्धारित होने के बावजूद सवारियों की तलाश में कभी भी यहां ई-रिक्शा खड़ी कर देते हैं। इसके अलावा जब चाहे जहां चाहे ई-रिक्शा को यू टर्न दे देते हैं। इसके कारण उनके पीछे चलने वाले वाहनों की ई-रिक्शा से भिड़ंत हो जाती है। ई-रिक्शा का शहर में कहीं स्टैंड नहीं है। इसके कारण वह जहां-तहां रिक्शा खड़ी कर देते हैं। इसके कारण जाम की समस्या आ जाती है। पिछले दिनों हुई पालिका बोर्ड की बैठक में भी ई-रिक्शा के लिए स्टैंड बनाने को कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ है।

**उम्मीद** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

# 2047 तक पूरा होने जा रहा विकसित भारत का सपना


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्य कर रही भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बताया।

बाबा दीप सिंह नगर स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में सांसद ने कहा कि 10 वर्ष में हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जिसको आज भारत 75वें अमृत महोसत्व के रूप में मना रहा है। कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना भी पूरा होने जा रहा है। इसमें हमारी सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था का सकारात्मक परिवर्तन है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। जो मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य के अनुरूप, गरीब, युवा, अन्नदाता को शामिल करता है। पूंजीगत व्यय प्रेरित विकास में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च का बजट बढ़ा दिया गया है। इस वृद्धि से आधारभूत संरचना और सामाजिक विकास सहित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। बुनियादी ढांचे के विकास को मोदी सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। इस प्रयास का एक उल्लेखनीय उदाहरण हवाई अड्डों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि है। यात्री ट्रेनों को सुरक्षित बनाते हुए रेलवे प्रणाली में भीड़भाड़ कम करने पर बहुत बल दिया है। सामाजिक न्याय के माध्यम से अमृत काल का बोध है।

### भारत की सफलता की कहानी के शीर्ष पर नारी शक्ति

मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर काफी जोर दिया है। महिलाओं के अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उपायों से मदद मिली है। उदाहरण के लिए पीएम आवास योजना (ग्रामीण), सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य बदल रहे हैं। एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। अन्नदाता के सर्व समावेशी विकास और कल्याण को मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में इसे सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। पंचामृत लक्ष्यों को पूरा करने की ओर अग्रसर करते हुए प्रधानमंत्री ने 2021 में कॉप-26 शिखर सम्मेलन में पंचामृत का लक्ष्य रखा था। पंचामृत के दृष्टिकोण को लागू करते हुए अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा सूर्योदय योजना की शुरूआत की गई। प्रति माह 300 यूनिट निशुल्क बिजली प्राप्ति के लक्ष्य के लिए घरों को छत आधारित सोलर पैनल प्रदान किए जाएंगे। अमृत पीढ़ी के लिए रोजगार सुनिश्चित करना, सबका साथ, सबका विकास के उद्देश्य को साकार करने के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को साबित करता है। इसके अतिरिक्त फंड ऑफ फंड्स, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टार्ट अप क्रेडिट गारंटी योजनाओं ने भी युवाओं की सहायता की है, जो अब रोजगारदाता हैं।



## एक नजर

### तैनाती स्थल पर ही रात्रि निवास करेंगे कार्यालयाध्यक्ष : डीएम

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों के लिए अपने पदीय दायित्वों के बेहतर निर्वहन के दृष्टिगत दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने तैनाती स्थल पर ही रात्रि निवास करेंगे। आठ फरवरी से पूर्व अपने आवासीय पते, मोबाइल नंबर, ईमेल, आईडी आदि के बारे में जानकारी भी लिखित रूप में भेजेंगे। अधिकारी और कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचेंगे। अनिवार्य रूप से प्रात :10 से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनता की शिकायतें सुनेंगे। विभिन्न बैठकों एवं संपूर्ण समाधान दिवस में भी बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित नहीं रहेंगे।

### लकड़ी से भरा ट्रक पलटा

**रामपुर, अमृत विचार :** नैनीताल मार्ग पर शनिवार की रात लकड़ी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके का मुआयना करके चली गई। शनिवार को रात करीब 10 बजे बिलासपुर गेट की तरफ से लकड़ी लदा ट्रक सिविल लाइन की ओर आ रहा था। बाइक की एजेंसी के अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। इस बीच चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।

### चरस के साथ दो पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद पुलिस ने दो लोगों को 470 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पटवाई पुलिस ने पुलिस ने अफसर अली पुत्र होरी निवासी ग्राम दलपुरा को ग्राम महमूदपुर से बिसरी रोड पर पुलिया के पास से 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उधर शाहबाद पुलिस ने समर सुल्तान उर्फ भूरा पुत्र लियाकत अंसारी निवासी मोहल्ला फर्राशान को कस्बा शाहबाद से 235 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

### युवक को पीटा, तहरीर

**रामपुर,अमृत विचार :** जमीन विवाद में कुछ लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली निवासी रोहित का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोगों से जमीन को लेकर उसकी रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। आरोप है कि रविवार दोपहर रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए पीट दिया। इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दे दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल, दो गिरफ्तार

## शहजादनगर पुलिस ने घायल पशु तस्कर को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, एसपी ने की पूछताछ

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शहजादनगर पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया जबकि दूसरे को पुलिस ने पीछा करके पकड़ लिया। घायल पशु तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल पशु तस्कर से पूछताछ की।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के नेतृव में अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते शनिवार की रात शहजादनगर पुलिस गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि दो पशु तस्कर कार में सवार होकर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक कार दबका चौराहे की तरफ से आती दिखाई दी। पुलिस की गाड़ी को देख चालक ने कार को वापस दबका व अंडरपास चमरपुरा को जाने वाले रोड की तरफ मोड़ दिया। यह देख पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने कार का पीछा शुरू कर दिया। इस पर चालक ने कार की गति और बढ़ा दी। उसने कार को चमरपुरा तिराहे की ओर मोड़ दिया। इस दौरान कार का एक पहिया खेत में फंस गया। इसके बाद दो व्यक्ति कार से उतरे और पुलिस पर फायर करते हुए एक चमरपुरा अंडरपास तथा दूसरा दबका रोड की तरफ भागने लगा। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए पशु तस्करों का पीछा जारी रखा। इस दौरान पैर में गोली लगने से एक तस्कर यारूफ उर्फ नन्हा उर्फ भाई जान पुत्र फारूक अहमद निवासी ग्राम जुठिया थाना शहजादनगर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल पहुंचकर घायल पशु तस्कर से पूछताछ की। दूसरे तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद रऊफ उर्फ राजू पुत्र फारुक अहमद निवासी ग्राम जुठिया थाना शहजादनगर बताया है।


मुठभेड़ में घायल हुए यारूफ को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार


जिला अस्पताल में भर्ती घायल तस्कर से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी।

### पुलिस को दोनों के पास से मिले कार और तमंचे

पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों को काफी समय से तलाश किया जा रहा था। रात को गश्त के दौरान मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास एक-एक तमंचा, कारतूस और कार मिली है। दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

> शहजादनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि दो पशु तस्कर आ रहे हैं। घेराबंदी करके उन्हें रोका तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने खुद का बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग कर दी। जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी। जिससे वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों के पास से गोकशी करने के उपकरण भी मिले हैं।
>
> **-राजेश द्विवेदी,** एसपी


जिला अस्पताल में बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार :** हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से टक्कर मारकर बाइक को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।



थाना अजीमनगर क्षेत्र के गांव हरैटा निवासी अजय कुमार का 22 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार रविवार की दोपहर उत्तराखंड के रूद्रपुर से आ रहा था। बताया जाता है कि हाईवे पर आंबेडकर पार्क के पास सामने तेज गति से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को भाखड़ा डैम के निकट निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के समय बस रुद्रपुर की ओर जा रही थी। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है।

# पांच लाख की रंगदारी मांगने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, भूखंड पर निर्माण रुकवाने की दी धमकी

**अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र में भूखंड पर काम करा रहे व्यक्ति से चार लोगों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली थाना के मदरसा कोहना निवासी ओमबाबू का कहना है कि उसने 2002 में समीउल्ला सिद्दकी निवासी मदसरा कोहना जेल रोड से 162 वर्ग मीटर का भू-खंड खरीदा था। समीउल्ला सिद्दकी ने इसे सिमकारा सहकारी आवास समिति से क्रय किया था। ग्राम मद्दयान नादिर बाग तहसील सदर में जिला रामपुर की भूमि है। जिसमें सिमकारा सहकारी आवास समिति ने प्लाटिंग की है। आरोप है कि दिन पूर्व माजिद हुसैन और इमरान उल्ला खां अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आए और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगे। मना करने पर भू-खंड पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार 24 जनवरी की सुबह 10 बजे माजिद व इमरान दो अज्ञात लोगों के साथ अए और गाली-गलौज करते हुए पैसे मांगे। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने माजिद हुसैन, इमरान और दो अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## छेड़छाड़ के विरोध पर पिता-पुत्र को पीटा

**भोट, अमृत विचार :** युवती से छेड़छाड़ व विरोध करने पर पीड़िता व उसके भाई तथा पिता से मारपीट में सात युवक फंस गए हैं।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 31 जनवरी की शाम उसकी पुत्री दरवाजे पर खड़ी थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे गांव निवासी अमित व यतेंद्र उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर आरोपी युवती का हाथ पकड़कर खींचने लगे। शोर मचाने पर युवती के पिता और भाई मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। आरोप है कि थोड़ी ही देर बाद आरोपी गांव निवासी धर्मपाल, हजारी, भजनलाल, महावीर व अमर सिंह के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस गए व मारपीट करने लगे। ग्रामीण की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंग्लैड भेजने के नाम पर आठ लाख ठगे

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- बिलासपुर थाने में दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज
- 28 लाख रुपये में इंग्लैड भेजने के नाम पर हुआ था मामला तय

**अमृत विचार :** युवक को इंग्लैड भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पईपुरा निवासी नितिन कुमार का कहना है कि वह गांव में ही मोबाइल रिपेयर की दुकान चलाता है। नवंबर 2022 में बलराज कौर निवासी चुबकिया थाना शीशगढ़ जिला बरेली हाल निवासी ग्राम सरजा थाना तरसिक्का तहसील बाबा बकाल जिला अमृतसर पंजाब उसकी दुकान पर फोन ठीक कराने आई। इस दौरान वह बोली कि तुम अच्छे मिस्त्री हो, अगर यही काम इंग्लैड में करो तो पांच लाख रुपये महीना कमाओगे। उसने कहा कि वह गरीब होने के कारण इंग्लैंड नहीं जा सकता। तब महिला ने कहा कि उसका भाई जोधवीर सिंह इंग्लैड में रहता है। उसके बाद 13 नवंबर 2022 को बलराज कौर अपने चचेरे भाई गुरमुख सिंह व हरप्रीत कौर निवासी ग्राम सरजा थाना तरसिक्का तहसील बाबा बकाला अमृतसर पंजाब को साथ लेकर दुकान पर आए। इन्होंने जोधवीर सिंह से बात कराई। पीड़ित उनकी बातों में आ गया। 28 लाख रुपये में उसे इंग्लैंड भेजने की बात तय हो गई। पीड़ित ने आठ लाख रुपये भी दे दिए। इसके बाद पासपोर्ट बनवाना तय हो गया। काफी समय बाद भी जब पासपोर्ट नहीं आया तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 12 अगस्त 2023 को बलराज कौर ने फोन करके कहा कि मैं आ रही हूं। उसके बाद पैसे दे देगें। इसके बाद आरोपी ने आठ रुपये का चेक थमा दिया। पीड़ित ने चेक बैंक में लगाया तो पता चला कि चेक में पड़ा कोड गलत है। तब उसे विश्वास हो गया कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है। उसके बाद उसने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर बलराज कौर, गुरमुख सिंह, हरप्रीत कौर आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मेरा पति ऑस्ट्रेलिया में कर रहा नौकरी

बलराज कौर ने नितिन कुमार को बताया कि उसका पति जसविंदर सिंह आस्ट्रेलिया में नौकरी कर रहा है। इसे सुनकर पीड़ित को उसकी बातों पर विश्वास हो गया। इसके बाद नितिन ने जितना भी पैसा कमाया सब उसको दे दिया। जानकारी मिलने के बाद उसके होश उड़ गए थे।

## बंदरों के डर से सीढ़ियों से गिरकर महिला घायल

**बिलासपुर,अमृत विचार :** छत पर खेल रहे बच्चों को बंदरों से बचाने गई महिला पर बंदरों ने हमला कर दिया। भागते समय वह सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

तहसील क्षेत्र के गांव कोठा जागीर निवासी कमला देवी ने बताया कि रविवार की सुबह बच्चे मकान की छत पर खेल रहे थे। अचानक छत पर बंदरों के आने की वजह से बच्चे चिल्लाने लगे। इसी बीच वह बच्चों को बचाने के लिए छत पर गई। वहां उस पर बंदरों ने हमला कर दिया। डर के मारे महिला नीचे की तरफ भागी। हड़बड़ी में वह सीढ़ियों से फिसल गई। सिर के बल नीचे गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# ग्रामीण को गोली मारकर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई**


**अमृत विचार :** रंजिश के चलते ग्रामीण को गोली मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले के तीन आरोपियों को पुलिस तलाश रही है।


तमंचे के साथ पकड़ा गया आरोपी।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मथुरापुर कला निवासी पवन कुमार का कहना है कि वह अपने परिवार के साथ दो फरवरी को घर में था। करीब नौ बजे गांव का ही सोनू अपने साथियों के साथ घर में घुस गया। परिजनों के साथ गाली-गलौच करते हुए आरोपियों ने मारपीट की थी। परिजनों के विरोध करने पर सोनू ने तमंचे से गोली चला दी थी। गोली लगने से उसके ताऊ रमेश घायल हो गए थे। मारपीट में जयलाल और भी आरती घायल हुई थी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोनू, बब्लू, राजेंद्र और मुकेश के खिलाफ जानलेवा हमला सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रविवार को पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी सोनू को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** सिरौली से लौट रहे ग्रामीणों की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।



सूचना पर पहुंची पुलिस शव और दोनों घायलों को सीएचसी ले गई। यहां से घायलों को रामपुर रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जगेसर निवासी सुधीर, नेकपाल और संतराम (45) किसी काम से बरेली जनपद के सिरौली गए थे। रात के समय तीनों गांव लौट रहे थे। सुहावा और टांडा गांव के बीच ईंट भट्ठे के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संतराम की मौके पर मौत हो गई। जबकि सुधीर और नेकपाल जख्मी हो गए।

# मामूली बात पर प्रधान और उसके परिवार को लाठी-डंडों से पीटा

**संवाददाता, पटवाई**

- तहरीर के आधार पर पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू
- पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नानकार की घटना

**अमृत विचार :** मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने प्रधान के घर में घुसकर उसे व उसके परिजनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव नानकार निवासी यादराम लोधी मौजूदा समय में ग्राम प्रधान है। 27 जनवरी की समय करीब साढ़े सात बजे गांव का ही हिम्मत सिंह शराब पीकर हाथ में धारदार पाटल लेकर पीड़ित व उसके परिवार के लोगों को गांव में स्थित हनुमान मूर्ति के पास गालियां देने लगा। इसके बाद आरोपी अपने घर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद ही वह अपने साथियों के साथ वापस आ गया। सभी आरोपी लाठी-डंडे लेकर ग्राम प्रधान के घर में घुस गए। आरोपी एक बआर फिर पीड़ित और उसके भाई के साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रधान व उसके परिवार के लोगों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पीड़ित के अनुसार उन्हें आता देख आरोपी जान से मारने धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हिम्मत, पृथ्वीपाल सिंह, गौरव सिंह, रियासत और राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चोरियों का खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता, शाहबाद**

- गांव भगवतीपुर में हुई पंचायत में किसान नेताओं ने लिया निर्णय
- ढकिया चौकी क्षेत्र में लगातार हो रहीं चोरियां, किसानों में रोष

**अमृत विचार :** ढकिया चौकी पुलिस के खिलाफ भाकियू भानु से जुड़े किसान आंदोलन करेंगे। उन्होंने सीओ कार्यालय पर धरने की चेतावनी दी है। किसानों का आरोप है कि पुलिस चोरियों का खुलासा नहीं कर रही है।

किसान नेताओं ने रविवार को भगवतीपुर में हुई पंचायत में कहा कि ढकिया चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। चोरी की घटनाओं के खुलासे नहीं हुए तो 12 फरवरी से सीओ कार्यालय पर बेमियादी धरना देंगे।

रविवार को उन्होंने इस संबंध में जिला उपाध्यक्ष के गांव भगवतीपुर में पंचायत की। संतोष शर्मा के आवास पर जिला उपाध्यक्ष आकिल खां के नेतृत्व में आयोजित पंचायत में कहा गया कि ढकिया चौकी क्षेत्र में चोरों का आतंक है। लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर रही है। अब तक गदमद पट्टी, अनवा, पस्तौर आदि गांवों में चोरियां हुईं हैं। लेकिन पुलिस इनका खुलासा नहीं कर सकी है। इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। किसानों ने कहा कि सोमवार को एसडीएम के जरिए डीजीपी को ज्ञापन भेजेंगे। पंचायत में इंद्रपाल सिंह, छोटू, निजामुद्दीन, श्याम सिंह,अमर सिंह, नीरज कुमार, असलम मलिक, शौकत मलिक आदि मौजूद रहे।


भगवतीपुर गांव में पंचायत करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**आक्रोश** 24-24 घंटे रहकर बालिकाओं को कराते हैं शिक्षा ग्रहण

# आज जंतर-मंतर पर गरजेंगे केजीबीवी के शिक्षक व कर्मचारी

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा विनियमितीकरण नहीं करने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव से आक्रोशित शिक्षक व कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को दिल्ली कूच कर गए। सोमवार को दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर सरकार के समक्ष अपनी मांग रखेंगे।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में लगभग 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय 15 वर्ष से संचालित हैं। इनमें अध्यापक एवं कर्मचारी 24 घंटे रहकर बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण कराते हैं। सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मानदेय के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। उन्हें स्थायी नहीं किया जा रहा है। इन्हीं सभी मांगों को लेकर सोमवार एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन जंतर-मंतर पर किया जाएगा। इसमें पूरे प्रदेश से शिक्षक व कर्मचारी शामिल होंगे। इसके बाद संबंधित को ज्ञापन सौंपेंगे।

ज्ञापन में केजीबीवी में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा, समान कार्य के बदले समान वेतन, नवीनीकरण की प्रक्रिया की समाप्ति, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के संचालन को कमेटी का गठन, शिक्षक व कर्मचारियों को अन्य कर्मचारियों की भांति अन्य सुविधाएं जैसे सवैतनिक चिकित्सीय अवकाश, प्रतिकर अवकाश, स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा देने, कर्मचारियों का अर्न्तजनपदीय स्थानांतरण आदि मांग की जाएगी। शासन की नीतियों के अनुसार कुछ कर्मचारी सेवा से हटा दिए गए थे। इसे उच्च न्यायालय ने शासन की नीतियों को विरुद्ध करार दिया है। ऐसे कर्मचारियों की सवेतन पुनः सेवा में वापस लेने की मांग भी शामिल है।


धरने के लिए रवाना होते कर्मचारी। ● अमृत विचार



> केजीबीवी में अध्यनरत 100 बालिकाओं की जिम्मेदारी 24 घंटे निभानी पड़ती है। सरकार को योग्यता के अनुसार स्थायीकरण के साथ समान वेतन देना चाहिए।
>
> **- सीमा सिंह, वार्डन**



> केजीबीवी में अध्ययनरत छात्राओं को अपने परिवार की तरह भोजन पकाकर खिलाते हैं। इतनी कड़ी मेहनत पर भी वेतन नहीं मिलता। कई बार अधिकारियों को बताया मगर कुछ नहीं हुआ।
>
> **- पूरनलाल, रसोइया**



> कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सेवा करते हुए 11 साल बीत चुके हैं। 24 घंटे की ड्यूटी करने के बाद भी पांच हजार रुपये मासिक वेतन में परिवार का जीवन यापन नहीं कर पा रहे हैं।
>
> **- मोहम्मद नासिर, चपरासी**



> प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित है। इनमें कार्यरत कर्मचारी कड़ी मेहनत करते हैं, परंतु सरकार ने उनके साथ सौतेला व्यवहार किया है।
>
> **- रितु गुप्ता, प्रदेशाध्यक्ष, केजीबीवी एसो.**

## जौहर यूनिवर्सिटी के पास तेंदुआ दिखने से दहशत

**सैदनगर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के पास तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। तेंदुआ कुत्ते को शिकार बनाकर खा रहा था। इस दौरान लोगों की उस पर नजर पड़ी। देखते ही देखते आसपास के तमाम लोग मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को देख तेंदुआ जंगल में चला गया।

जौहर यूनिवर्सिटी एवं स्टेडियम के आसपास काफी दिनों से तेंदुआ देखा जा रहा है। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए लेकिन अभी तक तेंदुआ नहीं पकड़ा गया है। रविवार शाम तेंदुआ दिखने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने छानबीन शुरू कर दी है। तेंदुए द्वारा शिकार बनाए गए कुत्ते के अवशेष भी वन विभाग की टीम को मिले हैं।

# बच्चों के विवाद में घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटा

**संवाददाता, पटवाई**

- मिलक थाने में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू
- लोगों को आता देख जान से मारने की देते हुए आरोपी फरार

**अमृत विचार :** वालीबॉल खेलने के दौरान बच्चों में हुए विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर दंपती को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव परम निवासी मुन्ना लाल कहना है कि 23 जनवरी को गांव के ही मोहित गंगवार उनके बेटे को वालीबॉल खिलाने के लिए ले गए थे। खेल-खेल में बच्चों में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद मुन्ना लाल का बेटा वहां से चला गया।

आरोप है कि थोड़ी देर बाद ज्ञान सिंह गंगवार, हरपाल, रवि, मोहित, पुष्पेंद्र गालियां देते हुए मुन्नालाल के घर में घुस गए। सभी के हाथ में धारदार हथियार, तबल व लाठियां थीं। आरोपियों ने घर में घुसते ही बिना कुछ कहे मुन्नालाल के सिर पर फरसे से वार कर दिया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख सुनकर पहुंची पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया। इस आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया।

शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ज्ञान सिंह गंगवार, हरपाल, रवि, मोहित, पुष्पेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### कोतवाली पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर वांरटी को पकड़ लिया। वारंटी लीलाधर पुत्र बुद्धा निवासी अलीगंज बेनजीर थाना कोतवाली को उसके मकान से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर दी है।

### कोसी में कीटनाशक डाला, मछलियां मरीं

**सैदनगर, अमृत विचार :** कोसी नदी में कीटनाशक से हजारों मछलियां मर गईं। ग्रामीणों ने नदी किनारे मछलियों को तैरता देखा तो होश उड़ गए। आसपास से आए तमाम ग्रामीण पूरे दिन मछलियां पकड़ते रहे। घटना थाना टांडा क्षेत्र के लालपुर कोसी पुल की है। शनिवार की रात किसी समय किसी शरारती तत्व में कोसी नदी में कीटनाशक डाल दिया। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने नदी किनारे मछलियों को पड़ा में देखा तो होश उड़ गए। तमाम ग्रामीण मछलियां पकड़ने के लिए नदी में घुस गए। कीटनाशक कोसी में किसने डाला इसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे संभल के चार आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। टांडा पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम में वांछित फुरकान पुत्र कासिम अली निवासी मोहल्ला चौधरयान कस्बा सिरसी थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल, मतलूब पुत्र नसीर खां, नाजिम पुत्र फारूख निवासी मोहल्ला सादक सराय, फिरोज पुत्र यूनुस निवासी मोहल्ला सादक सराय सम्भल को गिरफ्तार किया है।

### अदालत के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**पटवाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गोसमपुर में दो माह पहले चंद्रपाल और उसके दो बेटों प्रमोद तथा विनोद गांव निवासी मित्रपाल पुत्र काशीराम के घर के सामने गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के घरवालों को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित ने मामले के तहरीर पुलिस को दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शनिवार को एनसीआर दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला नवंबर 2023 का है। कोर्ट के आदेश पर एनसीआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# यथार्थ में रहकर लक्ष्य निर्धारित करें विद्यार्थी

## अलंकरण समारोह में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, गीत से दिया प्रेरणादायक संदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सेंट पॉल सीनियर सेकेंड्री स्कूल में रविवार को हुए अलंकरण समारोह में सांस्कृति कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव तैयार करने का स्वर्णिम काल है। परिवार समाज और देश के प्रति अपने दायित्वों को चुनने का समय है। यह विद्यार्थी पर निर्भर करता है कि वह खुद को एवं अभिभावकों को भविष्य में किस तरह देखना चाहता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह जीवन के इस स्वर्णिम काल में कल्पना के जीवन से बाहर आकर यथार्थ में रहकर लक्ष्य निर्धारित करें।

मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद प्रार्थना गीत तमसो मां ज्योतिर्गमय के माध्यम से किया गया। शिक्षिका अर्पिता श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण के माध्यम से आगंतुकों का स्वागत किया। इसके बाद 2023 में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 को उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को अलंकृत किया गया। छात्र-छात्राओं ने बंदया रे बंदया गीत के माध्यम से प्रेरणादायक संदेश दिया। हाउस कैप्टेन प्रगति सागर ने मेधा सम्मान का महत्व बताया। सपनों की उड़ान गीत के माध्यम से एक छात्र के जीवन का प्रतिदर्श प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। कार्यक्रम की भूमिका और उद्देश्यों को विस्तार से समझाया। इसके बाद कक्षा 10 के मेधावियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर और जनपद की वरिष्ठता सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले ध्रुव सक्सेना, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली हिफसा आसिम और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका सक्सेना को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। छात्र शुभम रस्तोगी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वातावरण का बचाव पर अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गौरी गुप्ता, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अग्रिम गुप्ता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले गौरव मौर्य को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार



सेंटपॉल्स स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासक अनुज दयाल, प्रधानाचार्य मनोज पाठक, उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह, जूनियर विंग की प्रधानाचार्य कमिला दयाल, गर्ल्स विंग की हेड मिस्ट्रेस मखमूर अख्तर, शेहला जरताज, मयंक अग्रवाल, अकमल अली खान, परमिंदर सिंह, संजय भारद्वाज आदि शामिल रहे।

### वाणिज्य वर्ग में अंजलि रस्तोगी को मिला पहला पुरस्कार

वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान पर रही अंजलि रस्तोगी, द्वितीय स्थान पर रही जसमीत कौर और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली फायजा नूर को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रशासक अनुज दयाल ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग से ही किसी शिक्षार्थी के स्वर्णिम भविष्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। आभार अभिव्यक्ति शिक्षिका अंजू अग्रवाल ने की।



संत निरंकारी कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# सतगुरु माता सुदीक्षा की कृपा से होती है ईश्वर की प्राप्ति : बलदेव

संवाददाता, मसवासी

▸▸ सीतारामपुर में हुआ संत निरंकारी मिशन कार्यक्रम

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सीतारामपुर में संत निरंकारी मिशन का क्षेत्रीय समागम हुआ। इसमें बाजपुर निरंकारी ब्रांच के ब्रह्मज्ञान प्रचारक बलदेव सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा की कृपा से ईश्वर की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन मिलने का प्रथम उद्देश्य है कि वह जीते जी अपने बनाने वाले ईश्वर की प्राप्ति कर ले। ईश्वर की प्राप्ति सतगुरुमाता सुदीक्षा की कृपा से की जा सकती है। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन पूरे संसार को सत्य का संदेश दे रहा है। हम सभी को प्रेम, शान्ति और भाईचारे के साथ मिलकर रहना सिखा रहे हैं। ताकि संसार में अमन व शान्ति बनी रहे। यही पुरातन पीर-पैगम्बरों का संदेश रहा है।



सत्संग में प्रवचन देते राधेश्याम। ● अमृत विचार

# सदैव परमात्मा को आधार बनाते हैं भक्त : राधेश्याम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि राधेश्याम ने प्रवचन देते हुए कहा कि समस्त संसार एक परमपिता की सन्तान है। भक्त दुनियावी सहारो को नहीं वरन ईश्वर को अपना आधार बनाते हैं।

बरेली रोड स्थित निरंकारी भवन में रविवार को सत्संग हुआ। इसमें संत निरंकारी मिशन के मुखी राधेश्याम ने एक नूर से सब जग उपजा भाव को समझाते हुये समस्त संसार को एक मानव परिवार बताया। उन्होंने निन्दा, नफरत के भावों को छोड़कर सभी से प्रेम व भाईचारे की भावना को अपनाने का आह्वान किया। सत्संग में शिरोहित सक्सेना, सुशील जौहरी, प्रमोद निरंकारी, ओमप्रकाश आदि ने भी मानवता विषय पर विचार प्रकट किए। सत्संग का संचालन विक्की ने किया। कार्यक्रम के अन्तिम सत्र में शोभित किशोर सक्सेना ने सभी का आभार जताया।

### दो माह बाद भी नहीं हुआ चोरी का खुलासा

**मिलक, अमृत विचार :** नगर के बंद मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना में पुलिस को दो माह बाद भी कोई सफलता नहीं मिली है। पीड़ित लगातार पुलिस से चोरों को पकड़ने की मांग कर रहा है।

आठ दिसंबर को मुहल्ला पटेल नगर निवासी सुशील उर्फ संतोष गंगवार परिवार सहित मकान के ताले बंद कर मौसेरे भाई की दुल्हन को बुलाने बरेली जिले की बीसलपुर तहसील क्षेत्र के मानपुर गांव गए थे। रात अधिक होने के कारण मौसेरे भाई के गांव गहलुइया में ही रुक गए। सुबह दस बजे जब वह मिलक पहुंचे तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो चैनल का ताला भी टूटा मिला। कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी तथा समान चारों तरफ बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 2,78,000 रुपये व 16 तोले सोने के आभूषण भी गायब थे।

# पार्क की भूमि में स्कूल बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता, भोट

▸▸ गांव में ही दूसरे जगह खाली पड़ी जमीन में विद्यालय बनाने की मांग कर रहे ग्रामीण

**अमृत विचार :** गांव में वर्षों पुराने आंबेडकर पार्क की जमीन में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराने पर ग्रामीणों ने रविवार की सुबह विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम समाज की काफी जमीन खाली पड़ी होने के बावजूद पार्क में प्राथमिक विद्यालय बनाया जाना गलत है। इससे गांव के बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होगी।

भोट थाना क्षेत्र के गांव अशोकपुर में कई वर्ष पूर्व आंबेडकर पार्क बनाया गया था। पार्क में संविधान निर्माता आंबेडकर की प्रतिमा भी लगाई गई थी। गांव में शिक्षा विभाग द्वारा पार्क के पास ही स्थित खाली पड़ी भूमि का प्राथमिक विद्यालय भवन के लिए चयन किय गया है। पार्क की भूमि में विद्यालय भवन बनाने की सूचना पर दो दिन पहले ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर गांव में ही दूसरे स्थान पर ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन में प्राथमिक विद्यालय का भवन बनाने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि पार्क की भूमि पर सुबह-शाम बच्चे खेलते हैं। वृद्वजन योगा करते हैं। गरीब लोगों द्वारा विवाह समारोह भी किए जाते हैं। गांव में ग्राम सभा की काफी जमीन खाली पड़ी है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग पार्क के पास ही प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण कर रहा है। उपजिलाधिकारी ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया था। रविवार सुबह एक बार फिर ग्रामीण आंबेडकर पार्क में एकत्र हो गए और विरोध-प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को समझाया और किसी तरह मामला शांत कराया। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निधि सक्सेना ने बताया कि पूर्व में चयनित भूमि में एक फरवरी को विद्यालय निर्माण के लिए नींव की खोदाई शुरू की गई थी। ग्रामीणों के विरोध के बाद इसे रोक दिया गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में रामकुंवर, पवन, रामकिशन, काली चरन, पान सिंह, भूरे लाल, ज्ञानवती, दुर्वेश, मौसमी गौतम, नारायन सिंह, रतनपाल सिंह, राम कुंवर, पवन आदि मौजूद रहे।



अशोकपुर गांव में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



वाल्मीकि धर्म समाज के चयनित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# हनी कठेरिया अध्यक्ष और शिवम भारती बने उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वाल्मीकि धर्म समाज की जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष हनी कठेरिया, उपाध्यक्ष शिवम भारती और संरक्षक रामनाथ राजौड़िया को बनाया गया है।

तोपखाना स्थित वाल्मीकि बस्ती में रविवार की दोपहर वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक हुई। संगठन के धर्म गुरु सचिन रावण के आदेशानुसार जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक रामनाथ राजौड़िया, जिलाध्यक्ष हनी कठेरिया, उपाध्यक्ष शिवम भारती, सचिव आकाश सिंह, महामंत्री दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी आकाश कुमार, प्रचार मंत्री रोहित कुमार, उपप्रचार मंत्री रवि कुमार, संगठन मंत्री अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, बिलासपुर विधानसभा का अध्यक्ष संजय चौहान को चुना गया। जिलाध्यक्ष ने संगठन के हित में काम करने की अपील की।

### दुकान और घर में चोरी करने वाले पकड़ से दूर

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के खुशहालपुर गांव में 25 दिसंबर की रात बदमाशों ने अशोक दिवाकर की परचून की दुकान के ताले तोड़कर 18,000 रुपये और दो हजार रुपए की कीमत का सामान चोरी कर लिया था। सुबह अशोक को दुकान के ताले टूटे मिले। उसने दुकान के अंदर जाकर देखा तो गल्ले की दराज गायब थी। कुछ समय बाद खेत पर काम करने गए लोगों ने खेत में अशोक की दुकान के गल्ले की दराज पड़ी देखी थी।

इसी रात चोर खुशहालपुर गांव के ही दयाराम के घर से नगदी व जेवर चुराकर फरार हो गए थे। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली थी। लेकिन चोर अभी तक पकड़ से दूर हैं।



दीप प्रज्वलित करते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

# दूर की गई विज्ञान से संबंधित शंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई की ओर से सेंट एंथोनी स्कूल में दो दिवसीय दक्षता निर्माण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्रधानाचार्य ललित शर्मा और उप प्रधानाचार्य शबीना जकी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यशाला में जिले के साथ अन्य शहरों के शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उदेश्य शिक्षकों में विज्ञान कौशल विकास का निर्माण करना था। जिसका लाभ छात्रों को मिलेगा।

कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों के प्रश्ननों का जवाब दिया गया। विज्ञान से संबधित शंकाओं को भी दूर किया गया। सीबीएसई की तरफ से अभिनव चौधरी ने रुचिमय तरीके से विज्ञान पढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में प्रधानाचार्य ने वर्कशॉप में आये शिक्षकों का आभार जताया।

# उर्स में उमड़ा जायरीनों का सैलाब

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** रविवार को हजरत शीदी बाबा की दरगाह पर 195वां सलाना उर्स व मेले का शुभारंभ हुआ। पहले दिन दरगाह पर जायरीनों का सैलाब उमड़ा। पहले कुल में शामिल होकर मुल्क व कौम की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई।

रविवार तड़के फज्र की नमाज के बाद दरगाह परिसर में कुरआन ख्वानी हुई। इसके बाद 195वें सलाना उर्स की शुरूआत की गई। दरगाह पर तड़के से ही दूर-दराज से पहुंचने वाले जायरीनों का तांता लगना शुरू हो गया था। सवेरे करीब नौ बजे उलेमा ने पहले कुल के दौरान नातिया कलाम और हजरत की विलादत पर तकरीर के माध्यम से रोशनी डाली। आखीर में मुल्क, कौम की खुशहाली और तरक्की के लिए दोनों हाथ उठाकर दुआएं मांगी गईं। इस मौके पर भारी संख्या में मौजूद जायरीनों ने एक सुर में आमीन कहा। कुल शरीफ के बाद जायरीनों में शीरनी तक्सीम की गई। वहीं उर्स शरीफ के दरगाह परिसर को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। दरगाह पर मिले सज्जादानशीं सैयद सज्जन मियां, भूरा मियां, अफसर मियां ने बताया कि हजरत के सलाना उर्स को लेकर कई दिन से चली आ रही तैयारियां एक दिन पहले ही पूर्ण कर ली गई थीं। बताया कि दरगाह पर बाहर से आने वाले जायरीन के लिए खास बंदोबस्त किए जाते हैं। यह उर्स सात जबकि मेला चौदह फरवरी तक जारी रहेगा। इस दौरान चादरपोशी, लंगर, कव्वाली व जलसा आदि के कार्यक्रम होंगे।



हजरत के सलाना उर्स में मौजूद जायरीन। ● अमृत विचार

▸▸ मुल्क और कौम की खुशहाली व तरक्की के लिए मांगी दुआ

▸▸ हजरत शीदी बाबा की दरगाह पर 195वां उर्स शुरू

# भक्त भगवान को देता है सफलता का श्रेय : पाठक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री राम सत्संग मंडल के तत्वावधान में हो रही सप्त दिवसीय रामकथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि साधारण व्यक्ति को जीवन में सफलता मिलने पर अभिमान इसलिए हो जाता है क्योंकि वह मानता है कि यह सफलता अथवा उपलब्धि मेरी योग्यता और विशेषता का परिणाम है। जबकि भगवान के भक्त के जीवन में जब सफलता के क्षण आते हैं तो वह समझता है कि मेरी योग्यता और विशेषता ही क्या है यह सब तो मेरे प्रभु की कृपा का परिणाम है। वह अपनी सफलता का श्रेय भगवान को देता है। इसलिए उसे कभी अभिमान नहीं होता है।

शहर के व्यस्तम बाजार मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रविवार की सुबह कथा व्यास ने कहा कि रामायण में हनुमान जी भी ऐसे ही भक्त हैं। प्रभु राम और भगवती सीता को मिलाने में हनुमान जी को जो गौरव प्राप्त हुआ वह अन्य किसी पात्र को प्राप्त नहीं हुआ। लेकिन, इतनी बड़ी सफलता पाने के बाद भी हनुमान जी को कभी अभिमान नहीं हुआ। जब माता सीता से मिलकर लौटने पर श्री राम ने उनसे पूछा कि इतना बड़ा समुद्र तुमने कैसे पार कर लिया।

रावण के जीते जी तुमने लंका को कैसे जला दिया। तब हनुमान जी ने कहा कि प्रभु आप एक वानर की सामर्थ जानते हैं। वह तो केवल एक डाली से दूसरी डाली पर कूद सकता है। यह सारा कार्य तो आपकी कृपा का परिणाम है। प्रभु राम हनुमान जी के इस भाव को सुनकर रीझ जाते हैं। वह उनसे कुछ मांगने को कहते हैं। तब हनुमान जी प्रभु राम की भक्ति के अतिरिक्त कुछ नहीं मांगते। ऐसे निराभिमानी और निष्काम भक्त हैं हनुमान जी। हनुमान जी सेवा धर्म के आदर्श हैं। वह लोग जो अपने जीवन में सेवा धर्म का पालन करना चाहते हैं उनके लिए हनुमान जी से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता।

श्री राम कथा में सुधीर बंसल, सुनील अग्रवाल, शोभित बंसल, डॉ. अजय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, शोभा अग्रवाल आदि शामिल रहे।



अग्रवाल धर्मशाला में श्रीराम कथा सुनाते कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक। ● अमृत विचार

**दिक्कत** शेड्यूल के हिसाब से बिजली दिलाए जाने की उठाई मांग, बिजली विभाग के उच्चाधिकारी बने हुए हैं लापरवाह

# मामूली बारिश और हवा से बाधित हुई नगर की बिजली

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** मामूली बारिश व तेज हवा से बिजली गुल हो जाना रोज की बात हो गई है। इसके कारण क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बिजली आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। क्षेत्रवासियों ने शेड्यूल के हिसाब से आपूर्ति की मांग की है।

कभी ब्रेकडाउन तो कभी फाल्ट से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली न मिलने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मामूली हवा ओर बारिश में भी बिजली का शेड्यूल धड़ाम हो गया है। इसके अलावा रात में भी बिजली गायब हो जाती है। दिन में बिजली न मिलने का सिलसिला कई माह से चला आ रहा है। नगर समेत नरपतनगर दूंदावाला, गांव नानकार रानी, चुन्नावाला, पुष्वाड़ा, समोदिया, मीरपुर मीरगंज, मिलकताज खां, गोविंदपुरा, आर्सल पार्सल, मिलकखानम, हमीरपुर आदि दर्जनों गांवों में हो रही अंधाधुंध कटौती से क्षेत्रवासी परेशान हैं। नगर को 20 और ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली आपूर्ति देने के लिए सरकार ने निर्देश दिए थे। लेकिन बिजली निगम के उच्चाधिकारियों की लापरवाही के चलते विभाग के प्रति क्षेत्रवासियों में रोष है।

उन्होंने जिलाधिकारी से बिजली विभाग के अधिकारियों को आदेशित कर शेड्यूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति दिलाये जाने की मांग की है।



स्वार का बिजली घर। ● अमृत विचार



"मामूली बारिश व हवा से बिजली गुल हो जाना आम बात हो गई है। लगातार मांग के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी है। अधिकारी समस्या के प्रति गंभीर न होकर लापरवाह बने हैं। - मोहम्मद आसिफ अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता



"क्षेत्रवासियों द्वारा शेड्यूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति दिलाये जाने की मांग जा रही है। लेकिन कर्मचारियों द्वारा लोकल फाल्ट व ब्रेक डाउन का बहाना बनाकर टरका दिया जाता है। - गुड्डू अली, व्यापारी



"बिजली आने-जाने का कोई समय नहीं है। जर्जर झुलते तार लगातार हादसों को दावत दे रहे हैं। विभागीय अधिकारी क्षेत्रवासियों की समस्या से अनजान बने हुए हैं। - करमजीत सिंह मिंटू, व्यापारी



"बिजली आने व जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। सुबह को रोजाना बिजली गायब रहने का सिलसिला कई माह से लगातार चला आ रहा है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। - अजेंद्र राठौर, व्यापारी

## एक नजर

### 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस ने दो लोगों को 30 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। केमरी पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ दलजीत सिंह निवासी ग्राम मुकरमपुर थाना बिलासपुर को ग्राम जिवाई से पहले पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जबकि पटवाई पुलिस ने 10 लीटर शराब के हसन पुत्र तुल्लन निवासी ग्राम दलपुरा थाना पटवाई को ग्राम मिलक बीबी के पास से एक प्लास्टिक की जरीकेन में 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### वाहन चलकों को हेलमेट बांटे

**रामपुर,अमृत विचार :** सामाजिक कार्यर्ता एवं पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह ने बिलासपुर गेट चौराहे पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाए। यातयात के नियमों का पालन करें। हेलमेट आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए अति आवश्यक है। इस मौके पर रहमान अली, राजू सिकंदर,अंकुश अग्रवाल, फैसल हसन, शहरोज अली, दिव्यांश सिंहल, मोहसिन खां, कमाल पाशा मौजूद रहे।

# गेहूं और गन्ने की फसल पर संजीवनी बनकर बरसी वर्षा

## बारिश से बदला मौसम का मिजाज, दोपहर बाद आसमान में छाए बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम ने एक फिर करवट बदली है। शनिवार की शाम आसमान में बादल छा गए। इसके बाद रात को काफी तेज बारिश हुई थी। रविवार सुबह नौ बजे तक रुक-रुक कर बारिश हुई। इसके बाद कभी धूप तो कभी बादल छाए रहे। जगह-जगह बारिश का पानी भर जाने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। यह बारिश गेहूं और गन्ने की फसल के लिए संजीवनी बताई जा रही है।

पिछले कई दिन से मौसम लगातार बदल रहा है। कभी धूप तो कभी बारिश हो रही है। बुधवार और गुरुवार को बारिश होने के बाद दो दिन से लगातार धूप निकल रही थी। इससे मौसम काफी अच्छा हो गया था। शनिवार को धूप निकलने के बाद शाम से बादल छा गए थे। रात को बारिश शुरू हो गई। रविवार सुबह नौ बजे तक खूब बारिश हुई। इसके बाद आसमान साफ हो जाने के कारण धूप निकल आई, लेकिन कुछ देर बाद फिर आसमान में बादल छा गया। इस तरह पूरे दिन धूप-छांव का खेल चलता रहा। लोग घरों में कैद रहे। हालांकि लगातार चल रही सर्द हवा रुकने से सर्दी कुछ कम हो गई है।

### रोडवेज वर्कशाप समेत कई जगह भरा पानी

रुक-रुक कर हो रही बारिश से रोडवेज वर्कशाप और आसपास कई स्थानों पर पानी भर जाने के कारण लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ा। इससे पूर्व दो दिन हुई बारिश से भी जगह-जगह जल भराव हो गया था। शनिवार रात को हुई बारिश से भी कई स्थानों पर पानी भर गया। रोडवेज वर्कशाप में पानी भर जाने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## भारत बंद के दिन खेतों में काम न करने की अपील

**स्वार, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के 16 फरवरी को भारत बंद के दौरान किसान खेतों में भी कामकाज नहीं करेंगे। भाकियू के पदाधिकारियों ने गांवों का भ्रमण कर किसानों और मजदूरों से संपर्क कर भारत बंद को सफल बनाने की अपील की।

रविवार को जिला सलाहकार सलामत जान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किसानों और मजदूरों से अपील की कि वह भारत बंद को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमर कस लें। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के आह्वान पर 16 फरवरी को भारत बंद का कार्यक्रम है। इसमें किसानों और मजदूरों को समन्वय बनाकर सफलता हासिल करनी है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। इन सब मामलों को लेकर बंद को ऐतिहासिक बनाना है। भाकियू की टीम ने 16 फरवरी को भारत बंद सफल बनाने के लिए मजदूरी व खेतों में भी काम न करने की अपील की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह, तहसील अध्यक्ष अमीर अहमद, जसवीर सिंह, लखविंदर सिंह गिल, सुंदर सिंह, मुनव्वर अली आदि मौजूद रहे।

# बारिश से लहसुन-मिर्च की फसल पर संकट

संवाददाता, मसवासी


रविवार की सुबह राहे रजा पर बारिश से बचने को छाता लगाकर जाता बाइक सवार।


खेत में लहलहाती गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज बदलने से किसानों के चेहरे की रंगत उड़ गई है। लहसुन और मिर्च की फसल के लिए बारिश खतरनाक साबित हो रही है। जबकि गेहूं व गन्ने की फसलों के लिए बारिश फायदेमंद बताई जा रही है।

शनिवार देर रात से मौसम का मिजाज बिगड़ गया। तेज हवा के बीच बारिश होने से गेहूं की फसल के गिरने की आशंका बढ़ गई। इससे किसानों के चेहरे की रंगत उड़ गई। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल में बालियां निकल रही हैं। ऐसे में तेज हवा और बारिश से फूल झड़ जाएगा और गेहूं की पैदावार कम होगी। लहसुन और मिर्च की फसल के लिए बारिश नुकसानदायक साबित हो रही है। पहले से ही कोहरे की मार झेल रही मिर्च और लहसुन की फसल बारिश से पीली पड़ रही है। किसानों का कहना है कि कोहरे में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। अब बारिश की मार फसलों के लिए घातक साबित हो रही है। एक सप्ताह से लगातार मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। मिर्च की फसल तबाही के कगार पर पहुंच गई है। बारिश से गांव के गलियारों में कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम के बिगड़े हालात से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। बार-बार हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन से बिजली के आने-जाने का क्रम बना रहा।

# नशे और बुरी आदतों से दूर रहें समाज के युवा : कमल

संवाददाता, भोट

- ग्राम बांस नगली में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार ने कहा कि बिखरे समाज को जोड़ने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। आपसी मतभेद और गुटबाजी को भुलाकर भाईचारा बढ़ाना होगा। कहा कि समाज के युवा नशे और बुरी आदतों से दूर रहें। बुराई व्यक्ति को पतन की ओर ले जाती है।

थाना क्षेत्र के गांव बांस नगली में रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में जिलाध्यक्ष ने समाज के लोगों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने, कुरीतियां त्यागने और अंधविश्वास छोड़ने की अपील की। समाज के लोगों से संघर्ष का रास्ता न छोड़ने का आह्वान किया। कहा कि संविधान में वर्णित अधिकारों की कटौती की बात की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दलित समाज भी शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। समाज के लोग बच्चों को उच्च शिक्षा दें। आने वाला कल युवाओं का है। युवा ही समाज व देश की तस्वीर बदल सकता है।

इस दौरान टांडा तहसील क्षेत्र में छत्रपाल सिंह, बिलासपुर में बाल किशोर तुरैहा, मिलक में राम किशोर तुरैहा तथा शाहबाद में अनिल कुमार को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में मुरारी लाल तुरैहा, धर्म सिंह, राधेश्याम, अरविंद राज, दौलत राम, पप्पू तुरैहा, राम सिंह तुरैहा, नंदकिशोर, महेश चंद्र, प्रीतम तुरैहा, मोहित तुरैहा, रवि तुरैहा आदि मौजूद रहे।

## सांसद की रिहाई को लिखा खून से पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य मसरूर पाशा ने राष्ट्रपति को अपने खून से पत्र लिखकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि संजय सिंह ईमानदार नेता हैं। हिंदुस्तान के कमजोर लोगों की आवाज सदन में उठाते हैं। केंद्र सरकार की नाकामियों को उजागर करते हैं। इसलिए झूठे आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### तमंचे के साथ पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने अमन पुत्र महावीर निवासी ग्राम भंडपुरा थाना शहजादनगर को तमंचा व कारतूस के साथ यूपी 22 ढाबा के आगे ग्राम भंडपुरा को जाने वाला रास्ते से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दी गई है।

# पनवड़िया, नई बस्ती में पाइपलाइन नहीं होने से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की उदासीनता के चलते पनवड़िया, नई बस्ती में पानी की पाइपलाइन नहीं डाली गई है। यहां के लोग निजी संसाधनों से दैनिक कार्यों को पूरा कर रहे हैं। इस बारे में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर पालिका के जिम्मेदारों को बताया गया। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। सिर्फ आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल रहे हैं।

पनवड़िया क्षेत्र के लोगों को कहना है कि बसपा सरकार में यादवों वाला मंदिर के पास 14वें वित्त आयोग के अतंर्गत 10 हार्स पावर वाले नलकूप का निर्माण कराया गया। इससे यहां के लोगों को आस जगी कि शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन डाली जाएगी। मंदिर के पास कई दिनों तक नलकूप बनाने का कार्य चलता रहा। कुछ माह बाद कार्य को रोक दिया। तब तक नलकूप बनकर तैयार हो गया था। इसमें 10 हार्स पावर वाली मोटर भी लगवाई गई थी। इस बीच सत्ता परिवर्तन हो गया और सपा सरकार आ गई। इसके बाद भाजपा सरकार भी आई। लेकिन पाइपलाइन नहीं डाली गई। लोगों ने निजी खर्चे से अधिक क्षमता वाले मोटर लगवा रखे हैं। ताकि उन्हें दैनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। शहर के अधिकतर क्षेत्रों में आए दिन नलकूपों की मोटर फुंक जाने से पेयजल की किल्लत हो रही है। इसी वजह से शहरवासियों को निर्बाध रूप से पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है।


नई बस्ती में बना नलकूप।

लोगों की समस्या को जल्द ही दूर कराया जाएगा। देखा जाएगा कि नलकूप किस स्थिति में है। उसके बाद पाइपलाइन डलवाई जाएगी।
-दुर्गेश त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका

### दोनों क्षेत्रों की है लगभग 10 हजार की आबादी

पनवड़िया और नई बस्ती क्षेत्र की आबादी 10 हजार से अधिक है। दोनों क्षेत्र नगर पालिका के अधीन हैं। पनवड़िया वार्ड तीन और नई बस्ती वार्ड एक में आता है। नई बस्ती क्षेत्र की स्थिति तो यह है कि सड़क जगह-जगह से उधड़ चुकी है। कीचड़ पसरी है। आते-जाते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का टोटा है। इसके लिए कई बार सभासद, अधिकारियों को बताया गया। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।


पनवड़िया क्षेत्र में पाइपलाइन नहीं डाली गई। ऐसी स्थिति में लोगों ने निजी खर्च से मोटर लगवाई हैं। जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। मई-जून में ज्यादा दिक्कत होती है।0
- बृज लाल सैनी


बसपा सरकार में नलकूप का निर्माण कराया गया था। तभी से यह बंद है। पाइपलाइन डाल दी जाए तो यहां के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।
-नरेश कुमार शर्मा


नई बस्ती में पानी, पथ प्रकाश और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का टोटा है। कई साल से पाइपलाइन नहीं डाली गई है। सड़कें भी उधड़ चुकी हैं। पालिका अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।
- हरीश चंद्र श्रीवास्तव


पाइपलाइन के लिए कई बार लिखित रूप में अधिकारियों को बता चुके हैं। सुनवाई नहीं हो रही है। बसपा सरकार में नई बस्ती में नलकूप बनवाया गया था। वह धूल फांक रहा है।
-राज कुमार

# घेर सखी का नाला चोक होने से मकानों में सीलन, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नालियों की समय से नहीं की जा रही सफाई, सुनवाई भी नहीं
- शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड 25 घेर सखी का नाला लंबे समय से चोक है। इससे यहां रहने वाले लोग परेशान हैं। घरों के बाहर बनी नालियों का पानी नाले में नहीं जा रहा है। चौराहे पर नाले के मुंह पर डाट लगी है। इसके कारण मोहल्लेवासियों के मकानों में सीलन आ रही है। सीलन से प्लास्टर टूटकर गिर गए हैं। घेर सखी खां के गली में कई चैंबर चकनाचूर हो गए हैं। सड़क पर पानी बह रहा है। राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर की घनी आबादी का क्षेत्र किला के पूर्वी गेट से सटा घेर सखी मोहल्ले की स्थिति लंबे समय से जस की तस है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि मोड़ बने पालिका के नाले के मुंह पर डाट लगी है। इसकी वजह से नालियों का पानी ओवर फ्लो हो रहा है। हालत यह है कि अधिकतर मकानों की दीवारों में सीलन आ रही है। मकानों के प्लास्टर, सीमेंट फर्श पर बिखर रहे हैं। यह स्थिति तब है जब इस समस्या के बारे इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली वार्ड सभासद, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर, ईओ, पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन दे चुके हैं। इसके बावजूद समस्या का निदान नहीं हो रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि मैनहोल के चैंबर भी टूटे हुए हैं। मैनहोल की सफाई नहीं हुई है। उसमें से लगताार गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे कारण लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।


मैनहोल के चैंबर टूटने से जलभराव।


घेर सखी में नालियों में पसरी गंदगी।

नालियां व नाले की साफ-सफाई के लिए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया है। मोहल्लेवासियों की समस्या को देखते हुए जल्द ही निदान कराया जाएगा।
-देवेंद्र गौतम, खाद्य एवं मुख्य सफाई निरीक्षक


घरों की दीवारों में सीलन आ रही है। इस बारे में पालिकाध्यक्ष को लिखित रूप में बताया गया है। लेकिन समस्या का निदान नहीं हो सका है।
- मुजम्मिल अली


मोहल्ले की सड़कें बिना बरसात के तालाब में तब्दील हो जाती है। कई बार पालिका अधिकारियों को बताया गया है। इसके बाद भी हल नहीं हो पा रहा है।
- अमान खां


घेर सखी में 250 से अधिक परिवार रहते हैं। यहां की नालियों की सफाई नहीं हुई है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
- गुड्डू


नालियों की सफाई नहीं हो रही है। चौराहे पर बने नाले की डाट हटा दी जाए तो नालियों का पानी में उसमें चला जाएगा। इससे काफी हद तक राहत मिलेगी।
- परवेज उद्दीन

## समस्याओं को लेकर समिति ने पूर्व मंत्री को सौंपा पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** समाज सेवा जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना को पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि सीआरपीएफ कालोनी आगापुर के निकट नई कालोनी है। इसका पट्टा 99 साल का है। कालोनी में ज्यादातर गरीब लोग रहते हैं। यहां बिजली, सड़क और पानी की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते कालोनी के लोग परेशान हैं। बिजली कनेक्शन के लिए संबंधित अधिकारियों को बता चुके हैं। उनका कहना है कि इस भूमि पर मीटर नहीं लग सकता। पहले प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति लें, इसके बाद कनेक्शन कराए जाएंगे। पत्र देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार प्रजापति, आसिफ अली, प्रकाश, पातीराम, लक्ष्मी देवी, आशा देवी, शिव प्रकाश सक्सेना, जबर सिंह, ममता देवी आदि शामिल रहे।

# आम के हरे पेड़ काटने के आरोप में दो गिरफ्तार

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** आम के हरे पेड़ काटने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दो लोगों को मौके से गिरफ्तार भी किया है। अन्य आरोपियों को तलाश की जा रही है।

शनिवार की शाम कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। ग्राम लक्ष्मीनगर के पास पहुंची पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि रामपुर रोड से ग्राम अब्बासनगर सिकन्दराबाद मार्ग की ओर जाने वाले रास्ते पर कुछ लोग आम के बाग में हरे पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी पिकअप में भरकर ले जा रहे हैं। इस पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां कुछ लोग आम के कटे हुए पेड़ों की लकड़ियों को पिकअप में भरकर ले जाने की फिराक में थे। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मोहम्मद रफीक निवासी मोहल्ला टन्डौली और मुजफ्फर निवासी मोहल्ला कच्ची मस्जिद कस्बा बताया। दोनों ने बताया कि यह आम का बाग कुलदीप हाल निवासी मोहल्ला घास मंडी कस्बा व थाना काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर व जाहिद मेंबर निवासी मोहल्ला हाजीपुरा, रहमान निवासी मोहल्ला मनिहारान ने अपना बताया था। इन्ही लोगों के साथ मिलकर आम के पेड़ों काटा जा रहा था। हम लोग तो मजदूर हैं। कुलदीप, जाहिद मेम्बर व रहमान के बारे में पूछने पर बताया कि यह लोग थोड़ी देर पहले ही यहां से गए हैं। मौके पर 28 पेड़ ताजा कटे मिले। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।


गांव चलो कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# कार्यक्रम में गांव चलो अभियान पर हुई चर्चा

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** रविवार को बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार निरंकारी एवं जिला उपाध्यक्ष हबीब उर रहमान ने बसपा सुप्रीमो मायावती के दिशा निर्देश पर गांव चलो अभियान कार्यक्रम ग्राम अब्बास नगर में पृथ्वी सिंह के आवास पर हुआ। इसमें कई बातों का लेकर चर्चा हुई।

इस मौके पर विधानसभा संयोजक सतीश गौतम, पृथ्वी सिंह, अनिल सागर, बख्तावर अली, विधानसभा अध्यक्ष दिनेश जाटव, दानवीर सिंह, शीशपाल सिंह, वेदराम सिंह, नेतराम सिंह, रघुनाथ सिंह, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

## इमरजेंसी वार्ड में 10 रोगी किए गए भर्ती

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी बंद होने से रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्टी, दस्त और बुखार के 10 रोगियों को परामर्श देकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

जनरल फिजिशियन डा. शंशाक झा ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक इमरजेंसी वार्ड में 50 रोगियों की ओपीडी हुई। इसमें 10 मरीज उल्टी, दस्त और बुखार के रोगियों को परामर्श देकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। इसके अलावा शहर के मोहल्ला सराए गेट निवासी रामकिशन (68) सादिक (62) को सांस लेने में दिक्कत थी। उनका उपचार कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर रेफर किया गया। अजीम निवासी बगीचा एमना, अमीर दूल्हा निवासी मछली बाजार, बब्बू निवासी सैजनी नानकार और दाऊद निवासी पंखेवालान को मौसम में परिवर्तन होने की वजह से इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया।

मांग

आदर्श नगर पंचायत का मिला चुका है दर्जा

# सैफनी में अभी तक नहीं बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** 15 वर्ष पूर्व सैफनी में स्थापित किए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नाम मात्र को ही सेवा मिलती हैं। इस नगर पंचायत को शासन-प्रशासन हर प्रकार से प्रोत्साहन दे रहा है।

पहले सैफनी को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया, फिर इसकी चौकी को थाना बनाने की कवायद भी पूरी की जा चुकी है।अब शासन द्वारा नगर पंचायत को पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष आदर्श नगर पंचायत बना दिया गया है। इतनी उपलब्धि मिलने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाएं नाममात्र की ही हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में केवल मामूली मरीजों का ही उपचार होता है। गंभीर रोगियों एवं घायलों की फिटनेस, मेडिकल रिपोर्ट, भर्ती करने के लिए अभी भी लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। इस पीएचसी पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए पुलिस एवं नगर वासियों ने चिकित्साधिकारी को पत्र लिखकर मांग की। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए 2021 में तत्कालीन सीएमओ ने पीएचसी में घायलों का मेडिकल करने के अलावा उच्च स्तरीय इलाज देने और ऐसा न करने पर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। लोगों ने मांग उठाई कि पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाए। ताकि सुविधाएं बढ़ सकें।



सैफनी में बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

सैफनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। शासन से इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना बनाने की मांग की जाए। ताकि यहां हर तरह से मरीज को उपचार दिया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने से यह सुविधाएं बढ़ जाएगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।
-आरके चंदेल, पीएचसी अध्यक्ष

### सुविधाएं बढ़ा दी जाएं तो दूर हो सकता है यात्रा का संकट

पीएचसी में प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन ऑपरेशन करके प्रसव करने की नौबत आ जाए तो मरीज को रेफर करना ही एकमात्र विकल्प है। यहां नियुक्त स्टाफ मरीज से छुटकारा पाने में ही भलाई समझता है। इसके चलते गंभीर मरीज हो या प्रसव कराने आई महिला सभी को जान जोखिम में डालकर रेफर होकर सफर करना पड़ता है। अगर सुविधाएं बढ़ा दी जाएं तो दूसरे अस्पतालों में जाने की लंबी यात्रा से छुटकारा मिल सकता है। थाने में पहुंचने वाले घायलों का इलाज एवं मरीज के मेडिकल और फिटनेस रिपोर्ट आने तक इंतजार करने के संकट से पुलिस को भी छुटकारा मिल सकता है।


सरकारी अस्पताल में 15 वर्ष से इलाज के नाम पर खानापूर्ति ही की जा रही है। अगर घायल मरीजों का मेडिकल, ऑपरेशन कर महिलाओं का प्रसव करने व गंभीर मरीज को अस्पताल में भर्ती करने जैसी सुविधाऐं बढ़ जाएं तो सुविधा मिलेगी।
- आशीष गुप्ता


15 वर्ष हो गए इस पीएचसी केंद्र को बने हुए लेकिन आज तक इस अस्पताल में कोई सुविधा नहीं बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के मामले में नगर पंचायत अभी भी पिछड़ी हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदल दिया जाए।
- सुशील शर्मा

## एक नजर



स्टेशनरी वितरण के बाद बच्चों के साथ रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### जरूरतमंद बच्चों को वितरित की स्टेशनरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत रोटरी क्लब के सदस्यों ने रविवार को लाइनपार स्थित केजीके होम्योपैथिक कॉलेज के पास के झुग्गी झोपड़ी मे रहने वाले निराश्रित बच्चों को स्टेशनरी का सामान, किताबें और अल्पाहार वितरित किया। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट शरमिताभ सिन्हा, आकाश मिश्रा, राजीव सक्सेना, राजेश खन्ना, सुधीर गुप्ता, कपिल गुप्ता, जीत सिंह, अतुल माथुर, प्रदीप, आशुतोष, अभिनव आदि मौजूद रहे।

# विशेष सहायता योजना में एमडीए को मिले 29 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ कबीर नगर में पांच करोड़ से नाला निर्माण, ढक्का कालोनी में छह करोड़ से सड़क निर्माण होगा

**अमृत विचारः** केंद्र की ओर से राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत शहरी नियोजन सुधार के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत सरकार की ओर से मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) को 29 करोड़ रुपये मिले हैं। यह धनराशि विशेष सहायता योजना की पहली किस्त के रूप में दी गई है। इस धनराशि को एमडीए 4.600 किलो मीटर लंबी व 24 मीटर चौड़ी दो सड़कों और एक नाले के निर्माण पर खर्च करेगा।

एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि रामपुर रोड स्थित विकास प्राधिकरण की पुरानी कबीर नगर कालोनी में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से पांच किमी नाले का निर्माण कराया जाना है। इसका टेंडर भी निकाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरी ओर प्राधिकरण द्वारा कांठ रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने के लिए 24 मीटर चौड़ी चार किमी लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं ढक्का कॉलोनी क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी व 600 मीटर लंबी सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि तीनों प्रोजेक्ट की धनराशि स्वीकृति के लिए भारत सरकार को उत्तर प्रदेश के लिए भाग-3 के तहत आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को भेजी गई थी। वहां से इन कार्यों के लिए पहली किस्त के रूप में कांठ रोड से दिल्ली रोड को जाड़ने वाले मार्ग निर्माण के लिए 18 करोड़, कबीरनगर में नाला निर्माण को पांच करोड़ और ढक्का कालोनी में सड़क निर्माण को छह करोड़ रुपये दिए गए हैं।

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना आज पेश करेंगे राज्य का बजट, बजट को लेकर कर्मचारी उत्साहित

# राज्य कर्मचारियों को चाहिए केंद्र की तरह महंगाई भत्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद, अमृत विचार: राज्य कर्मचारी चाहते हैं कि आयकर की सीमा बढ़े, लेकिन यह अधिकार राज्य सरकार का नहीं है। केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में आयकर के मुद्दे पर कुछ नहीं किया है। ऐसे में कर्मचारी अब राज्य सरकार के बजट में अपनी सहूलियत और अधिकार की चर्चा से नहीं चूकते। सोमवार को प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट प्रस्तुत करेंगे। इसको लेकर कर्मचारी उत्साहित हैं।

**बजट से आस**



"पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर देश भर के कर्मचारी आंदोलित हैं। राज्य सरकार इसका प्रस्ताव कर सकती है। मेडिकल सुविधा में भी सरकार के निर्देश का पालन नहीं हो पा रहा है। हमें पांच लाख रुपये की मेडिकल सेवा का ऐलान हुआ है लेकिन, कैशलेस इलाज में दिक्कत आ रही है। हमारी मांग है कि सरकार इस तरह के अन्य कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करे।

**–मनोज तिवारी,** जोनल अध्यक्ष (मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन राज्य कर)



"कर्मचारी और आम आदमी हरदम सरकार से सहयोग की उम्मीद रखता है। प्रदेश में सबसे अधिक महंगी बिजली है। सस्ती खाद्य सामग्री, स्कूल फीस में कटौती, रियायती परिवहन और सस्ती उपचार सेवाएं सभी को मिलनी चाहिए। पहले केंद्र और राज्य सरकार एक होने के नारे उछाले जाते थे। अब तो प्रदेश और देश में एक नेतृत्व की सरकार है। महंगाई घटनी चाहिए।

**–हरिओम शर्मा,** शिक्षक (प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ)



"राज्य परिवहन निगम का कर्मचारी अपनी मेहनत से कमाई करता है और उसी से जिंदगी गुजर-बसर करता है। बीते साल सरकार ने परिवहन निगम को 80 करोड़ रुपये दिया था जिससे, प्रबंधन को कर्मचारी देनदारी चुकाने में आसानी रही। हमारी अपेक्षा है कि आगामी बजट में सरकार निगम के विकास और कर्मचारियों की तरक्की की चिंता कर कुछ अतिरिक्त धन का प्रबंध करेगी।

**–प्रेम सिंह,** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (पीतलनगरी बस डिपो)



"परिवहन निगम का कर्मचारी बहुत परेशान है। 14 प्रतिशत महंगाई भत्ता नहीं मिलता है। निगम कर्मचारी केवल 28 प्रतिशत डीए से जिंदगी काट रहे हैं। जबकि विभाग में कर्मचारियों के सभी पद खाली हैं। शिक्षक भर्ती भी नहीं हुई। साल 2025 में निगम के केवल 10 प्रतिशत ही स्थाई कर्मचारी बचेंगे। ऐसे में सरकार को बजट में इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए।

**–मो. असलम,** कर्मचारी (राज्य परिवहन निगम)



"समाज का हर वर्ग महंगाई से जूझ रहा है। नौकरी के अवसर कम होते जा रहे हैं। किसी भी विभाग में सीधी भर्ती नहीं हो पा रही है। निगमों को पूरी तरह संविदा कर्मचारियों के हवाले किया जा रहा है। आयोगों का गठन हर क्षेत्र में दिखावा बनता जा रहा है, जबकि निगम और अन्य विभागों में संविदा कर्मचारियों का वेतन नियत होना चाहिए। केंद्र का बजट नारों वाला था। राज्य से उम्मीद बाकी है।

**–रेयाज आलम,** क्षेत्रीय मंत्री (यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन)

### सरकारी विवि में नये पदों के लिए सृजन प्रक्रिया शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जनपद में सरकारी विश्वविद्यालय के निर्माण और नए पदों के सृजन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के पत्र पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इसकी जानकारी दी है।

जिले के रामगंगा पार इस्लाम नगर रोड पर गांव हरदासपुर में सरकारी विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए हाल में ही नौ करोड़ रुपये की और धनराशि जमीन खरीदने के लिए मिली है, साथ ही इस मामले में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सदन में पदों के सृजन का मामला उठाया था। इस संबंध में डॉ. व्यस्त ने राज्य विश्वविद्यालय के लिए पदों पर तैनाती की मांग और भवनों के निर्माण संबंधी बात रखी है। इस पर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पत्र में जवाब देते हुए कहा कि इस संबंध में अवगत करवाना है कि मंडल मुख्यालय में जिले की तहसील मुरादाबाद के हरदासपुर में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इस विश्वविद्यालय के लिए पदों के सृजन की कार्रवाई की जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के भवनों के निर्माण के संबंध में भी कार्रवाई की जा रही है।

# बूंदाबांदी से गलन बढ़ी, ठंड से लोग परेशान

## दो दिन धूप निकलने के बाद शनिवार की रात व रविवार की सुबह बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठिठुरन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मौसम हर दिन करवट ले रहा है। शुक्रवार व शनिवार को धूप होने के बाद लग रहा था कि मौसम अब ठीक रहेगा। लेकिन, शनिवार की देर रात अचानक मौसम पलट गया। तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी और फिर तेज बारिश से ठंड और गलन बढ़ गई। रविवार की सुबह भी बारिश से पूरे दिन बादल छाए रहे।

सुबह बारिश से महानगर की गड्ढायुक्त व मिट्टी की सड़कों पर कीचड़ पसर गया। ठंड से लोग कांप गए। तापमान कम होने से पूरे दिन गलन और ठंड रही। सुबह बारिश के चलते आशियाना फेज एक और दो, रामगंगा विहार, कांठ रोड पर खोदाई कर छोड़ी गई सड़कों पर कीचड़ पसर गया। रविवार को अधिकतम तापमान 16 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। ठंड और गलन बढ़ने से राहत पाने के लिए लोगों ने हीटर, ब्लोअर और अलाव का सहारा लिया। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह का कहना है कि अभी एक दो दिन हल्की बारिश का अनुमान है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से गलन बढ़ रही है। अगले कुछ दिनों में मौसम साफ रहेगा।



ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहन कर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार



बाजार में कुछ इस तरह जाती युवती।

### मौसम की खराबी से घरों से नहीं निकले यात्री, दोपहर बाद दिल्ली रूट की बसें रहीं खाली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दो दिन से मौसम को लेकर उत्साहित राज्य परिवहन निगम के कर्मचारी रविवार को उदास हो गए क्योंकि अवकाश के दिन में रोडवेज बसों के लिए पर्याप्त यात्री नहीं मिले। पीतलनगरी और मुरादाबाद डिपो की 30 प्रतिशत बसें कार्यशाला से ही बाहर नहीं निकल पाईं। दोपहर दो बजे तक मुरादाबाद डिपो से दिल्ली रूट पर 26 गाड़ियां रवाना हो पाईं थी जबकि, यही संख्या देहरादून हरिद्वार रोड पर सिर्फ आठ तक सीमित रही। उधर, पीतल नगरी डिपो पर भी स्थानीय सवारियों का टोटा दिखा। पीतल नगरी से संभल, चंदौसी, रामनगर, बरेली, लखनऊ आदि की सवारियां यात्रा करती हैं। मुरादाबाद डिपो से दिल्ली रूट पर 40 बसें चलती हैं। हरिद्वार रूट पर 20 बसें लगाई गई हैं जबकि, बिजनौर के लिए 15 और अमरोहा के लिए 13 बसों की सेवा है। मुरादाबाद डिपो के कंट्रोल रूम इंचार्ज सत्यवीर सिंह कहना है कि मौसम खराब होने से यात्री कम हो गए हैं। उधर, पीतलनगरी डिपो पर दोपहर बाद अधिकतर बसें रामनगर, रामपुर, संभल और बरेली रूट के यात्रियों की प्रतीक्षा में रहीं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम सिंह ने बताया कि दो दिनों तक मौसम साफ होने का लाभ मिला। दोपहर तक बाहर से सवारियां आईं हैं लेकिन, अब लगता है कि महानगर से बाहर जाने वालों पर मौसम की मार पड़ गयी। हालांकि यहां से अयोध्या के लिए चलने वाली बसों को यात्री मिल रहे हैं।

### तीन ताइक्वांडो खिलाड़ी जयपुर के लिए चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** महानगर के तीन ताइक्वांडो खिलाड़ियों का राजस्थान के जयपुर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को जयपुर के लिए रवाना होंगे।

आगामी छह फरवरी से नौ फरवरी तक राजस्थान के जयपुर में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए शहर के ताइक्वांडो खिलाड़ी काजी अयान अली, अरब तसलीम और मोहम्मद अरसलान का चयन हुआ है। इन तीनों खिलाड़ियों ने बीती 10 जनवरी को मुरादाबाद में हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक भी जीता था। यह तीनों खिलाड़ी सोमवार को जयपुर के लिए रवाना होंगे। इससे पहले रविवार को जिगर कालोनी स्थित एक शादी हाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पर्यावरण एवं गंगा समिति के नामित सदस्य प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और प्रतियोगिता के लिए हुए चयन पर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर ताइक्वांडो के हेड कोच तकी इमाम व कोच मुस्तफा, वासित, नोमान, नजफ हैदर समेत अन्य लोग शामिल रहे।



रामगंगा विहार में बारिश के बाद सड़क पर पसरी कीचड़। ● अमृत विचार

# बारिश से पॉश कालोनी में कीचड़ से हुआ बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** शनिवार रात हुई बारिश से महानगर की पॉश कालोनियों का बुरा हो गया। सभी जगह सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों पर कीचड़ होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

महानगर की पॉश कालोनी रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर, आशियाना कालोनी और साईं मंदिर रोड पर पिछले काफी समय से सीवर लाइन का कार्य चल रहा है। जिसके लिए इन सभी कालोनियों में सड़कों को खोदा गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई। इतना ही नहीं सड़कों पर गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। सभी जगह मिट्टी फैली हुई है। शनिवार की रात हुई बारिश से इन सभी इलाकों में सड़कों का बुरा हाल हो गया। बारिश से मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई। कीचड़ से यहां रहने वाले लोगों को पूरा दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगह कीचड़ से लोग गिरकर घायल भी हुए। लोगों का कहना है कि सीवर लाइन कार्य के लिए खोदी गई सड़कों को अभी तक सही नहीं किया गया है। जिसके चलते हम लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश से ही पूरे इलाके में कीचड़ हो जाती है। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी पैदल आने-जाने वाले लोगों को होती है।

# कैंसर शिविर में 70 की स्क्रीनिंग हुई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** विश्व कैंसर दिवस पर क्लोज केयर गैप थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को कैंसर के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। वहीं एनसीडी क्लीनिक, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे व ताजपुर स्वास्थ्य केंद्र पर विशेष शिविर लगाया गया। जिसमें 70 लोगों की स्क्रीनिंग की गई।

इन शिविरों में आने वाले लोगों को पुरुषों में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग व महिलाओं में ओरल, स्तन व बच्चेदानी के कैंसर संबंधी स्क्रीनिंग कर जांच की गई। 30 वर्ष से अधिक आयु वालों की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि लोगों को धूम्रपान न करने, स्वस्थ खानपान की आदत रखने की सलाह दी गई। शरीर का वजन संतुलित रखने, भोजन में फल व सब्जियों का अधिक से अधिक प्रयोग करने और नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने को प्रेरित किया गया। शिविर में डॉ. एस धनंजय, अर्चना त्यागी, शामेंद्र सिंह, सलील शर्मा, आकाश चौधरी, श्योवीर सिंह, आस्था प्रकाश, डॉ. एसके शर्मा, सोनम रानी, साजिद अली, अंशु वर्मा, रीमा यादव, दीप्ति यादव आदि शामिल रहे।



विश्व कैंसर दिवस पर तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से लोगों को कैंसर के बारे में जानकारी देतीं स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

▶▶ विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को जानकारी दी गई

### लायंस क्लब ने कैंसर से बचाव की जानकारी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** लायंस क्लब की ओर से कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन साईं मंदिर रोड पर डॉ. सुदीप कौर की देखरेख में हुआ। क्लब की सदस्यों को महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइक कैंसर और ओवेरियन कैंसर के लक्षण, कारण, स्क्रीनिंग टेस्ट और वैक्सीनेशन की जानकारी दी गयी। सदस्यों का ब्रेस्ट परीक्षण किया गया। क्लब की अध्यक्ष प्रिया पांडे ने सदस्यों का स्वागत किया। स्पष्ट किया कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरुकता लाना है। अपील की कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समय पर चिकित्सीय जांच कराकर रोग का निदान करायें। कार्यक्रम में सेक्रेटरी विजय पांडे, रीता सिंह, बबीता गुप्ता, शोभना, विधि कल्पना, अंजना सहगल आदि उपस्थित रहीं।

# भुवनेश कुमारी बनीं जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की बैठक हुई। सरस्वती वंदना के बाद सभी शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने एसोसिएशन के शिक्षक सदस्यों को महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत कर मनोनयन पत्र प्रदान किए।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने शैक्षिक नवाचार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शैक्षिक नवाचार को प्रोत्साहन देने को राज्य स्तरीय विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शैक्षिक नवाचार मुरादाबाद के पदों की घोषणा की। जिसमें भुवनेश कुमारी को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मुरादाबाद की जिलाध्यक्ष व रंजीता चौहान को महामंत्री, योगिता को उपाध्यक्ष, चारू गुप्ता को संयुक्त मंत्री, आरती ग्वाल को कोषाध्यक्ष, दीपशिखा बिश्नोई मंत्री, खुशबू सिंह व पूजा गुप्ता को सदस्य मनोनीत किया। सभी शिक्षकों ने अपने नवाचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लता पाल मण्डल पदाधिकारी ने एसोसिएशन के बारे में प्रस्तुत नवाचार की सराहना की।कार्यक्रम आयोजक मण्डल उपाध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन प्रभा पाल ने कहा प्रदेश अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी मुझे व पदाधिकारियों को सौंपी है उसे पूरी कर्मठता सजगता से उसका निर्वहन करूंगी।बैठक में मुरादाबाद मंडल उपाध्यक्ष प्रभा पाल, लता पाल, चन्द्रमुखी, अंजू शर्मा, संध्या पाल, शशी बाला आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



आंबेडकर पार्क में आयोजित बैठक को संबोधित करते शैक्षिक नवाचार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह। ● अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान में रविवार को सड़क सुरक्षा गोष्ठी काशीपुर बस स्टैंड परिसर में आयोजित की गयी जिसमें स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि, बस आपरेटर, ऑटो चालक वेलफेयर संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

लोगों को सड़क दुर्घटना के घायलों को 108 एम्बुलेंस बुलाकर सीधे विभिन्न अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर भेजने की प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि दुर्घटना होने पर गोल्डन आवर में व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। इसके लिए तत्काल दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ट्रॉमा सेंटर या उचित अस्पताल में भेजना जरूरी होता है। कार्यक्रम में अमित गुप्ता, साजिद हुसैन, किशन लाल सिंह और एनजीओ के कपिल रस्तोगी उपस्थित रहे।

**आयोजन** हिन्दी साहित्य संगम की ओर से आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज में काव्य-गोष्ठी आयोजित

# ओढ़े चुनरी प्रीत की, कहता है मधुमास...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से रविवार को आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में मासिक काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। राजीव प्रखर ने मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी ने की।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ गजलकार ओंकार सिंह ओंकार और विशिष्ट अतिथि कवि रघुराज सिंह निश्चल और वरिष्ठ नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम की उपस्थिति में रचनाकारों ने सम सामयिक माहौल पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राजीव प्रखर ने किया।

राजीव प्रखर ने पढ़ा ओढ़े चुनरी प्रीत की, कहता है मधुमास, ओ अलबेली लेखनी, होना नहीं उदास सुनाई। जितेन्द्र जौली ने महज दिखावा लग रही, हमें आयकर छूट। पांच लाख तक छूट है, उससे ऊपर लूट, सुनाया। वरिष्ठ नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने पहले मन में झांक फिर, बस पल भर को सोच से अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी। मनोज मनु ने छलछलाएं अश्क गर, दिल पे असर जाने के बाद सुनाकर व्यथा प्रकट की। राम सिंह निशंक ने अपनी भावनाएं कुछ यूं उकेरी- बरस पांच सौ बाद में, हर्षित हुआ समाज, बिगड़े काम बन जाएंगे, सम्भव हुआ है आज। रघुराज सिंह निश्चल ने जीवन को महकाते रहिए, जब तक चले चलाते रहिए, जीवन पथ आसान बनेगा, हंसते और हंसाते रहिए से लोगों को प्रेरित किया। डॉ. मनोज रस्तोगी ने जैसे तैसे बीत गए पांच साल रे भैया, फिर लगा बिछने वादों का जाल रे भैया सुनाकर राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि ओंकार सिंह ओंकार ने सूना-सूना-सा लगे, हमको अपना गांव। नहीं दिखे चौपाल अब, नहीं पेड़ की छांव से अपनी रचना का दम दिखाया।

अध्यक्षता करते हुए रामदत्त द्विवेदी ने कहा यदि आए इस जगत में, कर लो बस दो काम। घर में राखो सुमति को, मन में रखो राम, जितेन्द्र जौली ने आभार जताया।




साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में रचना प्रस्तुत करते कवि। ● अमृत विचार

### सात पंचायत भवनों में चल रहे धान क्रय केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सात ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवनों पर एक साल से धान क्रय केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिससे पंचायतों के कार्यों के संचालन में सचिवों को दिक्कते आ रही हैं। अब जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पंचायत भवनों को खाली कराए जाने की मांग की है।

जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में दलपतपुर ग्राम पंचायत के सचिव के साथ केंद्र प्रभारी द्वारा की गई अभद्रता का भी जिक्र किया गया है। डीपीआरओ ने कहा कि ग्राम पंचायत दलपतपुर, करनावाल, शेरुआ धर्मपुर, नगलिया जट, रसूलपुर आदि में पंचायत भवनों में क्रय केंद्रों के संचालन से पिछले एक साल से गांव के रुके पड़े विकास कार्य के ऑनलाइन किए जाने कार्य के प्रभावित हो रहे हैं।

# सख्ती के बाद भी जारी है अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ भू-माफिया पर कार्रवाई के लिए खुद उतरे प्राधिकरण के उपाध्यक्ष

**अमृत विचारः** प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर सख्ती के बाद भी भू-माफिया का खेल जारी है। प्राधिकरण के सख्त कदम को निष्फल करने में यह भू-माफिया दिन रात लगे हैं। जबकि पिछले छह महीने में प्राधिकरण प्रशासन ने कई हजार वर्गमीटर क्षेत्र में किए अवैध निर्माण को कार्रवाई कर ध्वस्त कर दिया है। मगर नेटवर्क तोड़ने में अभी सफलता नहीं मिली है।

प्राधिकरण क्षेत्र में मझोला, कटघर, मैनाठेर और आसपास के कई अन्य थाना क्षेत्रों में आए दिन प्राधिकरण के प्रवर्तन दल की ओर से अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया जा रहा है। फिर भी भू-माफिया इस कार्य से पीछे नहीं हट रहे हैं। इसके पीछे कई बार प्राधिकरण के कर्मचारियों की मिलीभगत की बात भी उठती रहती है। जबकि प्राधिकरण उपाध्यक्ष शैलेष कुमार लगातार ऐसे तत्वों पर सख्ती कर रहे हैं। दिल्ली रोड पर कई बड़े बिल्डर्स पर करोड़ों रुपये की पेनाल्टी भी वह बहुमंजिला इमारत बनाने में नियमों की अनदेखी करने वालों पर लगा चुके हैं। प्राधिकरण के अभियंताओं को भी अपने क्षेत्रों में अवैध निर्माण हर हाल में रोकने का वह आदेश दे चुके हैं। शनिवार को प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने स्वयं मैनाठेर व मनोहरपुर में अवैध निर्माण का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण में हास्पिटल, फैक्ट्री और मैरिज होम अवैध निर्माण के दायरे में मिला। जिसे उन्होंने सील करने का आदेश दिया था। फिर भी अवैध निर्माण न रुकने से सुनियोजित विकास को ठेस पहुंच रही है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार का कहना है कि क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रवर्तन दल के सदस्यों को किसी भी स्थिति में शिथिलता न बरतने की हिदायत दी है। यदि अवैध निर्माण में प्राधिकरण के किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की संलिप्तता की शिकायत मिलेगी तो जांच कर कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने जन सामान्य से अपील की है कि वह ऐसी कॉलोनियों में भूखंड या आवास न खरीदें जो प्राधिकरण से स्वीकृत न हो। स्वयं भी कोई निर्माण कराने से पहले उसका नक्शा प्राधिकरण कार्यालय से जरूर स्वीकृत करा लें। नक्शे के अनुरूप ही निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की आवासीय व व्यावसायिक कॉलोनियों को पूर्णरूप से विकसित कर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

## एक नजर

### सड़क पार कर रहे अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर

**हसनपुर, अमृत विचार** : थाना रजबपुर के गांव अफजलपुर निवासी दयानंद शर्मा पुत्र हरकेश शर्मा साथी के साथ रविवार सुबह बाइक से रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। वह संभल मार्ग पर सैदनगली के निकट बाइक सड़क किनारे खड़ी कर सड़क पार कर रहे थे। तभी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर गिर गए और बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से घायल दयानंद शर्मा को सीएचसी भेजा जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। इसके बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हुआ है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

### गंगा पर पैंटून पुल शुरू होने से लोगों को राहत

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : अवंतिका देवी धाम के दर्शन करने के लिए गंगा पार करने के लिए पैटून पुल बनकर तैयार है। जिस पर लोगों का आवागमन शुरू हो गया है। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के मुबारिजपुर व खाजेपुर गंगा घाट जनपद बुलंदशहर की सीमा में अवंतिका देवी धाम के सामने पैंटून पुल बनाया है। गंगा पर बने पैंटून पुल के शुरू होने से यात्रियों को सहूलियत हो गई है। पैंटून पुल पर पैदल और दोपहिया वाहन शुरू हो गए हैं। ज्ञात हो कि गंगा स्नान और पूर्णिमा व अमावस्या पर अमरोहा व संभल जनपद के कई गांव के श्रद्धालु अवंतिका देवी धाम पर दर्शन करने को पहुंचते हैं।

### डग्गामार वाहन हाईवे पर भर रहे फर्राटा

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र में डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने में विभागीय जिम्मेदार सफल नहीं हो रहे हैं। यहां से गुजरने वाली डग्गामार बसें दिल्ली और अन्य शहरों तक रोजाना चल रही हैं। मार्गों पर चलने वाले इन डग्गामार वाहनों पर यातायात नियम लागू होते नहीं दिख रहे। गंगेश्वरी व दढ़ियाल क्षेत्र में कई बड़े हादसे हो चुके हैं फिर भी जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं। क्षेत्र से रोजाना कई डग्गामार बसें दिल्ली और अन्य शहरों के लिए रवाना होती हैं और छोटे वाहन भी बिना परमिट हाईवे पर दौड़ रहे हैं। जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है और परिवहन विभाग को राजस्व का नुकसान होता है।

# घटनास्थल से मिले साक्ष्यों से हत्या की आशंका

## राजू के भाई ने किशोरी के परिजनों पर लगाया हत्या का आरोप, किशोरी के पिता ने दी थी धमकी

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार** : सैदनगली थाना क्षेत्र के सैदरा मिलक गांव के निकट प्रेमी-प्रेमिका के शवों को पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या दर्शाने का प्रयास किया गया है। दोनों के शव प्लास्टिक की पुरानी मोटी रस्सी के सहारे लटके मिले। दोनों शव आम के पेड़ पर 15 फीट की ऊंचाई पर लटके हुए थे। युवक के पैरों में चप्पल थी। युवक ने लोअर व हुड पहन रखा था। युवक चप्पल पहनकर पेड़ पर कैसे चढ़ा तथा आत्महत्या के समय पैरों से चप्पल न निकला संदेह की ओर इशारा कर रहे हैं। किशोरी नंगे पैर थी। उसकी एड़ी में और दाईं टांग में चोट के निशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार किशोरी की टोपी घटनास्थल से 100 मीटर दूर गंगा एक्सप्रेस वे पर पड़ी मिली। घटनास्थल पर युवक के कई परिजन मौजूद थे। लेकिन किशोरी पक्ष से एक या दो लोग ही थे। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों का मानना है कि दोनों की हत्या कर शवों को आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटकाया गया है।



मौके पर महिलाओं को शांत करती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



लटके हुए शव देखने के लिए जुटे ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ऑनर किलिंग की जताई जा रही आशंका

युवक और किशोरी में एक साल से प्रेम संबंध थे। तीन दिन पहले से युवक और किशोरी लापता थे। किशोरी के परिजनों ने एक दिन पहले पुलिस को शिकायती पत्र देकर उसकी बरामदगी की मांग की थी। वहीं मृतक राजू के बड़े भाई मिलन का कहना है कि किशोरी के पिता ने उसको अपने घर बुलाया था। किशोरी के पिता ने धमकी दी थी कि या तो उनकी बेटी को बरामद कराओ नहीं तो अंजाम बुरा होगा। मिलन का आरोप है कि राजू की हत्या किशोरी के पिता ने परिजनों के साथ मिलकर की है।

### चार बहन भाइयों में तीसरे नंबर का था राजू

**आदमपुर, अमृत विचार** : मृतक चार बहन भाइयों में तीसरे नम्बर का था। सबसे बड़ा भाई रवि, बहन सविता, मृतक राजू और मिलन है। जबकि किशोरी तीन भाई बहन थे। मृत किशोरी दूसरे नम्बर की थी जबकि उसके दो भाई हैं।

### एक वर्ष से था प्रेम प्रसंग

**आदमपुर, अमृत विचार** : राजू व किशोरी के बीच पिछले एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों एक दूसरे से चोरी छिपे मिलते रहते हैं। गांव के लोगों को इसकी जानकारी थी। ग्रामीणों को आशंका है कि युवक शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे किशोरी से मिलने गया था और किशोरी के परिजनों ने उसे घर में पकड़ लिया था।

### किशोरी के आवास पर पुलिस बल तैनात

किशोरी व युवक एक ही गांव के थे व दोनों अनुसूचित जाति के थे। युवक पक्ष किशोरी के परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर किशोरी के आवास पर पुलिस बल तैनात कर दिया है तथा थाना पुलिस की टीम गांव में गश्त कर रही है।

# योजना के तहत 70 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने जमा किए 90 करोड़

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बिजली का बिल जमा न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार** : बिजली विभाग ने बकाएदारों से वसूली के लिए छूट की योजना नवम्बर में शुरू की थी। इस योजना के समाप्त होने तक मात्र 70 हजार बिजली उपभोक्तओं ने बिल जमा किए हैं। जबकि तीन लाख उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ नहीं उठाया।

अधीक्षण अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि बकाएदार बिजली उपभोक्ताओं के लिए छूट की योजना नवम्बर में शुरू की गयी थी। योजना का विभाग ने प्रचार भी किया था और उपभोक्तओं को बकाया बिल जमा करने के प्रति जागरूक किया। विद्युत उपकेन्द्रों पर शिविर भी लगाए थे। इसके बाद भी उपभोक्तओं ने लाभ नहीं उठाया और बकाया बिल जमा नहीं किए।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि छूट की योजना की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर थी। जिसकों 16 जनवरी तक बढ़ा दिया था। लेकिन इसके बाद भी बकाएदारों ने बिल जमा करने की रूचि नहीं दिखाई। उन्होंने बताया कि छूट योजना का लाभ मात्र 70 हजार बिजली उपभोक्तओं ने उठाया और बिल जमा किए हैं। जबकि जिले में तीन लाख बिजली उपभोक्ता हैं जिन पर विभाग का बकाया था। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि योजना के तहत विभाग ने 70 हजार उपभोक्ताओं से 90 करोड़ रुपये वसूल किया हैं। बिल जमा न करने वाले उपभोक्तओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी एवं उनको नोटिस जारी होंगे।

### जंगली कुत्तों के हमले में नीलगाय के बच्चे की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार** : रविवार को गांव मल्लवाली डगरोली के निकट जंगल में जंगली कुत्तों ने नीलगाय के बच्चे को घायल कर दिया। घायल नीलगाय का बच्चा जान बचाता हुआ गांव आ गया तो ग्रामीणों ने उसे बचाया और पशु चिकित्सक को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची टीम ने घायल नीलगाय के बच्चे को मृत घोषित कर दिया। उधर, ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।



शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# नेत्र शिविर में 52 मरीजों की जांच

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार** : राम रहीम चैरिटेबल आई हॉस्पिटल अगवानपुर की ओर से रविवार को राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली में नेत्र शिविर लगा। इसमें डॉ. राजवीर सिंह ने टीम के साथ लोगों की आंखों की जांचकर दवा दी। शिविर में 52 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 22 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित कर आठ फरवरी को बुलाया है। प्रबंधक डॉ. यशवीर सिंह ने विश्व कैंसर दिवस पर आम जनता से अपील की कि कैंसर के शुरुआती लक्षणों को देखते हुए विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य, डॉ. गौतम, प्रबंधक डॉ. यशवीर सिंह, सरोज गुर्जर, जमीर, सतपाल सिंह, रमेश सिंह, जाकिर अहमद, परमो, जयवन्ती, बिस्मिल्लाह, हुस्न जहां, मुनेश, ऋषिकेश आदि मौजूद रहे।

# 20 दिन बाद भी लेंटर नहीं हुआ सेट, शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार** : गांव हथियाखेड़ा में गांव निवासी व्यक्ति ने 20 दिन पहले मकान का लेंटर डलवाया था। लेकिन लेंटर अभी तक सेट नहीं हुआ। पीड़ित ने दुकानदार पर खराब सीमेंट देने का आरोप लगाया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र की गांव हथियाखेड़ा निवासी सुरेश पुत्र प्रकाश ने 15 जनवरी को मकान का 1700 फीट लेंटर डलवाया था। लेंटर में प्रयोग सीमेंट गांव के दुकानदार से लिया था। लेकिन 20 दिन बाद भी लेंटर सेट नहीं हुआ। सुरेश ने दुकानदार से शिकायत की तो दुकानदार ने कंपनी को सूचना दी। कंपनी के इंजीनियर ने जांच में ज्यादा मात्रा में बजरपुर मिलाने की बात कही। पीड़ित ने शिकायत कोतवाली में करने की बात कही है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाचौली के ग्रामीण ने भी घटिया सीमेंट की शिकायत की थी।

# विश्व कल्याण को यज्ञ में दी आहुतियां

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : रविवार सुबह आर्य समाज मंदिर में यज्ञ किया गया। जिसे आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री ने संपन्न कराया। यज्ञ में सभी लोगों ने विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दीं।

रविवार को साप्ताहिक यज्ञ में सुख, शान्ति, समृद्धि एवं पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान अभय आर्य ने कहा प्रभु की कृपा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है, जो प्रभु के साथ जुड़ जाते हैं। उसी व्यक्ति का जीवन सफल होता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को प्रभु की भक्ति करना जरूरी है। उसी की भक्ति द्वारा प्राणी जीव को फल मिलता है। मुख्य यजमान डॉ. गजेन्द्र पाल सिंह और अनिल जग्गा ने ईश भक्ति भजन प्रस्तुत किया। कहा कि स्वामी दयानंद ने वो काम किया है, इंसानियत का जग में ऊंचा नाम किया है। इस अवसर पर जेएस हिन्दू इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. गजेन्द्र पाल सिंह की 31वीं वैवाहिक वर्षगांठ धूमधाम मनाई। सभी ने उनके मंगलमय एवं सुखमय जीवन की कामना की। मुख्य रूप से प्रधान अभय आर्य, मन्त्री नत्थू सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अनिल रायपुरिया, विनय त्यागी,यशवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।



यज्ञ में आहुति देते लोग। ● अमृत विचार

**आयोजन**

- मुख्य यजमान ने स्वामी दयानंद के जीवन के बारे में बताया
- कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रभु की भक्ति करना जरूरी

# मुलायम सिंह को भी मिले भारत रत्न

**अमरोहा, अमृत विचार** : लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा पर समाजवादी पार्टी के नगर विधायक महबूब अली ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। रविवार को विधायक महबूब अली ने आवास पर प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि केंद्र सरकार ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने का जो फैसला लिया वह सरकार का फैसला है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी जनता की सेवा की है। इसलिए केंद्र सरकार मुलायम सिंह यादव को भी सम्मानित करे।



# संपर्क मार्ग पर जलभराव से परेशानी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के गांव के संपर्क मार्ग पर जलभराव एवं गंदगी पसरी होने से कई गांवों के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग छह गांवों को जोड़ता है। वहीं, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव डाकेवाली डगरौली में गांव का मुख्य मार्ग झुड़ी खादर, झुड़ी माफी, रुद्रपुर, पहाड़पुर बकाल, कनैटा, सुमाठेर छह गांवों को जोड़ता है। लेकिन यह मार्ग गंदगी एवं जलभराव के कारण बदहाल है। इस मार्ग से निकालने के लिए ग्रामीण एवं रहागीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारी से समस्या का समाधान करने की बात कही। लेकिन कहीं भी ग्रामीणों की परेशानी की सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण कैसोसरन, बनवारी लाल, नंदराम, सतबीर,अतर सिंह, सतीश, अशोक आदि का कहना है कि अगर जल्दी ही जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देंगे।



गांव में संपर्क मार्ग पर भरा पानी। ● अमृत विचार

**अनदेखी**

- छह गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग है बदहाल
- शिकायत पर भी वरिष्ठ अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए बने 79 केंद्र

**अमरोहा, अमृत विचार** : यूपी बोर्ड परीक्षा की तिथि घोषित होने के बाद शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जिले में परीक्षा के लिए 79 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की सीट लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। केंद्रों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

समन्वयक अधिकारी डीआईओएस कार्यालय मदनपाल सिंह ने बताया कि 22 फरवरी से बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ होंगी। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड की परीक्षा में लगभग 50 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। इन दिनों परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की सीट लगाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि जिन कालेजों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उन कालेजों के प्रबंधकों को बोर्ड परीक्षा की जिम्मेदारी दे दी गयी हैं। परीक्षा से पहले सभी परीक्षा केन्द्रों का विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

### क्षेत्र में झोलाछापों पर नहीं लग रही रोक

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप का कार्य लगातार फलफूल रहा है। गंगेश्वरी ब्लॉक व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछापों की संख्या लागतार बढ़ रही है। यहां क्षेत्र में झोलाछाप कई क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। ग्रामीणों व जागरूक जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने से अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। रहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आने वाले अनेक गांव के झोलाछाप लम्बे समय से सस्ती दवा दिलाने के नाम पर गरीबों का इलाज कर रहे हैं। रहरा सीएचसी प्रभारी शशांक चौधरी ने कहा कि कार्रवाई की जा रही है। अगर कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है तो कार्रवाई होगी।




**योजना** — प्रमुख चौराहों व मार्गों पर निगरानी के लिए लगेंगे 150 सीसीटीवी कैमरे

# सैदनगली की शोभा बढ़ाएगा 110 फीट ऊंचा घंटाघर

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार** : नगर पंचायत सैदनगली में दो करोड़ रुपये से 110 फीट ऊंचा घंटाघर का निर्माण हो रहा है। यह घंटाघर कस्बे की पहचान बनेगी और इसके साथ क्षेत्र का विकास भी होगा। जल्द ही इसका निर्माण पूरा होगा और उद्घाटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य विकास कार्यों को भी समय से पूरा कराया जाएगा।

नगर पंचायत सैदनगली में बस अड्डे के करीब चार मंजिला घंटाघर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें समय की सुई और घंटे के बजाने की ध्वनि सुनाई देगी। चेयरमैन डॉ. अनुकीर्ति चौधरी और नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक ने बताया कि कस्बे की पहचान के लिए नगर पंचायत की तरफ से एक अच्छी पहल की जा रही है। घंटाघर सैदनगली का मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगा। घंटाघर बनाने में दो करोड़ रुपये की लागत आएगी। घंटाघर क्षेत्र वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनेगा। चार मंजिला घंटाघर की ऊंचाई 110 फीट होगी। इसके साथ कस्बे का विकास होगा और प्रथम तल पर कामर्शियल मीटिंग हॉल बनाया जा रहा है।

जबकि द्वितीय तल पर नगर पंचायत का सर्विलांस रूम एवं तीसरी मंजिल पर घंटाघर बनेगा। घंटाघर में तीन स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। चार मंजिला घंटाघर में जीने के साथ लिफ्ट भी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कस्बे का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। जिससे बाहर से आने वाले लोगों को कस्बे में किया जाने वाला सौंदर्यीकरण लुभाएगा।



निर्माणाधीन घंटाघर। ● अमृत विचार

### चौराहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**सैदनगली, अमृत विचार** : कस्बे का विकास किए जाने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख चौराहों व मार्गों पर निगरानी के लिए 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक ने बताया कि कस्बे के विकास के लिए कई बड़े कार्य शुरू किए जा रहे हैं। मुख्य बाजार वाले तालाब को अवैध कब्जा मुक्त कराकर अमृत सरोवर के रूप में विकसित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कस्बे में सुरक्षा के लिए चौराहों एवं मुख्य मार्ग पर सीसीरटीवी कैमरे लगाए लगेंगे। इन कैमरों से शरारती तत्वों एवं अपराधियों पर नजर भी रखी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि मेहंदीपुर में डेढ़ करोड़ से आंबेडकर पार्क तथा शहीद स्मारक बनाया जाएगा।

> नगर पंचायत का विकास हो रहा है। पंचायत क्षेत्र में कोई ऐसी जगह नहीं जहां सड़क न बनी हो। 110 फिट ऊंचे घंटाघर का निर्माण तेजी से हो रहा है। इसके अलावा कई प्रमुख कार्य कराए जा रहे है। सौंदर्यीकरण को लेकर तेजी से कार्य चल रहा है। –अभिनव कौशिक, नगर स्वच्छता प्रेरक सैदनगली

## एक नजर

### मामूली बात पर मारपीट में महिला घायल

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी मुजफ्फर की पत्नी भूरी ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि गाली गलौज को लेकर परिवार के लोगों से एक दो दिन पहले विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर सास, दो देवरानी, जेठानी अपनी बेटी व बेटे के साथ मिलकर घर में घुस आए। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए सास, देवरानी, जेठानी अपने बेटे व बेटी के साथ मारपीट करने लगी। जिसमें वह घायल हो गई। जिसके बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया।

### घास लेने जंगल गई किशोरी हुई गायब

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रिठाली निवासी परवीन की पत्नी सर्वेश ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया कि दो फरवरी की दोपहर में 16 वर्षीय पुत्री पशुओं को खिलाने के लिए जंगल में घास काटने गई थी। देर शाम तक किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजन दो दिन तक किशोरी की आसपास व रिश्तेदारी में तलाश करते रहे, लेकिन किशोरी का रविवार तक पता नहीं चल सका।

### दस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी हसनैन शनिवार की देर शाम मुहल्ला चौधरी सराय में स्थित दादा मियां की मजार के पास से जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर प्लास्टिक की दो केनों के साथ खड़ा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्लास्टिक की केनों से दस लीटर शराब बरामद कर हसनैन को गिरफ्तार कर लिया।

### उधार दिए रुपए मांगने पर महिला से मारपीट

गुन्नौर अमृत विचार : उधार दिए रुपए मांगने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी शीला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गांव के ही सोहनपाल पर उसके 14000 रुपये थे। शीला ने सोहनपाल के भाई छोटे से रुपयों का तकादा किया तो उसने मारपीट की। महिला ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

# नदी के पुल से जिंदा और मृत गोवंशीय पशुओं को फेंककर भागे अज्ञात लोग

## धनारी क्षेत्र में शनिवार देर रात हुई घटना, एसडीएम पहुंचे, मृत पशुओं को दफन कराया

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी


पशुओं को फेंके जाने के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस। ● अमृत विचार

अमृत विचार : संभल के धनारी थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अज्ञात लोग मृत एवं जिंदा गोवंशीय पशुओं को महावा नदी के पुल से फेंककर भाग गए। छह पशु मृत मिले जबकि एक की तड़पकर मौत हो गई। करीब दस पशु पास के ही गांव पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। एसडीएम ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। मृत गोवंश को दफनाकर जिंदा पशुओं का उपचार शुरू कराया गया।

थाना क्षेत्र के गांव दिनौरा और पुसावली के बीच महावा नदी का पुल है। शनिवार को रात पुल के आसपास खेतों में किसान फसलों की रखवाली कर रहे थे। तभी दिनौरा की तरफ से आए अज्ञात वाहन से लोगों ने पुल पर पहुंचकर गोवंश पशुओं को फेंक दिया। गोवंश पशुओं को फेंकने के बाद वाहन को जुनावई की तरफ ले गए। आवाज होने पर खेतों से निकलकर किसान मौके पर पहुंचे तो छह पशु मृत मिले जबकि एक पशु तड़प रहा था, जिसकी मौत हो गई। इस बीच करीब दस पशु गांव दिनौरा पहुंच गए। कहा जाने लगा कि दूसरे क्षेत्र के गोवंश पशुओं को यहां लाकर पुल से फेंका गया है। सूचना मिलने पर एसडीएम रमेश बाबू, थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने गड्ढा खुदवाकर मृत पशुओं को दफन कराया जबकि जिंदा गोवंश का पशु चिकित्सा केंद्र में उपचार शुरू कराया। गोवंश पशु को लाकर फेंकने वाले अज्ञात वाहन के बारे में पता नहीं चल सका।

### छुट्टा पशु को इधर से उधर छोड़ने का चल रहा काम

संभल अमृत विचार : सरकार और जिला प्रशासन द्वारा छुट्टा पशुओं को संरक्षित किए जाने के दबाव के चलते खलबली का माहौल है। जिले में छुट्टा पशुओं को इधर से उधर छोड़ने का काम चल रहा है। पिछले दिनों जुनावई क्षेत्र से पशुओं को बदायूं ले जाया जा रहा था तो वाहन को पकड़ लिया गया था। गांव सारंगपुर से पशुओं को सरकारी कैटल वाहन से गवां से पास छोड़ा जा रहा था तो ग्रामीणों ने विरोध करके लोगों को दौड़ा लिया था। जिसके बाद लोग पशुओं को शकरपुर के पास छोड़ने लगे तो स्थानीय ग्रामीणों ने हंगामा किया। बहरहाल, इस तरह गोवंश पशुओं को इधर से उधर छोड़ने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

# सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते सात साल से फंसा 350 प्रगणकों का मानदेय

कार्यालय संवाददाता, संभल

- 2016 में प्रगणकों ने किया था एनपीआर का कार्य, पर नहीं मिली धनराशि
- तहसीलदार, एसडीएम को दिए कई ज्ञापन पर मिले हैं सिर्फ आश्वासन

अमृत विचार : 2016 में शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने प्रगणकों के रूप में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) का काम किया लेकिन 7 साल बाद भी मानदेय के लिए भटक रहे हैं। सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते प्रगणकों को मानदेय के बजाय अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहे हैं। अब तहसील कार्यालय से संभल के 350 प्रगणकों के खातों की जानकारी जिले पर नहीं भेजने की बात सामने आई है तो जिला प्रशासन से इस प्रक्रिया को पूर्ण कराकर जल्द ही मानदेय भुगतान कराने की मांग उठ रही है।

प्रदेश सरकार के निर्देश पर वर्ष 2016 में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) का कार्य कराया गया था। जिसमें जिले की संभल, चंदौसी और गुन्नौर तहसील के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों एवं शिक्षकों को लगाया गया था। जिनकी संख्या करीब 1100 थी। कार्य के लिए हर प्रगणक को 6000 रुपये मानदेय देने की बात कही गई थी। लेकिन कई साल बीत गए पर प्रगणकों को मानदेय नहीं मिल सका। इस बीच कई बार तहसीलदार से लेकर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपे गए लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल सका।

जब मानदेय के लिए डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया तो पता चला कि चंदौसी और गुन्नौर के प्रगणकों का मानदेय भुगतान हो चुका है लेकिन संभल के प्रगणकों का मानदेय भुगतान खातों की जानकारी जिले पर नहीं भेजने के कारण रुका है। जबकि प्रगणकों की ओर से खाता संख्या तहसील कार्यालय को काम समाप्त होने के बाद ही उपलब्ध करा दिए थे।

तहसील कार्यालय की लापरवाही के चलते प्रगणक सात साल बाद भी मानदेय से वंचित हैं। प्रगणकों को अब जिला स्तरीय अधिकारियों से उम्मीद है और वह मानदेय भुगतान कराने की मांग उठा रहे हैं।

> कई बार अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी मानदेय भुगतान नहीं कराया गया। अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन ही दिए। खातों की जानकारी देने के बाद भी जिले पर नहीं भेजने की बात सामने आई है। अगर यही बात है तो खातों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रगणकों को मानदेय का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए।
>
> -रविंद्र कुमार खारी, ब्लाक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक/शिक्षामित्र संघ संभल

# दूसरे समुदाय के एक दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, संभल

**कार्रवाई**
- वाल्मीकि परिवारों से गांव में चल रहा है दो माह से विवाद
- वाल्मीकि समाज के बहिष्कार की दी थी चेतावनी

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र के शहवाजपुर सूरा नगला गांव में धर्मस्थल निर्माण को लेकर वाल्मीकि परिवारों के दूसरे समुदाय के लोगों के साथ विवाद के बीच दूसरे समुदाय के लोगों ने वाल्मीकि युवक के साथ गाली गलौज कर उसे धमकाया। इस मामले में दूसरे समुदाय के एक दर्जन लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शहवाजपुर सूरा नगला में दिसंबर माह में धार्मिक स्थल निर्माण कराने का विरोध करते हुए दूसरे समुदाय के लोगों ने 18 दिसंबर को बैठक कर वाल्मीकि समाज के लोगों का हुक्का पानी बंद करने की बात कही थी।। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।

मामला पुलिस तक पहुंचा को समझा-बुझाकर लोगों ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि शनिवार को गांव के ही दूसरे समुदाय के एक दर्जन लोग जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए राजेश वाल्मीकि के साथ गाली गलौज करने लगे।

विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। राजेश की तहरीर मिलने पर पुलिस ने देर शाम एक दर्जन लोगों के खिलाफ एससी, एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# संविधान बदल नया कानून लाना चाहती है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव का स्वागत करते सपाई। ● अमृत विचार

- किसान, मजदूर, नौजवान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंके : धर्मेंद्र यादव

अमृत विचार : रजपुरा क्षेत्र के कस्बा गवां में पीडीए के संविधान बचाओ सम्मेलन में पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हम पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक और प्रताड़ित अगड़ों की लड़ाई लड़ रहे हैं। इतनी मजबूती से बीजेपी के खिलाफ वोट करना है जिससे किसान, मजदूर, नौजवान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंका जाए।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को बदलकर देश में नया कानून लाना चाहती है। उससे संघी विचारधारा का बोलबाला होगा, आम आदमी का कोई भला नहीं होने वाला। इसलिए भाजपा के खिलाफ वोट व समर्थन देकर मुझे संसद में पहुंचाने का काम करें। जिससे मैं लोगों की लड़ाई मजबूती से लड़ सकूं। उन्होंने कहा कि यह पहला चुनाव है जो नेताजी की अनुपस्थिति में हो रहा है। लोगों ने जैसा आशीर्वाद नेताजी को दिया वैसा आशीर्वाद मुझे दें। इस दौरान विधायक राम खिलाड़ी सिंह, पूर्व मंत्री प्रदीप यादव, अखिलेश यादव, अमित यादव, रामप्रसाद, सीताराम, बिट्टू कश्यप, मुन्नू सिंह, तरुण प्रताप, हरीश कुमार, डीपी यादव, कल्याण सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षामित्रों ने उठाई मानदेय वृद्धि की मांग

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक/शिक्षामित्र संघ की बैठक गांव मोहम्मदपुर भंडा में हुई। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र कुमार खारी ने कहा कि एक अगस्त 2017 से शिक्षामित्र मात्र 10 हजार रुपये अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं जबकि महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है।सात साल से मानदेय वृद्धि न होना शिक्षामित्रों का आर्थिक, मानसिक, सामाजिक शोषण करना है। रविंद्र कुमार खारी ने कहा कि सरकार से शिक्षामित्र नियमितीकरण की मांग करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक शिक्षामित्रों को कोई भी उपहार नहीं दिया गया है। हरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षामित्रों को जल्द ही मानदेय समान कार्य समान वेतन के बराबर करना चाहिए। इस दौरान चंद्रपाल सिंह, कमल सिंह, सुरेंद्र यादव, ऋषिपाल यादव, चंचल त्यागी, मोनिका सैनी, डोली शर्मा, राजवती, नेम सिंह यादव, सत्यवीर सिंह यादव, भुवनेश यादव आदि रहे।

### धर्म रक्षा निधि अभियान को सफल बनाने का आह्वान

चन्दौसी, अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड चन्दौसी पश्चिम की धर्म रक्षा निधि विषयक बैठक रविवार को आदर्श बाल विद्या मंदिर कृष्णा नगर में हुई। बैठक में विहिप के विभाग धर्म प्रसार प्रमुख रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष धर्म रक्षा निधि अभियान 18 फरवरी तक चलेगा। हिंदू समाज को जातियों में बांटने का षड़यंत्र अनेक वर्षों से चला आ रहा है। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा पिछले 60 वर्षों में समरसता हिन्दू समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रखंड अध्यक्ष सीपी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से समाज जागरण, राष्ट्र जागरण और विश्व कल्याण के लिए सतत् प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। प्रखंड मंत्री श्याम ठाकुर ने विहिप के लक्ष्य, किये गये कार्यों एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए जन–जन तक पहुंचाने हेतु 18 फरवरी तक के लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुपम मिश्रा, पीएन शर्मा, उत्कर्ष, प्रत्यक्ष आदि उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं को धर्म रक्षा निधि अभियान से संबंधित रसीदें और सामग्री उपलब्ध कराई गई।



लखनऊ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट करते प्रदीप सिरसवाल व अन्य।

### उप मुख्यमंत्री के समक्ष लखनऊ में ली भाजपा की सदस्यता

संभल अमृत विचार : राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके आवास पर मिला। राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिरसवाल और लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। प्रदीप सिरसवाल और सदस्य उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग साध्वी गीता प्रधान ने संयुक्त बयान में कहा कि लोकसभा चुनाव में कहीं से कोई भी भाजपा से सीट पर चुनाव लड़ेगा उसे विजयी कराने में पूर्ण सहयोग किया जाए। इस दौरान पीलीभीत विधायक बाबूराम पासवान के अलावा वीरेंद्र तोमर, जूली गोस्वामी, कुनाल वाल्मीकि, अनमोल बिरला, मनोज सक्सेना, अतुल कठेरिया, काजल कटारिया, सौरभ सिरसवाल, विपिन बेनीवाल, राहुल वाल्मीकि, राहुल सेवक, शैलेश गौड़, अंशु, संजीव चाहल, पवन पंवार, खुर्शीद अहमद, यश पंवार आदि रहे।


अंडरपास के लिए धरना देते भाकियू असली के सदस्य। ● अमृत विचार

### आज मंडलायुक्त से मिलेगा किसानों का प्रतिनिधिमंडल

संभल, अमृत विचार : गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर अंडरपास निर्माण के लिए भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 12वें दिन भी जारी रहा। भाकियू असली के प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुरादाबाद में मंडलायुक्त से मिलकर अपनी मांग रखकर वार्ता करेगा। रविवार को बारिश और कड़ी सर्दी के बीच गांव भटौला में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर नारेबाजी की। कहा कि अंडरपास निर्माण की मांग जायज है। जब तक अंडरपास निर्माण शुरू नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। सोमवार को भाकियू असली का प्रतिनिधिमंडल मंडल मुरादाबाद में मंडलायुक्त से वार्ता के लिए जाएगा। उसके बाद धरना स्थल पर पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर अगली महापंचायत आदि की योजना पर विचार किया जाएगा। इस दौरान भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह, जयवीर यादव, गनपत, रामकिशन, राहिद, बालकिशन, धर्मवीर, कृपाली, सचिन यादव, प्रमोद यादव, रजनेश यादव, भूरे शर्मा सुरेश आदि रहे।

# 250 पशुओं का किया गया टीकाकरण

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन


संभल के गांव में पशुओं का टीकाकरण करते पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी।

- पंवासा विकास खंड के गांव सौंधन मोहम्मदपुर पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम

अमृत विचार : विकास खंड पंवासा के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में पशुओं में खुरपका मुंहपका बीमारी फैलने को लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो पशु चिकित्सा विभाग चेत गया। रविवार को विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पशुओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली। बीमारी से बचाव के लिए 250 पशुओं का टीकाकरण किया।

गांव सौंधन मोहम्मदपुर में कई दिनों से पशुओं में खुरपका मुंहपका रोग फैल रहा था। ग्रामीण मजबूर होकर झोलाछापों से पशुओं का इलाज कर रहे थे क्योंकि पशु चिकित्सा विभाग उदासीन बना था। अमृत विचार ने 4 फरवरी के अंक में पेज 8 पर पशुओं में फैल रहा खुरपका-मुंहपका रोग ...शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो पशु चिकित्सा विभाग भी हरकत में आ गया। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेते हुए अधीनस्थों को गांव पहुंचकर पशुओं का इलाज करने के निर्देश दिए। जिसके बाद रविवार को पंवासा की पशु चिकित्सा अधिकारी प्रियंका राजपूत के निर्देशन में कर्मचारी सतीश चंद्र, तेजपाल यादव तथा वीरेश गांव पहुंचे। कर्मचारियों ने गांव में घर-घर जाकर पशुओं की बीमारी के बारे में जानकारी ली। 250 पशुओं का टीकाकरण भी किया। कर्मचारियों ने पशुओं के इलाज और बचाव को लेकर ग्रामीणों को जरूरी बातें भी बताईं। वहीं पशुओं का टीकाकरण शुरू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## ग्रामीण से मारपीट में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संभल/जुनावई, अमृत विचार: रास्ते में रोककर ग्रामीण के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दबथरा श्याम निवासी पंकज कुमार दो फरवरी की देर रात जुनावई से घर जा रहा था। जुनावई से निकलकर पंकज रास्ते में थोड़ी दूर ही पहुंचा था कि जुनावई निवासी सौरभ, केशव, अखिलेश्वर, सुमनेश, गोपी और देवा ने मिलकर पंकज को रोक लिया। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए पंकज के साथ मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों को देखकर मारपीट कर रहे सभी लोग भाग गए। रविवार को पंकज ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सौरभ, केशव, अखिलेश्वर, सुमनेश, गोपी और देवा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# ससुराल में गर्भवती से मारपीट, बच्चे की मौत

संवाददाता, संभल

- मायके वालों को देखकर ससुराल वाले अस्पताल से भागे

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने पांच माह की गर्भवती के साथ मारपीट की। जिससे पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर ससुराल वालों ने गर्भवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके वालों को देखकर ससुराल वाले गर्भवती को अस्पताल में छोड़कर भाग गए।

मुरादाबाद जिले के गांव सहसपुर निवासी शमीना का शादी डेढ़ वर्ष पहले कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला फत्तेहउल्ला सराय निवासी नूर के साथ हुई थी। शमीना इस समय पांच माह की गर्भवती है। आरोप है कि शनिवार की देर रात ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर शमीना के साथ लात घूसों से मारपीट की। जिससे शमीना की तबीयत बिगड़ गई। रविवार की सुबह ससुराल वालों ने शमीना को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मायके वालों को सूचना देने पर शमीना को जान से मारने की धमकी दी। यहां अल्ट्रासाउंड किया तो पता चला कि बच्चे की पेट में मौत हो चुकी है। किसी से फोन लेकर शमीना ने मायके वालों को फोन किया।

मौके पर पहुंचे मायके वालों को देखकर ससुराल वाले अस्पताल से भाग गए। मायके वाले शमीना को लेकर कोतवाली पहुंचे और पति सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने शमीना का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

**भक्ति** — बारिश से खराब हुए रास्ते पर फंसे श्रद्धालुओं के वाहन, ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर की परिक्रमा

# बिगड़े मौसम में श्रद्धालुओं ने की तीर्थ परिक्रमा, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल में उत्साह के साथ परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार



संभल में कीचड़ में फंसी पुलिस की जीप।

अमृत विचार : हिंदू जागरण मंच और मुन्नी माता मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। खराब मौसम में जब दो पहिया और चार पहिया वाहन कीचड़ में फंसने लगे तो श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार हो गए। श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए परिक्रमा पूरी की। इस दौरान सुरक्षा के भी इंतजाम रहे।

रविवार को सुबह से ही खराब मौसम रहा। बारिश होने के कारण तीर्थ परिक्रमा का रास्ता भी खराब हो गया। आदमपुर मार्ग पर गांव बेनीपुर चक में स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर श्रद्धालु जुटने लगे। खराब मौसम में ही श्रद्धालुओं ने परिक्रमा करने का मन बनाया और भीड़ बढ़ती गई। जैसे ही श्रद्धालु दोपहिया और चार पहिया वाहनों में सवार होकर चले तो वाहन कीचड़ में फंसने लगे। पुलिस की गाड़ी भी फंस गई। परिक्रमा का रास्ता कच्चा होने के कारण बारिश में खराब हो चुका था। फिर भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। श्रद्धालुओं ने ट्रैक्टर ट्रालियों का इंतजाम कराया। जिसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर परिक्रमा मार्ग पर बढ़े। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और श्री कल्कि के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बनाया। विभिन्न गांवों से होकर श्रद्धालुओं ने प्राचीन वंशगोपाल तीर्थ पर ही परिक्रमा पूरी की। श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग पर निकले तो रास्ते के गांवों में उनके स्वागत सत्कार का इंतजाम किया गया।

क्षेमनाथ तीर्थ पर भी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। तीर्थ परिक्रमा में महंत मुरली सिंह, राजकुमार शर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, मुकेश गोयल, शंकर शर्मा, जसपाल सिंह, विशाल शर्मा, कुलदीप कुमार मिश्रा, ऋषभ, सतपाल, रामौतार, सतेंद्र, अमन, विनीत, कुंवरपाल, विजय सैनी, राहुल, अमन आदि रहे।

### परिक्रमा मार्ग पर पसरी कीचड़ भी नहीं रोक सकी श्रद्धालुओं का रास्ता

संभल, अमृत विचार : बरसात के बाद रविवार को कुछ माह पहले बनवाये गये परिक्रमा मार्ग पर कीचड़ पसर गई। श्रद्धालु कार व बाइकों पर सवार होकर यात्रा के लिए निकले तो वाहन कीचड़ में फंसने लगे। पुलिस की जीप व पीएसी का वाहन भी कीचड़ में फंस गया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों का सहारा लिया गया। जहां श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवार होकर यात्रा मार्ग पर बढ़े वहीं उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिस व पीएसी के जवान भी ट्रैक्टर ट्राली में ही सवार होकर श्रद्धालुओं के साथ चले।

## गुरुवाणी और कीर्तन से संगत को किया निहाल

चन्दौसी, अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार गांव पथरा में सिख धर्म के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 357वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रागी जत्था ने गुरुवाणी व कीर्तन से संगत को निहाल कर दिया। गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। सर्वप्रथम श्री अखण्ड पाठ साहिब के समाप्ति उपरांत कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें मुरादाबाद से आये रागी जत्था भाई ओंकार सिंह ने गुरुवाणी में तही प्रकाश हमारा भयो, पअना शहर बिखै भव लयो आदि गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। संभल गुरुद्वारा से आए ज्ञानी गुरजीत सिंह ने कीर्तन में वाहु वाहु गोविंद सिंह, आपे गुरु चेला आदि से संगत को निहाल कर दिया। साथ ही रागी जत्था ज्ञान भान सिंह नई दिल्ली द्वारा शबद व गुरवाणी से गुरु गोविंद सिंह की महिमा का बखान किया।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD Hero TVS BAJAJ YAMAHA KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

## एक नजर

### प्रतियोगिता में भाग लेने आज रवाना होगी अंशी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** किड्स ताइक्वांडो एकेडमी की 10 वर्षीय खिलाड़ी अंशी गुप्ता का जयपुर में 6 से 9 फरवरी तक संपन्न होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। वह सोमवार की सुबह कोच के साथ जयपुर रवाना होंगी। अंशी जनपद संभल से एक मात्र खिलाड़ी है। जिनका चयन इस प्रतियोगिता में हुआ है। पूर्व में लखनऊ में भी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंशी गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन किया था। जिसके कारण अंशी का चयन जयपुर में संपन्न होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में हुआ है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में पहुंचे मरीज

**बनियाठेर, अमृत विचार :** विकास खण्ड बनियाखेड़ा की नरौली सीएचसी के अंतर्गत रविवार को गांव अकरौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नरौली सीएचसी की चिकित्सक डॉ. आमिना ने मरीजों का हाल जाना और दवाएं दीं। साथ ही बुखार व खांसी जैसी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी।

# पक्के नाले की मांग को लेकर प्रदर्शन

## पंचशील कॉलोनी में कुछ लोगों ने सफाई कार्य रुकवाया, डीएम के आदेश पर हो रही थी सफाई

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी से पंचशील कॉलोनी के लोगों ने नाले की सफाई की मांग की थी। शनिवार की दोपहर से नाले की सफाई का कार्य जेसीबी से प्रारंभ करा दिया गया। रविवार को कुछ लोगों ने पक्के नाले का निर्माण सहित अन्य मांगों को लेकर सफाई कार्य रुकवा कर प्रदर्शन किया।

गोशाला रोड स्थित नाले की सफाई नहीं होने पर पंचशील कॉलोनी की सड़कों पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति कॉलोनी में 20 दिन से बनी हुई है। शनिवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल संपूर्ण समाधान दिवस में थे तो कॉलोनी के लोग उनसे मिले और गोशाला रोड स्थित नाले की सफाई की मांग की थी।


मिलक मौलागढ़ पर जेसीबी के आगे प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार


जेसीबी से की गई कच्चे नाले की सफाई का रोका गया कार्य। ● अमृत विचार

- मौलागढ़ सचिव जेसीबी से शनिवार से करा रहे थे नाले की सफाई

जिलाधिकारी ने तभी नाले की सफाई कराने के निर्देश दिए तो गांव मौलागढ़ के सचिव मनोज कुमार जेसीबी लेकर गोशाला रोड पहुंच गए और नाले की सफाई का कार्य शुरू करा दिया।

रविवार को भी सफाई का कार्य चल रहा था। तभी गांव मिलक के लोगों ने कच्चे नाले को पक्का बनाने की मांग उठाते हुए सफाई कार्य रुकवा दिया। लोगों का कहना है कि जेसीबी से बार-बार नाले की सफाई होने से कच्चा नाला अधिक चौड़ा हो गया है। जबकि गोशाला रोड पर नई सड़क बनाई गई, जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। लोगों ने पक्के नाले की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया और सफाई कार्य रुकवा दिया। सचिव की ओर से उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई, तो मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। लोगों का विरोध देखते हुए सचिव जेसीबी लेकर लौट गए। प्रदर्शन करने वालों में अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, राजीव शर्मा, रविंद्रपाल, किशन पाल सैनी, सोनू ठाकुर, सुरेश सैनी, वीरेंद्र सैनी, बललू सैनी, टिंकू सैनी, पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवारों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हल्लू सराय निवासी सौरभ रविवार की देर रात 9 बजे मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित धर्मशाला में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। सरथल पुलिस चौकी के पास पीछे से आए तीन बाइक सवार युवक गाली गलौज करते हुए सौरभ के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद धमकी देते हुए तीनों बाइक सवार भाग गए। मौके पर पहुंचे परिजन सौरभ को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सौरभ का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

## घर के बाहर डाला कूड़ा विरोध पर हत्या की कोशिश

**विजय नगला (बदायूं), अमृत विचार :** घर के सामने कूड़ा डालने का विरोध करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। गांव में पड़ोस में रहने वाले चार भाइयों ने पिटाई कर उसकी हत्या की कोशिश की। अब कोर्ट के आदेश पर आरोपी चार भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

## सार-संक्षेप


आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की नव मनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की ब्लॉक इकाई गठित

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** भारतीय मजदूर संघ की ओर से जुनावई ब्लॉक का अधिवेशन गांव पतरिया में स्थित पंचायत भवन में हुआ। जिसमें आशा/आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राधा पाठक, उपाध्यक्ष विमला देवी, कोषाध्यक्ष विमलेश, राजवती, पुष्पा को मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिए गए। यह प्रक्रिया सहायक जिला मंत्री नीतू चौधरी द्वारा की गई। इस दौरान संरक्षक सोमवती शर्मा, संघ जिलाध्यक्ष और सदस्य मौजूद रहीं।


ई-रिक्शा स्टैंड के लोकार्पण के दौरान रोटरी क्लब अमन के पदाधिकारी व अन्य।

### रोडवेज पर ई-रिक्शा स्टैंड का पुनर्निर्माण कराया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब अमन ने रोडवेज बस स्टैंड पर बने ई-रिक्शा स्टैंड का जीर्णोद्धार कराया। उद्योगपति बाबू फूलप्रकाश और कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर ने फीता काट कर ई-रिक्शा स्टैंड का लोकार्पण किया। इस दौरान बस स्टैंड इंचार्ज अनिल मिश्रा ने कहा कि रोडवेज परिसर स्थित ई-रिक्शा स्टैंड बहुत अहम है लेकिन यह जीर्ण शीर्ण अवस्था में था। उन्होंने संगठन के इस कार्य की सराहना की। उद्योगपति बाबू फूल प्रकाश ने कहा कि रोटरी क्लब अमन का यह कार्य जन हित का कार्य है और भविष्य में भी रोटरी क्लब अमन इसी तरह के जन हित के कार्य कर जनता को लाभान्वित करे। क्लब अध्यक्ष विकास कुमार मेंथा ने कहा कि रोटरी क्लब अमन नगर की समस्याओं को देखते हुए आगे भी भविष्य में जन हित के कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर भूपेंद्र गुप्ता, अनुज रमन, पवन कुमार, दीपेश कुमार, अमित कुमार, लोकेश वार्ष्णेय, भुवनेश वार्ष्णेय, विनय अग्रवाल, अतुल गुड्डू, राहुल, विजय कुमार, विशाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सुनसान जगह पर ले जाकर छह साल के बच्चे से कुकर्म

**बदायूं, अमृत विचार :** घर के बाहर खेल रहे छह साल के बच्चे को तीन किशोर सुनसान जगह पर ले गए। जहां उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित रोते हुए घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने कोतवाली सिविल लाइन जाकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तीनों किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा छह साल का है, जो शनिवार को घर के बाहर खेल रहा था। गांव निवासी तीन किशोर उसके पास आए और उसके गांव के पास सूनसान जगह पर ले गए। जहां उसके साथ गलत काम किया। बेटे के चिल्लाने पर तीनों किशोर ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। गलत काम करने के बाद उसके मुंह से कपड़ा बाहर निकाला तो उनका बेटा चिल्लाया। चीख सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तीनों आरोपी मौके से भाग गए। बेटा रोता हुआ घर आया था। व्यक्ति ने तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### फिर बिगड़ा मौसम, बारिश से बढ़ गई ठंड

**संभल, चन्दौसी अमृत विचार :** दो दिन निकली धूप से लोगों ने राहत महसूस की थी। ऐसा लग रहा था कि जैसे अब मौसम बदल रहा है और धूप खिलती रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शनिवार को देर रात मौसम का मिजाज फिर बिगड़ गया। बारिश शुरू हो गई जो रविवार को सुबह तक हुई। सुबह के वक्त शीतलहर चलने के कारण कामकाज पर जाने वाले लोग परेशान हुए। दिन में एक, दो बार सूर्यदेव ने दर्शन जरूर दिए। सर्दी बढ़ने पर देरशाम को ही लोग घरों में कैद होने लगे। बाजारों और प्रमुख चौराहों से रौनक गायब होती गई। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में रविवार को मौसम बिगड़ने के कारण लोग परेशान हुए। तापमान अधिकतम 17 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार की देर रात से शुरु हुई बारिश का सिलसिला रविवार की सुबह तक जारी रहा। जिससे लोगों को काम पर जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। खेतों में फसलें देखने पहुंचे किसानों के चेहरे पर चिंता दिखाई देने लगी। किसानों का कहना है कि खेत में पानी भरने से आलू और गेहूं की फसल को नुकसान है। यदि तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हुई तो फसल चौपट हो जाएगी। मुरादाबाद हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र में शाम के समय रुक-रुक कर बारिश होती रही।


मुरादाबाद हाइवे पर बारिश के दौरान गुजरते वाहन।

# रेलवे स्टेशन की बेंच पर मिला बिसौली के व्यक्ति का शव

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय के पास बेंच पर रविवार की सुबह एक 56 वर्षीय व्यक्ति शव मिला है। मौके पर पहुंची जीआरपी ने उसकी पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान जनपद बदायूं के थाना बिसौली के गांव हतसा के राजकुमार मिश्रा के रूप में की। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और बिना कार्रवाई के शव ले गए।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली के गांव हतसा निवासी राजकुमार मिश्रा 56 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा पांच दिन पहले घर से निकला था। रविवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर यात्री पहुंचने लगे। तभी प्रतीक्षालय के पास सीमेंट की बेंच पर एक व्यक्ति लेटा था। जिसे कुछ लोगों ने उठाने का प्रयास किया, मगर कोई हलचल नहीं होने पर जीआरपी को सूचना दी। मौके


चन्दौसी के जीआरपी थाने में मृतक के परिजनों से जानकारी करती पुलिस।

- परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से किया इनकार, शव ले गए
- पांच दिन पहले घर से निकला था राजकुमार मिश्रा

पर पहुंची जीआरपी ने देखा तो व्यक्ति मृत था। इसके बाद जीआरपी ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, तो आधार कार्ड मिला है। जिससे मृतक की शिनाख्त राजकुमार मिश्रा 56 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा गांव हतसा थाना बिसौली जनपद बदायूं के रूप में हुई।

## गृह क्लेश में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव में गृह क्लेश में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी।

अलापुर थाना क्षेत्र के गांव विशुनपुरी निवासी अजय खेती और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। कार्यक्रमों में डीजे भी बजाते थे। कुछ दिनों से वह शराब पीने आदी हो गए थे। जिसकी वजह से घर पर आए दिन क्लेश होता रहता था। परिजनों के अनुसार शनिवार शाम को भी वह शराब पीकर घर आए थे। परिवार में विवाद हुआ था। उनकी शराब पीने की आदत की वजह से उनकी पत्नी ऋषा देवी अपने दो बेटियों को लेकर दूसरे कमरे में सोने के लिए चली गईं। रात में अजय ने घर में फंदा लगा लिया। रविवार सुबह परिवार के लोग जागे लेकिन अजय दिखाई नहीं दिए। उन्होंने अजय को आवाज दी लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आई। भीतर देखा तो अजय का शव फंदे पर लटका था।

# युवती की हिमाचल में जलकर मौत

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- परफ्यूम फैक्ट्री में लगी थी आग पांच वर्ष से कार्य कर रही थी युवती
- जान बचाने को तीन अन्य महिलाओं के साथ शौचालय में हो गई थी बंद

**अमृत विचार:** हिमाचल प्रदेश के जनपद सोलन के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को परफ्यूम फैक्ट्री में लगी आग में बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर की युवती की मौत हो गई। युवती पांच वर्ष से फैक्ट्री में कार्य कर रही थी। घटना की सूचना मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया। गांव से परिजन हिमाचल के लिए रवाना हो गए।



बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर निवासी प्रेम सिंह कई वर्ष पहले हिमाचल प्रदेश के जनपद सोलन के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र चले गए। जहां वह व उनकी पत्नी अलग-अलग फैक्ट्रियों में कार्य करने लगे। राखी परफ्यूम फैक्ट्री में काम करती थी। शुक्रवार की दोपहर परफ्यूम फैक्ट्री में आग लग गई। उस समय राखी अन्य महिला व युवतियों के साथ तीसरी मंजिल पर कार्य कर रही थी। आग लगने से नीचे वाले कर्मचारी बाहर भाग गए, दूसरी मंजिल पर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। जबकि तीसरी मंजिल पर कार्य कर रही राखी तीन अन्य महिला कर्मचारियों के साथ शौचालय में बंद हो गई। आग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शनिवार की दोपहर राहत दल ने राखी का शव बाहर निकाला। मृतक राखी के तहेरे भाई अजय ने बताया कि एक महिला को जब राहत दल ने बाहर निकाला तो घायल थी। घायल महिला ने बताया कि राखी व अन्य तीन महिलाएं आग को देख शौचालय में बंद हो गई थी। उन्हें जानकारी नहीं थी कि आग इतनी भड़क चुकी है। रविवार को युवती के शव का अंतिम संस्कार हिमाचल में कर दिया गया।

## करंट से पशु की मौत महिला बाल-बाल बची

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** गांव पैगारफतपुर निवासी प्रेमवती पत्नी हरिओम के घर के बाहर बिजली का पोल खड़ा है। पोल पर अर्थ का लोहे का तार लिपटा हुआ है। शनिवार की रात से बारिश से पोल भीग गया। रविवार की सुबह बूंदाबांदी के दौरान प्रेमवती भैंस को घेर में बांधने जा रही थी। उसी समय पोल पर लिपटे तार में करंट था। जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही भैंसे के गले में रस्सी बंधी थी। जिसे प्रेमवती पकड़े हुए थी और बाल-बाल बची। प्रेमवती ने बताया कि करीब 75 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।


अयोध्या के श्री राम मंदिर में दर्शन के बाद भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू व अन्य।

# अयोध्या गए भाजपाइयों ने किए श्रीराम लला के दर्शन

**कार्यालय संवाददाता, संभल/चन्दौसी**

- कहा कि श्रीराम लला के दर्शन करना सौभाग्य की बात है

**अमृत विचार :** अयोध्या गए भाजपाइयों ने रविवार को श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला के भव्य दर्शन किए। दर्शन करके भाजपाई आनंदित हो गए। कहा कि श्रीराम लला के दर्शन करना सौभाग्य की बात है।

जनपद संभल से 100 बसों से 5000 हजार भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे। इनमें मुख्य रूप से भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, ब्लाक प्रमुख बनियाखेड़ा सुगंधा सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा डा. विशाल चौहान आदि रहे। शनिवार को देर शाम अयोध्या पहुंचकर भाजपाइयों ने रात्रि विश्राम किया। रविवार को सुबह भाजपाइयों ने हनुमान गढ़ी और श्रीराम जन्म भूमि पर बने श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला के भव्य दर्शन किए।

## कॉलेज के पास पड़ा मिला युवक का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार शाम कुछ लोग एक युवक को लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

मामला कोतवाली सदर क्षेत्र का है। रविवार की शाम चार लोग एक बेसुध युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सक को बताया कि वह युवक उन्हें हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज के पास पड़ा मिला था। युवक को इमरजेंसी वार्ड में छोड़कर वह लोग मौके से चले गए। कुछ समय के बाद युवक के परिजन रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे। युवक की शिनाख्त गांव बहेड़ी निवासी सुरजीत के रूप में की। परिजनों ने बताया कि सुरजीत मेले में बिजली फिटिंग का काम करता था। आरोप लगाया कि मेला में करंट लगने से उनकी मौत हुई है।

# बबराला में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**संवाददाता, बबराला**

- नगर पंचायत में कैमरे लगवाने के लिए स्थान किए गए चिन्हित
- इंदिरा चौक पर लगवा दिए गए चार कैमरे, अन्य स्थानों पर भी जल्द लगेंगे

**अमृत विचार :** सुरक्षा, सफाई और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नगर के चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख से निगरानी होगी। जिससे सीसीटीवी कैमरों के जरिये सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वालों की पहचान भी हो सकेगी। नगर के मुख्य बाजार से लेकर गली कूचों में चिन्हित स्थानों पर 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की तैयारी है।

नगर को 12 वार्डों में बांटा गया है। चयनित स्थानों में बालिका विद्यालयों, प्रमुख मंदिरों, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन और सर्राफा बाजार, प्रस्तावित सब्जी मार्केट सहित सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। कैमरा लगाने से जहां नगर में सुरक्षा, सफाई और यातायात व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग हो सकेगी। वहीं, नगर में पशुओं को छुट्टा छोड़ने वालों के साथ ही असामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने



वाले अराजक तत्वों पर नकेल कसी जा सकेगी। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि इंदिरा चौक पर हाई रेंज के चार सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। जल्द ही नगर क्षेत्र में और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नगर पंचायत आफिस में एक कंट्रोल रूम बनेगा। जहां से नगर की पूरी स्थिति का जायजा लिया जा सकेगा। नगर में सुरक्षा, सफाई, यातायात को बेहतर बनाने के साथ ही अराजक तत्वों पर नजर रखने और बाहरी वाहनों व लोगों की जानकारी के लिए पुलिस को भी मदद मिलेगी।

## गल्ला मंडी में आढ़त के ताले तोड़ कर चोरी

**बिल्सी (बदायूं), अमृत विचार :** शनिवार की रात नगर के बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग पर स्थित गल्ला मंडी में एक व्यापारी की आढ़त का चोरों ने ताला तोड़ कर उसमें रखे 14 कट्टा सरसों और नया इनवर्टर-बैटरी को चुराकर ले गए। पीड़ित व्यापारी ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

नगर के मोहल्ला संख्या एक निवासी हेमंत कुमार पुत्र उदय प्रकाश की नगर की गल्ला मंडी में आढ़त है। शनिवार की शाम वह अपनी आढ़त को ताला लगाकर आए थे। रविवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे अपनी आढ़त को खोलने के लिए मंडी पंहुचे। वहां देखा कि उनकी आढ़त का ताला टूटा पड़ा हुआ है। साथ ही अंदर रखे सरसों के कट्टे भी इधर-उधर पड़े थे, जिसमें 14 कट्टे और इनवर्टर और बैटरी वहां से गायब थे, जो चोर मंडी के सब्जी मंडी की ओर से बने गेट के निकट से निकाल कर ले गए।

**आयोजन** | ऐंचोडा कम्बोह में भी तेज हुईं कल्कि धाम शिलान्यास को लेकर तैयारियां

# संतों व राजनाथ सिंह को कल्कि धाम शिलान्यास का आमंत्रण

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचाड़ा कम्बोह में कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की संभावना के बीच तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने देश के कई प्रख्यात साधु संतों के साथ ही दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी शिलान्यास समारोह का निमंत्रण पत्र सौंपा। वहीं जनपद का पुलिस प्रशासन भी आयोजन स्थल पर अपनी तैयारियां पूरी करने में जुटा है।

संभल जनपद के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए 19 फरवरी का दिन तय किया गया है। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा आमंत्रित किये जाने के बाद


अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते एसडीएम सुनील त्रिवेदी।

- अधिकारियों ने गांव में साफ सफाई का चलवाया अभियान प्रमुख रास्ते भी होंगे दुरुस्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक्स पर संदेश लिखकर आयोजन में शामिल होने का संकेत दे चुके हैं। भव्यता के साथ कल्कि धाम के शिलान्यास की तैयारी की जा रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम संतों व राजनीतिक दिग्गजों को समारोह में आमंत्रित करने में जुटे हैं। रविवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रण पत्र सौंपा। इससे पहले उन्होंने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी व राष्ट्रीय प्रवक्ता बाबा हठयोगी से मिलकर आमंत्रण पत्र सौंपकर आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, कैलाशानंद गिरि व परम पूज्य सद्गुरू ऋतेश्वर जी महाराज से भी भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया।


सद्गुरू ऋतेश्वर जी महाराज से भेंट करते आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार

### अधिकारियों ने देखी व्यवस्थाएं, सफाई अभियान शुरु

**संभल, अमृत विचार :** कल्कि महोत्सव के शिलान्यास को लेकर पुलिस प्रशासन की गंभीरता का आलम यह है कि रविवार को छुट्टी के बावजूद अफसर दिन भर ऐंचोड़ा कम्बोह में मौजूद रहे। एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी ने आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का खाका तैयार किया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने आयोजन स्थल के आसपास व गांव में सफाई अभियान की शुरुआत कराई। वहीं एक्सईएन पीडब्ल्यूडी ने आयोजन स्थल पर बैरिकेडिंग व हेलीपैड की व्यवस्थाओं को देखा।

# कैंसर की रोकथाम को जीवन शैली में किया जाए बदलाव

**संवाददाता, बबराला**

- विश्व कैंसर दिवस पर डॉक्टरों ने बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके

**अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस पर नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) और रोटरी क्लब बबराला गंगा के संयुक्त तत्वावधान में विचार संगोष्ठी हुई। जिसमें पुरुषों और महिलाओं को कैंसर से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

रेलवे रोड स्थित कुमार क्लीनिक में हुई संगोष्ठी में डॉ. सुधींद्र शर्मा ने कहा कि तंबाकू, पान, सुपारी, पान मसालों एवं गुटकों के सेवन से मुंह, जीभ, खाने की नली, पेट, गले, गुर्दे और अग्नाशय (पेनक्रियाज) का कैंसर होता है। जबकि महिलाओं में कैंसर अधिक गर्भपात होने व कराने से। डॉ. कैलाश वार्ष्णेय ने कहा कि नियमित दिनचर्या से कैंसर रोग से बचा जा सकता है। डॉ. वीएस यादव ने जानलेवा कैंसर से बचाव की जानकारी दी। डॉ. राहुल यादव ने कहा कि अचानक वजन घटना, थकान महसूस होना, बिना वजह पेट फूलना, जरूरत से ज्यादा ब्लीडिंग होना, पेट के निचले हिस्से में दर्द, मरोड़ के साथ उबकाई, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, स्तन में गांठ, भूख न लगना, मल के साथ खून आना, शरीर में लाल चकत्ते पड़ना, लंबे समय तक बुखार रहना आदि लक्षण दिखाई दें तो उसका समुचित उपचार कराएं।


बबराला में नीमा की गोष्ठी में शामिल चिकित्सक। ● अमृत विचार

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

# देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साईटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विजुएल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।



पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबंधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्माम में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडर्ड्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

## प्रसंगवश

# लोक की शक्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी, लोक ने लड़ी, लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की, लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था, किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई, देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे, वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा, उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था, सो हुआ, जो कुछ हुआ और हो रहा है, वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है, जो तभी से चलती रही है।

वह विचार समूह, जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं, खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

# साइबर क्राइमः बड़े धोखे हैं इस राह में



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया, लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है, उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है, तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं, लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई बच्चे का वीडियो डालता है, लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है, बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

## सोशल फोरम

# बात बात में बात



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत, दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया। **-फेसबुक वॉल से**

# बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत



संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह, वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है, पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान, कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है, जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है, उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है, पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई, जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है, वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।

असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं, हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं, उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे, एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई, पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे, पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है, लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं, क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना, रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

# कौशल को निखारने की आवश्यकता



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां, रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश)के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है, जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

## एक नजर

### 17 को जेल लोक अदालत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला जज किरन बाला ने बताया कि कारागार में विचाराधीन बंदियों के लिए इस महीने के तृतीय शनिवार 17 फरवरी को विशेष जेल लोक अदालत लगेगी। उन्होंने जेलर से ऐसे बंदियों को जो 17 फरवरी को आयोजित होने वाली लोक अदालत के माध्यम से अपना वाद निस्तारित कराना चाहते हैं उनका प्रार्थना पत्र लेकर अविलंब कार्यालय में भेजने के लिए कहा है।

### 2000 महिलाओं को नहीं मिल रही निराश्रित पेंशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विधवा पेंशन के लिए निराश्रित महिलाएं विकास भवन के चक्कर काट रही हैं। अभी तक विभाग की ओर से निराश्रित महिलाओं के आधार कार्ड उनके खातों से लिंक नहीं हो पाए है। विभाग के जिम्मेदार कनेक्टिविटी खराब होने के बात कह कर पल्ला झाड़ रहे है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि दूर दराज से आने वाली महिलाओं के लिए विभाग की ओर से आधार कार्ड लिंक करने की व्यवस्था की गई है।

# शफीकुर्रहमान बर्क की तबीयत में सुधार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में बैठे संभल सांसद के पौत्र कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संभल से समाजवादी पार्टी के 94 वर्षीय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की तबीयत खराब होने पर उन्हें कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी के बाद महानगर और आसपास से उनके शुभचिंतकों और राजनीतिक लोगों का अस्पताल में जमावड़ा लग रहा है। रविवार को उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने की जानकारी जिले के कुंदरकी विधानसभा से सपा के विधायक और उनके पौत्र जिया उर रहमान ने दी।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क संभल से पांच बार के सांसद और चार बार के विधायक रह चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी तारीफ कर चुके हैं। डॉ. बर्क उन मुस्लिम नेताओं में से हैं जो बेबाकी से अपनी बात कहते हैं। सपा ने इस बार भी उन्हें लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है। कुंदरकी के विधायक और उनके पौत्र जिया उर

» हालत बिगड़ने पर कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में कराया है भर्ती

रहमान ने बताया कि उनका स्वास्थ्य काफी समय से खराब चल रहा था। महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराने से पहले उनका इलाज दिल्ली के मेदांता अस्पताल में हो रहा था। तबीयत में सुधार होने की वजह से उन्हें चार दिन पहले शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार रात उनकी तबीयत फिर एक बार अचानक से बिगड़ गई थी। उन्हें किडनी और लंग्स में इन्फेक्शन होने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हालांकि रविवार को उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। फिलहाल सांसद बर्क निजी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। उनके पौत्र जिया उर रहमान बर्क उनकी देखरेख कर रहे हैं। जबकि जिया उर रहमान की बहन डॉ. राबिया की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है।

## पारदर्शिता को अब इसी महीने से नई व्यवस्था से निकाले जाएंगे बिजली के बिल

# एमआरआई चेकिंग से बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सरकार बिजली चोरी पर सख्ती से अंकुश लगाने जा रही है। इससे मीटर रीडरों की मनमानी और रीडिंग कम करने के नाम पर चल रहा खेल भी रुकेगा। बिजली विभाग की एमडी चैत्रा वी. ने मीटर रीडिंग के लिए एमआरआई मशीन की व्यवस्था की है। इससे बिजली चोरी की जानकारी के साथ मीटर रीडरों की मनमानी और मीटर से छेड़छाड़ का भी पता आसानी से चल जाएगा। फरवरी के अंत में एमआरआई मशीन से जिले में रीडिंग ली जाएगी।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम से संबंधित जिलों में एमआरआई से मीटर की रीडिंग लेने की व्यवस्था विद्युत विभाग की एमडी के निर्देश के बाद लागू की गई। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया की इस महीने के अंत से एमआरआई मशीन से रीडिंग ली जाएगी। साथ ही बिजली के मीटर से छेड़छाड़ और रीडिंग बैक कराने पर भी अंकुश लग जाएगा। महानगर में पांच से नौ किलोवाट तक के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की जांच एमआरआई से कराकर बिलिंग कराई जाएगी। मीटर में हुई छेड़खानी जैसे बाईपास कर बिजली चलाने, शंट कर मीटर के आउट रहने की जानकारी मिल जाएगी। मीटर रीडर जो रीडिंग कम करने के लिए रीडिंग छोड़ देते थे वह भी नहीं चलेगा। एमआईआई से पूरा डाटा और प्रत्येक जानकारी सामने आ जाएगी।

उन्होंने बताया कि इससे जिलों में बिजली चोरी रोकने एवं मीटर रीडर पर नजर रखने के लिए एमआरआई (मीटर रीडिंग इंस्ट्रूमेंट) से मीटर की रीडिंग ली जाएगी। पहले दस किलोवाट से अधिक बिजली कनेक्शन वाले मीटरों के एमआरआई से बिजली बिल बनाए जा रहे थे। अब पांच किलोवाट से नौ किलोवाट तक के सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन पर लगे मीटरों की एमआरआई के जरिए बिलिंग होगी।

» मीटर रीडर कम डिमांड भरने के बदले उपभोक्ताओं से नहीं कर सकेंगे अवैध वसूली

### बिजली चोरों पर होगी एफआईआर, आज से जनपद में चलेगा चेकिंग अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिजली चोरी और कामर्शियल कनेक्शन को लेकर चेकिंग अभियान सोमवार से चलेगा। मुख्य अभियंता आरके बंसल के निर्देश पर शहर और देहात क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ने अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग के लिए टीमें बना दी हैं। स्वीकृत भार की आड़ में क्षमता से अधिक बिजली फूंकने वालों के घर और दुकानों के बिजली कनेक्शन चेक करने और बिजली चोरों की तलाश में जिले में चेकिंग अभियान चलेगा। जिले के हर विद्युत केंद्र पर तैनात एसडीओ, टीजीटू और लाइनमैन अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग करेंगे। बिजली चोरों पर विभाग की ओर से की जाने वाली कार्रवाई में चोरी की गई बिजली के किलोवाट के अनुसार जुर्माना, शमन शुल्क निर्धारित करने के साथ बिजली चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। वहीं बिजली विभाग द्वारा के दिए गए बिजली कनेक्शन से अधिक बिजली फूंकने वालों से पूरे वर्ष का मौके पर पकड़े जाने पर लोड के अनुसार बिल भुगतान के अलावा जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही कनेक्शन काट दिया जाएगा।

# तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

## बबली ने 22 साल पहले पति को खोया और अब इकलौते बेटे की भी सड़क दुर्घटना में चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


बैंक कॉलोनी खुशहालपुर में प्रशांत के घर के बाहर मौजूद शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार कंटेनर ने शनिवार रात में दिल्ली मार्ग पर फव्वारा चौराहे पर युवक को रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की जानकारी पाते ही घर में कोहराम मच गया था। मां और बड़ी बहन दहाड़ें मारकर रो रही थीं। रातभर परिवार जिला अस्पताल में रहा। सुबह तक मां-बेटी के आंसू सूख चुके थे और रोते-रोते आंखें सुर्ख लाल हो गई थी। परिवार वाले उन्हें ढांढस बंधा रहे थे। उधर, रात में घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर भाग गया था।

घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार रात करीब 12 बजे की है। प्रशांत कुमार बुद्ध बाजार से शॉपिंग कर स्कूटी से घर लौट रहा था। फव्वारा चौराहा पार करते समय पीछे से आए कंटेनर ने उसे साइड मार दी। इससे उसकी स्कूटी गिर गई और कंटेनर का पहिया उसके शरीर से होकर गुजर गया। जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। प्रशांत की


प्रशांत कुमार का (फाइल फोटो)।

मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है। करीब 22 साल पहले उसके पिता बब्बू सिंह की मौत हो गई थी। वह रेलवे में नौकरी करते थे। इनकी मौत के बाद पत्नी बबली सिंह को उनकी जगह नौकरी मिल गई थी। पति की मौत के बाद बेटा प्रशांत ही बबली का सहारा बचा था। 23 वर्षीय बेटी भी अभी अविवाहित है। मृतक प्रशांत 12वीं पास था। वह मझोला थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी खुशहालपुर का रहने वाला था। मृतक के चाचा मनोहर सिंह ने बताया कि उनका भतीजा सैलून में काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले वहां से काम छोड़ दिया था। परिवार में मां बबली सिंह रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। बड़ी बेटी है, जो नर्सिंग का कोर्स कर रही है। सूचना पर पहुंचे सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल भिजवाया था, जहां देखते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर युवक के शव को परिजन को सौंपा दिया था। थानाध्यक्ष ने बताया, टक्कर मारने वाले कंटेनर को थाने में खड़ा करा लिया गया है।

### पहले पति अब इकलौते बेटे की मौत से टूट गई मां

पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के मामा नरेंद्र कुमार, कृष्णा व राम किशोर, चाचा मनोहर सिंह व चचेरे भाई अंकित मौजूद थे। मृतक प्रशांत के चाचा मनोहर सिंह ने बताया कि वह लोग मूलरूप से कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव दहापुर के रहने वाले हैं। लेकिन, काम-धंधे के चक्कर में गांव छोड़कर महानगर में रहने लगे थे। मनोहर ने बताया कि उनके बड़े भाई बब्बू सिंह की हार्ट अटैक होने से जनवरी 2001 में मौत हो गई थी। भाई की पत्नी बबली सिंह बड़े कष्टों के बीच अपने दोनों बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। बेटे अंकित की मौत के बाद अब बबली पूरी तरह से टूट गई हैं।

### चालक को ढूंढ रही पुलिस

रेल पुलिस चौकी प्रभारी बिजेंद्र राठी ने बताया कि कंटेनर लोकोशेड की तरफ जा रहा था और उसी तरफ स्कूटी सवार प्रशांत निकल रहा था। घटनास्थल के निरीक्षण से पता चला है कि कंटेनर की उसकी स्कूटी में साइड से टक्कर हुई है। चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## सीडब्ल्यूसी ने नाबालिग की मंगनी की रस्म रोकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बाल कल्याण समिति ने लाइनपार शक्तिनगर में नाबालिग की मंगनी की रस्म रुकवा दी। रविवार को नाबालिग छात्रा की मंगनी होने की जानकारी पर बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और चाइल्ड लाइन की टीम ने मौके पर पहुंच कर मंगनी की रस्म रोक दी।

रविवार को मझोला थाना क्षेत्र में लाइनपार के मोहल्ला शक्ति नगर के रहने वाले एक परिवार में कक्षा 9 की 13 वर्षीय छात्रा का विवाह डिलारी ब्लॉक के सलेमपुर गांव के रहने वाले 21 वर्षीय युवक से तय कर दिया था। रविवार को शक्ति नगर में छात्रा के आवास पर मंगनी की रस्म होने की जानकारी बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित कौशल को मिली। जिस पर उन्होंने अपने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और चाइल्ड लाइन टीम को साथ लेकर दोपहर एक बजे छापेमारी की। मौके पर 13 वर्षीय छात्रा की मंगनी की रस्म अदायगी की जा रही थी। टीम ने कार्यक्रम को रोक कर दोनों पक्षों को दिल्ली रोड स्थित बाल कल्याण समिति कार्यालय पहुंच कर छात्रा के बालिग होने तक शादी न करने का शपथ देने की हिदायत दी है। ऐसे न करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है

# मयंक ने जयपुर मैराथन में 4 घंटे में पूरी की 42 किमी की दौड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** क्रिमिनल एवं सिविल में वकालत का प्रशिक्षण ले रहे मयंक शर्मा ने जयपुर में 42.195 किमी की दूरी को चार घंटे 47 सेकेंड में पूरी कर ली। जबकि, इतनी दूरी तय कर लेने के लिए प्रतिभागियों को कुल छह घंटे का मौका दिया गया था। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से करीब ढाई लाख की संख्या में प्रतिभागी पहुंचे थे।



आशियाना निवासी मयंक ने बताया कि 15वीं एयू जयपुर मैराथन प्रतियोगिता गुलाबी नगरी जयपुर में रविवार को हुई है। इसमें उन्होंने एयू जयपुर मैराथन की तरफ से विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लिया। वह एयू जयपुर मैराथन की तरफ से मुरादाबाद एंबेसडर भी घोषित हैं। मयंक शर्मा ने बताया कि जयपुर मैराथन भारत के जयपुर में आयोजित एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय मैराथन है। यह आयोजन हर साल फरवरी में होता है और यह एशिया के सबसे बड़े मैराथन में से एक है। यह महाद्वीप पर सबसे बड़ी सामूहिक भागीदारी वाला खेल आयोजन भी है। इसकी शुरुआत 2010 में हुई थी।

मयंक ने बताया कि रविवार को हुई प्रतियोगिता में निर्धारित दूरी को निश्चित समय में पूरा कर लेने की होड़ थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के उपरांत 12 घंटे में 75 किमी की दूरी तय करने को मैराथन प्रतियोगिता देहरादून में हो रही है। इसकी तैयारी के लिए वह अभी से ही जुट गए हैं। मयंक इतनी दूरी को आठ से दस घंटे में तय कर लेने के हिसाब में तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वह कई मैराथन में प्रतिभाग कर चुके हैं। इसमें 12 हॉफ मैराथन 21 किमी, दो फुल मैराथन 42 किमी और 50 किमी ट्रेल अल्ट्रा रनिंग रोपड़ शामिल हैं।

### उपलब्धि

» प्रतियोगिता में शामिल होने देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे करीब ढाई लाख प्रतिभागी

# बड़ौदा हाउस लगाएगा कपूर कंपनी के नए पुल की डिजाइन पर मुहर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे मुख्यालय की पूछताछ के बाद सक्रिय प्रबंधन कपूर कंपनी पुल के समयबद्ध निर्माण में जुट गया है। इसके लिए सिविल इंजीनियरिंग विभाग की टीम परियोजना का विधिवत अध्ययन कर रही है। रेलवे मुख्यालय यानी बड़ौदा हाउस कपूर कंपनी पुल की डिजाइन पर मुहर लगाएगा। रेल प्रबंधन ने पुल की डिजाइन के लिए निजी कंपनी से करार किया है।

हाल के दिनों में लाइनपार क्षेत्र के लोगों की मांग और विरोध प्रदर्शनों का भी रेल प्रबंधन ने संज्ञान लिया है। जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस परियोजना की सुस्ती को लेकर पत्राचार कर चुके हैं। इसके बाद प्रबंधन ने अपने निर्माण और सिविल विभाग को परियोजना के अध्ययन की जिम्मेदारी सौंप दी है। डिजाइन बनाने का ठेका पाने वाली निजी एजेंसी के इंजीनियर और कर्मचारी यहां डंटे हुए हैं। पता चला है कि 2 से 3 दिन में रेलवे इंजीनियर नक्शा का प्रस्ताव तैयार कर देंगे। इसके बाद रेलवे मुख्यालय की टीम इसे अंतिम रूप देगी।

रेलवे के सहायक अभियंता (कार्य) बलजीत सिंह का कहना है कि तीन दिनों से इस परियोजना को लेकर मौके सत्यापन किया जा रहा है। सिग्नल, रेल लाइन, खंभे और लोगों के आने-जाने के रास्ते पर विचार किया जा रहा है। प्रस्तावित पुल 174 मीटर लंबा होगा और इसे पुराने पुल से छह मीटर दिल्ली दिशा की ओर बनाया जाएगा। संयुक्त रिपोर्ट जल्द तैयार की जाएगी। इसके बाद डिजाइन बनाने वाली कंपनी को प्रारूप सौंप दिया जाएगा। एजेंसी मुख्यालय से स्वीकृति के बाद पुल को आकार देगी।

### तैयारी

» निर्माण विभाग की टीम कर रही है रेल पटरियों की नाप-जोख

» 3 मीटर चौड़े पुल से नहीं आ-जा सकेंगे वाहन, दोपहिया को मिलेगी छूट

## घर में घुसकर गर्भवती समेत परिवार के सदस्यों को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा में रविवार सुबह मामूली बात पर पड़ोसी ने घर में घुसकर जमकर मारपीट की। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने चार आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित पक्ष के नरेश ने बताया कि वह मजदूरी कर अपना परिवार चलाते हैं। चार साल पहले उनकी शादी रेखा से हुई थी। वह सात माह की गर्भवती है। नरेश ने बताया कि रविवार सुबह उसकी पत्नी रेखा खाना बना रही थी। उसी दौरान पड़ोसी पप्पू के बेटे की गेंद आकर उसे लग गई। रेखा ने अरविंद को डांट दिया। अरविंद रोते हुए अपने घर गया तो उसके परिजन भड़क गए और थोड़ी देर बाद ही अरविंद के पिता पप्पू ने परिजन के साथ लाठी-डंडा लेकर महिला के घर धावा बोल दिया। आरोपियों ने रेखा के साथ ही उसके ससुर और ननद को बुरी तरह मारा पीटा। इसमें गर्भवती महिला रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां भर्ती कराकर उसका उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के पर आरोपी पप्पू, उसके भाई भानु प्रताप, धर्मवीर और कैलाश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# उधार के रुपये न लौटाने पर की थी गोविंद की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


पुलिस लाइन सभागार में हत्या का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रेलवे के पुराने खंडहर वाले आवासीय परिसर में युवक की हत्या गुरुवार रात में हुई थी। शनिवार को गोविंद का शव बरामद कर पुलिस ने आरोपी साजिद उर्फ लंबू को गिरफ्तार कर लिया था।

गोविंद पुत्र हरिशंकर बिलारी थाना क्षेत्र के टांडा अमरपुर का रहने वाला था। इसकी पत्नी गुलिस्ता की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार अभियुक्त साजिद उर्फ लंबू पुत्र मुस्तकीम थाना कटघर क्षेत्र में डबल फाटक हड्डी मिल के पास का रहने वाला है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में घटना का पर्दाफाश करते हुए कहा कि अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट को बरामद कर लिया है। एसपी सिटी ने बताया कि साजिद काफी दिनों से रेलवे स्टेशन और उसके आसपास गुटखा-बीडी, सिगरेट के साथ चोरी-छिपे नशे का सामान बेचता था। अभियुक्त साजिद ने पुलिस को बताया है कि गोविंद पर उसके नशे के सामान के काफी रुपये उधार हो गए थे। वह बहुत दिनों से उससे अपने उधारी के पैसे मांग रहा था लेकिन, गोविंद टालता रहा। अभियुक्त ने बताया कि उसके यहां से रुपये उधार होने से वह दूसरी जगह से नशे का सामान लेने लगा था। साजिद उर्फ लंबू ने पुलिस को बताया है कि उसने गोविंद को सबक सिखाने की ठान ली थी। एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त ने पुलिस को बताया है कि एक फरवरी की रात 9-10 बजे के आसपास वह रेलवे के खंडहर में था। उसी दौरान गोविंद भी घूमता हुआ उधर आया और अभियुक्त ने गोविंद से अपने उधारी के रुपये मांगे तो उसने पैसे देने से साफ मना कर दिया। साजिद ने खंडहर में पड़ी ईंट उठाकर गोविंद के सिर, चेहरे व शरीर पर कई वार किए थे।

### 2021 में भी साजिद जा चुका है जेल

सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त साजिद उर्फ लंबू के विरुद्ध वर्ष 2021 में भी मारपीट व अन्य मामलों में मामला दर्ज हुआ था। यह एफआईआर कटघर थाने में दर्ज हुई थी। इस प्रकरण में भी वह जेल में रहा है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा, इंस्पेक्टर बालेंद्र सिंह, कर्ण कादियान शामिल रहे।

### अनदेखी

## दो साल पहले खाली कराए गए थे 500 आवास, लोकोशेड, रेलवे कालोनी के खंडहर बने खतरा

# अवैध कार्यों का ठिकाना बने रेलवे के निष्प्रयोज्य भवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


हरथला कॉलोनी में रेलवे के निष्प्रयोज्य भवन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकोशेड, रेलवे कालोनी और हरथला क्षेत्र के खंडहर और खाली भवन खतरा बने हुए हैं। आदर्श नगर कालोनी क्षेत्र से सटे इलाके हमेशा चर्चा में रहते हैं। दो साल पहले रेल प्रबंधन ने निष्प्रयोज्य घोषित किए गए आवासों को खाली कराया था। तब शिकायत थी कि ऐसे खाली भवन और भूखंड तमाम अवैध कार्यों के अड्डे बन गए हैं।

दो साल पहले कर्मचारियों की सुरक्षा और अन्य मामलों के आधार पर रेल प्रबंधन ने ऐसे आवास को खाली करने का अभियान छेड़ा था। तत्कालीन एसएसई एके चमोली की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम का गठन हुआ था, जिसमें आरपीएफ और बिजली विभाग के सदस्य शामिल रहे। टीम ने 250 से अधिक आवास जर्जर हालत में चिह्नित किया और 200 से अधिक भवनों में अवैध रूप से निवास कर रहे लोगों से क्वार्टर खाली कराया। विभागीय पड़ताल में यह बात सामने आई थी कि कुछ कर्मचारियों ने अपने नाम से आवंटित कराए गए भवन किराए पर दे रखे थे। व्यापक कार्रवाई कटघर क्षेत्र, हरथला कॉलोनी और अन्य रेल विहार में चली। अब चंद्रनगर क्षेत्र से लेकर आदर्श नगर कॉलोनी के बीच ऐसे सैकड़ों आवास विभाग की लापरवाही दर्शा रहे हैं। विभाग द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित किए गए भवनों के फाटक, खिड़की लोगों द्वारा निकल लिए गए हैं। उधर, रेलवे स्टेशन के नजदीक खंडहर में लाश मिलने के बाद यह मामला फिर चर्चा में आया है, जबकि सामाजिक संगठनों में भी रेलवे के निष्प्रयोज्य निर्माण में अवैध गतिविधियों की शिकायत प्रबंधन से की थी। ऐसे में एक बार फिर आरपीएफ की सतर्कता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर आरपीएफ के सहायक कमांडेंट एपी सिंह का कहना है कि अभियान चला कर ऐसे भवन खाली कराए गए थे। निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है कि ऐसे निर्माण को तोड़े। विभाग के पास सुरक्षा के लिए जीआरपी है। ऐसे क्षेत्र की सघन निगरानी कराई जाएगी।

## परिवहन प्राधिकरण की बैठक 12 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 12 फरवरी को आयुक्त कार्यालय सभागार में होगी। इसमें 7 फरवरी तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा।

सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण राकेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण की बैठक में सम्भाग के अराष्ट्रीयकृत, निजी बस मार्गों पर स्थाई अनुज्ञापत्र के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा स्थायी सवारी गाड़ी (बस) अनुज्ञापत्रों के हस्तांतरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्र, मृतक अनुज्ञाधारकों के अनुज्ञापत्रों (बस/सीएनजी आटो रिक्शा) के वारिसानों के नाम हस्तान्तरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों, सीएनजी आटो रिक्शा परमिट हस्तान्तरण के हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा।


चित्रगुप्त इंटर कालेज में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य। ● अमृत विचार

# राजीव जिलाध्यक्ष और पुष्पेश मिश्र बने जिला मंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का वार्षिक चुनाव हुआ। केंद्रीय नेतृत्व से नामित निर्वाचन अधिकारी प्रेम सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गयी। निर्वाचन में 166 जिला प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सर्वसम्मति से सलिल मोहन को जिला संयोजक, राजीव पाठक को जिलाध्यक्ष और पुष्पेश मिश्र को जिला मंत्री घोषित किया।

मंच की ओर से डॉ.सुनीत गिरि को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया। डॉ.गिरी ने कहा कि ओम प्रकाश शर्मा संगठन के मार्गदर्शक रहे हैं। यहां निर्वाचन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया हमेशा से अपनाई गई है। अध्यक्ष के लिए राजीव पाठक, जिला संयोजक सलिल मोहन, जिला मंत्री के लिए पुष्पेश मिश्रा का नाम घोषित करता हूं। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने हाथ उठाकर सहमति से निर्वाचन की घोषणा की। अधिवेशन में नोमान जलील, मेहंदी हसन, मुख्तार हुसैन, जय गोपाल, सुशील कुमार, डॉ.रईस, डॉ.सुधीर कुमार, मयंक त्यागी, गीता कुमारी, नीति अग्रवाल, राजीव शर्मा, निर्मल रूहेला, अरुण सिंह, राजेश रस्तोगी, मयंक त्यागी, अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्षता ग्रंथ सिंह ने तथा संचालन पुष्पेश मिश्र ने किया।

# महिला जज ज्योत्सना को जरूर किसी ने आत्महत्या के लिए उकसाया होगा

## बेटी को मारकर शव लटकाने के आरोप लगाने के दूसरे दिन पिता ने कही नई बात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल जज ज्योत्सना राय का सरकारी आवास में पंखे से लटका शव मिलने की गुत्थी सुलझाना पुलिस अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सिर्फ यही स्पष्ट हो पाया है कि उनकी मौत हैंगिंग से हुई है। महिला जज की मौत 2 फरवरी की रात करीब 11 बजे होने का अनुमान है। वहीं 36 घंटों की जांच में पुलिस अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। यदि आत्महत्या को सही मानें तो महिला जज के आत्महत्या करने के पीछे का कोई ठोस कारण अभी तक सामने नहीं आया और न ही हत्या होने के संबंध में पुलिस को कोई क्लू मिला है।



रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव सरकारी आवास पहुंचा तो उनके पिता अशोक कुमार राय रोते हुए बताने लगे कि उनकी मौत एक साजिश है। जरूर किसी ने उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया होगा। तभी अगले ही क्षण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया होगा। वहीं शनिवार रात पिता अशोक कुमार राय ने बेटी को मारकर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### इंजीनियर भाई ने कहा- डायरी के कुछ पन्ने फटे हुए हैं, गंभीरता से जांच की मांग

महिला जज ज्योत्सना राय के भाई हिमांशु शेखर राय रेलवे में इंजीनियर हैं। बहन की मौत से उन्हें गहरा सदमा लगा है। आंसू रोके नहीं रुक रहे। बहन की बात होते ही रोने लगे। बताया कि रविवार को वह मां के साथ लखनऊ में जमीन देखने जानी वाली थीं। कहा कि बहन की डायरी के कुछ पन्ने फटे हुए थे। पुलिस को नीचे के पेज पर इनप्रिंट देखना चाहिए था। अरे कुछ तो देखते। बाहर के जाली वाले दरवाजे पर लॉक नहीं है। बाथरूम का दरवाजा खुला था। आत्महत्या या हत्या के बारे में उन्होंने कहा कि हमें कुछ नहीं पता, कुछ बोल नहीं सकते। बहन तो चली गई। उन्होंने गहनता से जांच कराने की मांग की। कहा कि अगर एक परसेंट भी पता होता तो अपने नौकरी छोड़कर बहन के पास आकर रहने लगते।

### अब तक सामने नहीं आया मौत के पीछे कोई ठोस कारण

महिला जज की मौत के दूसरे दिन भी कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। हर किसी के जेहन में एक ही सवाल है कि इतनी होनहार महिला जज क्यों ऐसा करेंगी। घटना से सभी हैरान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक ठोस वजह सामने नहीं आई है। महिला जज के कमरे में ताला लगा दिया गया है। परिजन कुछ सामान ले गए हैं।

### बेटी की अंतिम इच्छा के अनुसार सरयू नदी किनारे ले गए शव

बदायूं: सरकारी आवास से महिला जज का शव सरकारी शव वाहन से भेजा गया। न्यायिक अधिकारियों ने महिला जज की अंतिम इच्छा पूरी की। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार करने की इच्छा व्यक्त की थी और अपने दो खरगोश की सेवा करने की बात लिखी थी। परिजन अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर चले गए। दोनों खरगोश को भी शव वाहन में रखकर ले गए। एक परिजन ने बताया कि ज्योत्सना पीसीएस जे का परिणाम आने वाले दिन से ही खरगोश पाल रहीं थी। वह मजाक में कहती थीं कि आपको छोड़ दूंगी लेकिन इन खरगोश को नहीं छोड़ूंगी।

## एक नजर

### बुआ के घर आई युवती की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली, अमृत विचार :** मढ़ीनाथ में ट्रेन से कटकर 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई। सीबीगंज निवासी युवती दो दिन पहले गणेशनगर, सुभाषनगर में में अपनी बुआ के यहां आई थी। परिजनों ने मानसिक स्थिति ठीक न होने से जान देने की बात कही है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के बल्लाकोटा निवासी ड्राइवर हरीश कुमार ने बताया कि दो दिन पहले उनकी बेटी अलका गणेशनगर में अपनी बुआ लक्ष्मी के घर आई थी। उसकी एक महीने से मानसिक स्थिति खराब चल रही थी और मानसिक अस्पताल में उपचार भी चल रहा था। रविवार की सुबह करीब 6 बजे अलका ने मढ़ीनाथ पुलिया के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

### बीमा का प्रीमियम बकाया होने का झांसा देकर ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** बीमा पॉलिसी का प्रीमियम बकाया होने के झांसे में लेकर युवक से 97,250 रुपये की ठगी कर ली गई। बारादरी पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साईं रेजीडेंसी निवासी अरविंद कुमार यादव के मुताबिक 30 दिसंबर 2023 को उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम रोहित गुप्ता बताया। उसने कहा कि वह एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस से बोल रहा है और बकाया प्रीमियम तुरंत जमा करा दें। आरोपी ने कहा कि वह स्वयं जमा कर देगा और इमोशनली ब्लैकमेल करने लगा। बातों में आकर गूगल पे से उन्होंने उसके नंबर पर 97250 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद जब फ्राड होने की बात समझ में आई तो 1930 पर कॉल की। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रोहित गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भाई को गोली मारने वाला इनामी भाई गिरफ्तार

**हापुड़, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव सपनावत में करीब डेढ़ माह पूर्व अपने ही भाई पर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार 10 हजार रुपये के इनामी जुगल किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाईसेंसी पिस्टल, 6 जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने बिजली का बिल जमा करने के विवाद में अपने सगे भाई सोमेन्द्र को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### मंगलवार को नहीं चलेगी संपर्क क्रांति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम और दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस मंगलवार 6 फरवरी को संचालित नहीं होगी। वहीं काठगोदाम- कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस भी पहले से ही 26 फरवरी तक निरस्त की जा चुकी है।

## किशोरी को प्रेमजाल में फंसा 3.60 लाख हड़पे

**बरेली, अमृत विचार :** किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर युवक ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। उसने किशोरी को ब्लैकमेल करके नकदी व जेवर गिरवीं रखवाकर 3.60 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनके घर पर आदित्य भारती निवासी मॉडल टाउन और उसकी दादी का आना जाना था। इसी दौरान आदित्य ने उनकी नाबालिग बेटी से प्रेम संबंध बना लिए। वह बेटी के अश्लील फोटो ओर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने उनकी बेटी से उनके एटीएम से एक लाख रुपये और बड़ी बेटी और बेटे की गुल्लक से 60 हजार रुपये निकलवाकर ले लिए। इसके अलावा घर में रखे दो लाख रुपये के जेवर गिरवीं रखवाकर रुपये ले लिए। जानकारी होने पर जब आरोपी और उसके परिजनों से कहा तो सभी धमकी देने लगे। किशोरी ने बताया कि आदित्य के साथ उसका पिता अनूप भारती, बुआ अंजुम भारती, चाचा मनु भारती, मामा सूरज भी उसे धमकाते थे।

## एनआईआरएफ व क्यूएस रैंकिंग में किया आवेदन

संवाददाता, बरेली

▸▸ रुविवि ने एनआईआरएफ में चार वर्ग में आवेदन किया

**अमृत विचार :** नैक में ए डबल प्लस ग्रेड और ईडू रैंकिंग में प्रदेश में नौवां स्थान पाने के बाद अब रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग बेहतर करने की तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ में चार वर्ग में आवेदन किया है।

इसके अलावा 9 फरवरी तक क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में आवेदन किया जाएगा। इस बार विश्वविद्यालय एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन) में भी आवेदन करेगा। इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही एक बैठक इंजीनियरिंग विभाग की बुलाई जाएगी। विश्वविद्यालय ने पिछले साल एनआईआरएफ में ओवरऑल, फार्मेसी और इंजीनियरिंग वर्ग में हिस्सा लिया था। हालांकि विश्वविद्यालय को कोई रैंक प्राप्त नहीं हुई थी लेकिन उसे अच्छे अंक मिले थे। इस बार एनआईआरएफ में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी।

आईडीएसपी एंड रैंकिंग सेल के समन्वयक प्रो. विनय ऋषिवाल ने बताया इस बार ओवरआल के अलावा फार्मेसी, लॉ और इनोवेशन वर्ग में भी आवेदन किया गया है।

इनोवेशन का वर्ग रैंकिंग में पहली बार शामिल किया गया है। इसमें इन्क्यूबेशन सेंटर, स्टार्टअप समेत अन्य जानकारी दी गई हैं। इस बार इंजीनियरिंग के लिए एनबीए में आवेदन किया जाएगा। वहीं क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में डाटा तैयार किया जा रहा है। अंतिम तिथि 9 फरवरी है, जल्द ही आवेदन किया जाएगा। विधि संकायाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने बताया कि एनआईआरए में आवेदन के लिए इस बार लॉ में भी आवेदन किया गया है। इसके लिए छात्रों की संख्या, प्लेसमेंट में पिछले पांच साल में 55 मजिस्ट्रेटों की तैनाती, 60 सरकारी शिक्षकों, 50 अन्य अधिकारियों, 16 पीएचडी, 300 नेट छात्रों, आठ पाठ्यक्रमों समेत अन्य डाटा भरा है।

# सेहत बनाने के लिए बाघ व गुलदार को मंगलवार को रखा जाता है डाइटिंग पर

संवाददाता, गौरव जोशी

**नैनीताल :** शरीर को फिट रखना केवल इंसानों को ही नहीं बल्कि जानवरों को भी पसंद है। शरीर को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए नैनीताल चिड़ियाघर में बाघ, गुलदार को सप्ताह में एक दिन डाइटिंग पर रखा जाता है। ताकि उनका शरीर स्वस्थ रह सके। चिड़ियाघर के डॉ. हिमांशु पागंती बताते हैं कि चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर में बंद बाघ और गुलदार को सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के आधार पर डाइटिंग में रखा जाता है। जंगल में इन मांसाहारी जानवरों का मूवमेंट शिकार की तलाश में रहता है और ये जानवर खाने की तलाश में कई किलोमीटर तक जंगल में घूमते रहते हैं, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जबकि जू और रेस्क्यू सेंटर में वह केवल बाड़े तक सीमित रहता है। इसी हिसाब से डाइट चार्ट भी तैयार होता है।



▸▸ चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर में बंद इन जीवों पर सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियम लागू

### नैनीताल चिड़ियाघर में है तीन बाघ

नैनीताल चिड़ियाघर में इस समय छः तेंदुए व तीन बाघ हैं, जबकि रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर में एक बाघिन व गुलदार है। सप्ताह में पांच दिन इन्हें गोश्त और एक दिन चिकन उपलब्ध करवाया जाता है, जबकि सातवें दिन डाइटिंग यानी भोजन नहीं मिलता है। इसकी वजह उनके पाचन तंत्र को व्यवस्थित रखना है ताकि बेवजह की चर्बी व मोटापा न बढ़े।

### अलग-अलग होती है जंगल और चिड़ियाघर के बाघों की उम्र

डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी बताते हैं कि बाघ व गुलदार को जंगल में रहने व भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जबकि चिड़ियाघर में सब कुछ आसानी से मिल जाता है। जंगल में बाघ की औसत उम्र 15-16 साल व गुलदार की 14-15 वर्ष मानी जाती है। वहीं चिड़ियाघर में दोनों की आयु का औसत 18 से 20 साल रहती है। नैनीताल के डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के तहत मांसाहारी पशुओं को एक दिन भूखा रखा जाता है ताकि चिड़ियाघर में बंद जानवरों की पाचन क्रिया बनी रहे। चिड़ियाघर के साथ साथ रेस्क्यू सेंटर में रहने वाले बाघ गुलदार की डाइट भी इसी तरह रहती है और जानवरों का खास ध्यान रखा जाता है।

## मोदी सरकार के कामों से बढ़ी अर्थव्यवस्था: भट्ट

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार ने केंद्र की सत्ता पर काबिज होते ही देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। यहीं कारण है कि देश की आजादी के बाद जब से भारत कांग्रेस मुक्त हुई है। तभी से देश विश्व स्तर पर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है।

रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट, विधायक शिव अरोरा और काशीपुर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सिटी क्लब पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि वर्ष 2014 में जब केंद्र की सत्ता पर मोदी सरकार की दस्तक हुई थी। उस वक्त देश की अर्थव्यवस्था बेहद ही लचर थी और विकास ठप पड़ा हुआ था,लेकिन वर्ष 2014 से लेकर 2023 तक मोदी सरकार ने सैन्य शक्ति,60 देशों के साथ जी-20 सम्मेलन,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौ पदक,पैरा एशिया में भी सौ पदक,नारी वंदन अधिनियम लागू कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, का काम किया है।

## ज्ञानवापी में पूजा करने पर बिफरे मौलाना तौकीर, देंगे गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की अनुमति मिलने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुसलमानों से इस शुक्रवार को इस्लामिया मैदान पहुंचकर गिरफ्तारी देने और अपने कारोबार और बाजार बंद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात पर मुसलमान बोलने लगे तो गृह युद्ध जैसे हालात हो जायेंगे। देश की अखंडता और अमन की खातिर मुसलमान खामोश हैं। उसका भरोसा देश की सरकारी जांच एजेंसियों और अदालतों तक से उठ गया है।



मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। तीन हजार मस्जिदों की लिस्ट तैयार है जिन्हें मुसलमानों से छीनने की साजिश की जा रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी को लेकर जो निर्णय दिया है उससे साफ है कि अदालतों से अन्याय हो रहा है।

### हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की बारी

मौलाना ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार के लिये नामित करने पर भी ऐतराज जताया। वहीं कहा कि हेमंत सोरेन एक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।उन्हें जेल जाना पड़े इससे बड़ी और क्या ज्यादती होगी। अब अरविंद केजरीवाल जेल जायेंगे। इसी ज्यादती के खिलाफ शुक्रवार दोपहर को इस्लामिया मैदान में एकत्र होंगे जहां से गिरफ्तारी देने कलेक्ट्रेट जायेंगे।

### पहली बार ओएमआर शीट पर हुई एनसीसी परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** निदेशालय के निर्देश पर 21 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से ए प्रमाण पत्र की परीक्षा रविवार को बरेली कॉलेज में आयोजित की गई। पहली बार लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर हुई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मेने अपना नाम RESHMA PERVEEN से बदलकर RESHMA PARVEEN W/O PARVEZ IQBAL मोहल्ला भबबलपुरी टांडा रामपुर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

आवश्यकता

आवश्यकता है एक अकाउंटेंट, एक क्लर्क, एक मार्केटिंग बॉय, सैलरी 8000 से 15000 के बीच। पता: डी. के. कंस्ट्रक्शन, सैफनी (रामपुर) संपर्क करें।
मो.- 9411207388

## सार संक्षेप

### युवक की तालाब में डूबने से मौत

**हापुड़, अमृत विचार :** थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव इकलेड़ी में 21 वर्षीय युवक अर्जुन पुत्र रमेश की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। गोताखोरों की मददत से युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मामला शनिवार का है। इकलेड़ी के तालाब के पास रह रहे रमेश के पुत्र अर्जुन का अचानक पैर फिसल गया और वह पानी में डूबकर दलदल में फंसे गया। गांव वालों ने करीब दो से ढाई घंटे तक अर्जुन को पानी में ढूंढा मगर उसका कही पता नही चला। लोग ने अर्जुन की तलाशी के लिए पुलिस और गोता खोरों को सूचना दी। गोताखोरों ने तालाब में उतरकर युवक के शव को तलाश कर बाहर निकाला। पुलिस ने जल्दबाजी करते हुए अर्जुन के शव को कपड़े में लपेटा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ एके कर्दम ने परिवार से मिलकर शोका व्यक्त कर परिवार को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया है।

### जमीन बेचने के नाम पर पिता-पुत्र ने 65 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर के मिलक के एक जालसाज परिवार ने शहर के एक व्यक्ति से जमीन बेचने के नाम पर 65 लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पिता, पुत्र, पुत्रवधू समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के मॉडल टाउन निवासी शम्मी कपूर ने बताया कि वह मछली पालन के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इस दौरान उनके पास जिला रामपुर के कस्बा मिलक के मोहल्ला असदुल्ला निवासी अखिलेश दत्त पांडेय आए और अपनी जमीन बेचने की इच्छा जताई। शम्मी कपूर के अनुसार अखिलेश ने बताया कि मिलक रामपुर रोड पर एक फैक्ट्री के समीप उनकी जमीन। 20 बीघा जमीन का सौदा 4 .34 करोड़ रुपये में तय हो गया। 19 जुलाई 2022 को अखिलेश पत्नी और साथी विमल के साथ बरेली आए और बयाना मांगा। उन्होंने उन लोगों को 20 लाख नकद और 45 लाख रुपये चेक के माध्यम से दे दिए। आरोप है कि नाप में जमीन 20 बीघा से कम होने के साथ बैंक में बंधक निकली। जमीन फैक्ट्री के काफी पीछे थी, जहां जाने का रास्ता भी नहीं था। ठगी का पता चलने पर आरोपियों से रुपये मांगे तो जान से मारने धमकी दी। पुलिस से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने अखिलेश पांडेय, उसके पिता माधव शरण पांडेय, अखिलेश की पत्नी और विमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भारत बंद को लेकर भाकियू टिकैत की हुई पंचायत

**हापुड़, अमृत विचार :** ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी के नेतृत्व में आगामी 16 फरवरी को भारत बंद को लेकर जोगीपरा में भाकियू टिकैत की हुई पंचायत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। एकलव्य सिंह ने कहा भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने 16 फरवरी को भारत बंद काआह्वान किया है। इसको लेकर कार्यकर्ता एक बार फिर जोर-शोर से तैयारी में जुट जाएं। पंचायत के समापन पर एकलव्य ने कहा कि आप सभी लोग आये हैं उनका धन्यवाद, यह संगठन आपका है और आपको इसे मजबूत करना है। इस दौरान पंचायत की अध्यक्षता हबीब खान, मंच संचालन कुंवर आबिद अली, ग्राम प्रधान जगशरण कश्यप, ग्राम प्रधान उमेश कश्यप, ग्राम प्रधान दस्तोई सुनील टाइगर, लोकेश प्रधान, अखिल चौधरी, सुरेंद्र सिंह, नितिन चौधरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान बालेश्वर, राजेश सेनी, तेजपाल सेनी, दीपू प्रजापति, साकिर, दिलशाद, भोला सेनी आदि ने सदस्यता ग्रहण की।






# इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप चलाएं पाठ्यक्रम

## रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले योगी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1.10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जाब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

योगी रविवार को गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप्र. कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि जर्मनी में भी अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल्स की अत्यधिक मांग है। हमें इसके लिए ध्यान देना होगा। एक प्लेसमेंट सेल के माध्यम से युवाओं की कैरियर काउंसलिंग कर उनको देश व विदेश में रोजगार के अवसर से जागरूक कराना होगा। युवाओं को उस देश के भाषा के लिए भी प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम को भी शुरू करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें उस देश की भाषा सिखा दी जाएगी, तो उन्हें एक बेहतरीन पैकेज भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भी कुशल युवाओं की मांग है।

योगी के मुताबिक, इजरायल फिर से यहां के युवाओं के लिए मांग कर रहा है। इसके लिए कौशल विकास विभाग के साथ सभी को प्रयास कर युवाओं को उस योग्य बनाने का प्रयास करना होगा। उन्हें उस प्रकार के कोर्सेज व वहां की भाषा को सिखाने के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसको ध्यान मे रखते हुये सरकार टाटा टेक्नोलाजी के साथ मिलकर 150 विश्व स्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है। कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया।



रविवार को गोरखपुर में आयोजित वृहद रोजगार मेले में नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

▸▸ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों से 1.10 करोड़ लोगों को मिलेगी नौकरी

### योगी के नेतृत्व में हो रहा चहुमुखी विकास : कपिलदेव अग्रवाल

वृहद रोजगार मेले में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भारत को विश्व गुरु बनने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत परामपरागत पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास के पाठ्यक्रम जोड़े गये है ताकि हर युवा के हाथ में हुनर हो। प्रदेश का युवा नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाला बने।

## उन्माद फैलाने वाली किताब बेचने वाले को यूपी एटीएस ने पकड़ा

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी एटीएस की टीम ने रविवार को जिले में छापेमारी की। एटीएस की टीम शहर में उन्माद फैलाने वाली किताब बेचने वाले शख्स को उठाकर अपने साथ ले गई है। पकड़े गए शख्स के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की आशंका है। हालांकि छापेमारी को लेकर पुलिस विभाग पुष्टि नहीं कर रहा है। महकमें के आला अफसरों का कहना है उन्हें इस तरह की छापेमारी की कोई जानकारी नहीं दी गई है। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पांडेय बाजार पुलिस चौकी के पास स्थित रकाबगंज में बीते एक साल से गोलागंज निकट भारत मिलाप चौराहा का रहने वाला शेरू उर्फ इरशाद (40) मकतबातुल मदीना कन्जुल ईमान के नाम से दुकान का चलाता है। शेरू मजहबी और इस्लामी किताबों के साथ इस्लाम धर्म से जुड़े सामानों की बिक्री करता है। आसपास के लोगों के मुताबिक रविवार की शाम 4-5 लोग अचानक उसकी दुकान पर पहुंचे और शेरू उर्फ इरशाद को लेकर चले गए। सभी लोग सादे ड्रेस में थे। बताया जा रहा है कि एटीएस की टीम को शेरू के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का शक है।

## भाजपा ने पिछड़ों का हमेशा ध्यान रखा : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग का हमेशा ध्यान रखा है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने वोट बैंक के लिए समाज को इस्तेमाल किया है। हम सबका साथ और सबका विकास की तरह काम करते हैं। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिए जाने पर रविवार को हजरतगंज स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में पाल, बघेल, धनगर, गाड़री, गड़रिया, चरवाहा महासभा ने विशाल अति पिछड़ा समाज प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा में हर वर्ग का सम्मान है। पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग का हमेशा ध्यान रखा है। हर वर्ग को योजनाओं से लाभान्वित किया है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने समाज को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। उनके उत्थान का कोई कार्य नहीं किया है। पार्टी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर अपनी प्रतिबद्धता को चरितार्थ किया है।



## वकीलों की जगह नहीं ले सकती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

▸▸ कार्यक्रम में न्यायमूर्ति ने दी विषयवार जानकारियां

▸▸ डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि में हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित न्यायमूर्ति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी भी अधिवक्ताओं की जगह नहीं ले सकती। तकनीक से विधि क्षेत्र में बड़े परिवर्तन हुए हैं। इससे अधिवक्ताओं को लाभ लेने की आवश्यकता है।

विधि विवि में न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधि क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सीखने का सिलसिला आजीवन चलता रहता है। इसमें तकनीकी व्यवस्था ने बड़े परिवर्तन किए हैं। जिससे अधिवक्ताओं को मोटी- मोटी किताब पढ़ने से राहत मिली है। कहते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी भी अधिवक्ताओं की जगह नहीं ले सकती। कार्यक्रम में सम्मिलित उप्र फोरेंसिक विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी और उसके महत्व को बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित सिंह ने डिजिटल डाटा प्रोटक्शन अधिनियम और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट को विस्तार से साझा किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय सिंह, डॉ. प्रेम कुमार गौतम, प्रो. एपी सिंह, प्रो. मनीष सिंह, डॉ. मिताली तिवारी, डॉ. विकास भाटी समेत अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

### 80 शोध पत्र प्रस्तुत कई हुए सम्मानित

राष्ट्रीय संगोष्ठी में 180 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। दो दिवसीय कार्यक्रम में 80 अभ्यर्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। ऐसे में प्रथम स्थान गैरीक सान्याल को मिला। चंद्रमौली राय चौधरी, भावना सिंह और डॉ. सान्या यादव द्वितीय स्थान पर रहे। तीसरे स्थान दिव्यांश निगम और वर्षिनी अय्यर को मिला। सभी को ट्रॉफी व पुरस्कार धनराशि प्रदान की गई।

## दरोगा को गोली मारने वाला इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, मेरठ

**अमृत विचार :** कंकरखेड़ा क्षेत्र में पुलिस उप निरीक्षक (दारोगा) को गोली मारने की घटना में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने रविवार की शाम मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि भावनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस जांच के दौरान सूचना मिली थी कि 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश अनुज कहीं जाने की फिराक में गंगानगर की तरफ से आ रहा है।

इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान मौके से गुजर रहे एक मोटरसाइकिल सवार को संदेह होने पर पुलिस ने रोकने का इशारा किया। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की, पुलिस की टीम ने जब उसका पीछा किया तो उसकी मोटरसाइकिल गिर गई। सजवान ने बताया कि उसने गिरने के बावजूद पुलिस पर गोलियां चलाते हुए भागने की कोशिश की, जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। उसे फौरन गिरफ्तार करके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार पूछताछ में पता चला कि अनुज गत 22-23 जनवरी की रात थाना कंकरखेड़ा की हाईवे चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मुनेश कुमार को गोली मारने की घटना में वांछित था। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

## 61.27 करोड़ से बनेंगी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी की सड़कें

**लखनऊ, अमृत विचार :** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर झांसी नोड की सड़कों के निर्माण के लिए 61.27 करोड़ की धनराशि जारी करने का आदेश दिया। वहीं मेगा सेक्टर की तीन इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने का आदेश दिया। जनरल विपिन रावत डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर, झांसी नोड के लिए खरीदी गई भूमि में विभिन्न प्लाटों तक पहुंचने के लिए नोड की आंतरिक सड़क निर्माण एवं जलनिकासी के लिए पक्की नाली बनाई जाएंगी। इस वित्तीय वर्ष में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर के लिए 400 करोड़ में अब तक 107.37 करोड़ की राशि भेजी जा चुकी है।

## लोस चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हालांकि अगले माह अधिसूचना जारी होना संभावित है, लेकिन उप्र पुलिस अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा दी है। नए डीजीपी प्रशांत कुमार की पहली पत्रकार वार्ता में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के एलान को मुकाम देने के लिए खांका खींचा जाने लगा है।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा न केवल पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि इस चुनाव में प्रशांत कुमार के नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। ऐसे में पुलिस महकमा सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर रख रहा है। पिछले चुनावों में आयी दिक्कतों-कमियों का भी गहराई से अध्ययन कर रहा है। इसके लिए पुरानी फाइलों पर जमी धूल साफ की जाने लगा है। चुनाव के दौरान प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर अवैध शराब और अवैध हथियारों सहित दूसरी अवैध गतिविधियों को रोकना भी पुलिस के लिए हमेशा ही चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। ऐसे में सीमाई जिलों के कप्तानों को इस दिशा में एहतियाती इंतजामों को लेकर अभी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है। अवैध शराब की तस्करी और अवैध हथियार की सप्लाई के साथ ही आपराधिक तत्वों पर पर नजर रखने को कहा गया है। इसके लिए सूचना तंत्र को अभी से सक्रिय करने की बात कही गई।

## पीडीए ही नहीं, अगड़े भी हैं भाजपा के विरोध में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है न कोई समीकरण



**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में 90 प्रतिशत जनता को पीडीए (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य आदिवासी) में विश्वास है। इनमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक शामिल हैं। इतना ही नहीं, चार प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है।

ये अधिकांश लोग इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे। सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि यही वजह है कि भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फ़ेल हो गये हैं। भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर कोई लड़ना नहीं चाहता है। भाजपा समर्थक महिलाएँ, महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, माँ-बेटी को जलाने के कांड आदि घटनाओं से शर्मिंदा हैं वे इस बार भाजपा का साथ नहीं देंगी। अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से बुद्धिजीवी संवर्ग क्षुब्ध हैं।इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है। भाजपा के नेता जन आक्रोश देखकर भागे-भागे फिर रहे हैं और बाक़ी बचे स्वार्थी भाजपाई समर्थक अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए भूमिगत हो गये हैं।

## बाराबंकी में पिता की डंडे से पीटकर हत्या आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के एक गांव में संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने पिता की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखिलेश नारायण ने बताया कि सतरिख थाना क्षेत्र के समरपुर गांव निवासी विशुन यादव (88) और उनके पुत्र 52 वर्षीय शिवपाल यादव के बीच जमीन और घर बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पुत्र ने पिता पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया, जिससे विशुन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। एएसपी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस अधिकारियों की टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की और आरोपी पुत्र को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## श्रीराम मंदिर में आज से शुरू होगा दूसरे चरण का काम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न होने के बाद राम मंदिर के रुके हुए निर्माण कार्यों की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। दूसरे फेज में राम मंदिर के प्रथम और द्वितीय तल का कार्य होगा। परकोटे का भी निर्माण हो रहा है।निर्माण कार्य के दौरान रामलला का दर्शन-पूजन श्रद्धालु बिना बाधा के कर सकेंगे।यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण कार्यों और जन्मभूमि परिसर को विकसित किए जाने की योजना पर मंथन हुआ है।

उन्होंने बताया कि सोमवार से जन्मभूमि परिसर में दूसरे फेज के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके अलावा परिसर में 70 एकड़ में निर्मित होने वाले यज्ञशाला या ऑडिटोरियम का उपयोग श्रद्धालु कर सकेंगे, इस पर भी गहनता से मंथन किया गया है। बताया कि जन्मभूमि परिसर से जुड़े स्थल पर एक ऑडिटोरियम तैयार करने की योजना है। ऑडिटोरियम में किसी कार्यक्रम के दौरान एक साथ पांच सौ लोग उपस्थित रह सकें। जल्द ही इसका विस्तृत विवरण सामने आ जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र में 14 लॉकर काउंटर चल रहे हैं। एक लाकर काउंटर पर 360 लोगों के समान जमा हो रहा है। जल्द ही 12 नए काउंटर खोले जाने की तैयारी की जा रही है।

राम जन्मभूमि परिसर में योग्य चिकित्सकों के निगरानी में अस्पताल का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु सहित परिसर में कार्य करने वाले वर्कर इसका लाभ उठा रहे हैं।

राम मंदिर में सुबह 7:00 से रात 10:00 बजे तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में रामभक्तों को रामलला का दर्शन प्राप्त हो रहा है। डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि 23 दिसंबर से अब तक 25 लाख से अधिक लोगों को दर्शन कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को रामलला का दर्शन मिले, इसके लिए ट्रस्ट अधिकतम समय सीमा बढ़ाई गई है। इसमें और बेहतर क्या हो सकता है, इस पर विचार किया जा रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर परिसर में तीन पंक्तियों में दर्शन कराया जा रहा है। दो पंक्तियों में श्रद्धालु सामान लेकर यात्री सुविधा केंद्र से होते हुए मंदिर परिसर जा रहे हैं।

### 23 जनवरी से अब तक आया 11 करोड़ का दान



राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों के दान की प्रक्रिया भी बढ़ती जा रही है। ट्रस्ट के मुताबिक 23 जनवरी से तीन जनवरी तक रामलला को 11 करोड़ रुपए दान प्राप्त हुए हैं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालु नगद, चेक और यूपीआई के माध्यम से दान कर रहे हैं। इसके अलावा विदेशों से भी दान प्राप्त हो रहे हैं।

### प्रतिदिन श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जा रहा अलग-अलग प्रसाद

राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद वितरित किए जा रहे हैं। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि भक्तों के भाव के अनुरूप ट्रस्ट प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध करा रहा है। राम मंदिर में आने वाले किसी भी भक्त को प्रसाद चढ़ाने की जरूरत नहीं है। प्रतिदिन प्रत्येक श्रद्धालु को अलग-अलग प्रसाद के रूप में लड्डू, बूंदी, इलायची दाना उपलब्ध कराया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-333

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7. 1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तज़ुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8. 1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

**ऊपर से नीचे**


2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3. 1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4. 1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7. 1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख़्त आपत्ति या आलोचना।



### वर्ग पहेली - 332 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 श्रृ | गा | ल | | | 2 उ |
| | | | 3 सु | रू | प |
| | | | ले | | च |
| 4 मु | | | ख | | य |
| 5 सा | ध | 6 नि | क | | |
| हि | | ज़ा | | | |
| 7 ब | ढ़ | ई | | 8 ठो | सा |

## सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | 7 | | 1 | |
| | 6 | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | 2 | | 1 |
| | | | 3 | | 6 | 5 | | |
| 8 | | 1 | | | | | | |
| | 9 | | 1 | | | | | 6 |
| | 5 | | | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 7 | 8 | | 2 | |

### सुडोकू - 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-दशमी 17 .24 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 07 .54 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज आपको अकारण लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। गलत बातों में ज्यादा रुचि न लें। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। काम की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। ईर्ष्यालु सहकर्मियों से सावधान रहें।

**वृष** — आज राजनीतिक संपर्कों का लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल प्रसन्नतायुक्त रहेगा। धार्मिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेंगे। व्यापार में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। ऑफिस में काम का दबाव कम होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**मिथुन** — आज शोध कार्यों में बेहतरीन परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। अनावश्यक दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। धार्मिक विषयों को लेकर किसी परिजन से मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क** — आज धन उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। असंतुलित खानपान के कारण आपका पेट खराब हो सकता है। नए निवेश के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। प्रेमी जन के साथ आपका विवाह तय हो सकता है।

**सिंह** — आज कुछ नजदीकी लोगों से विवाद हो सकता है। अपनी भावनाओं को दूसरों पर थोपने से बचें। अधूरे पड़े काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हो सकती है। अपनी परिस्थितियों को महत्व दें।

**कन्या** — आज मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति होने की संभावना बन रही है। उच्च अध्ययन में आप काफी रुचि लेंगे। संतान की समस्याओं का निवारण होगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**तुला** — आज विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह बचें। बच्चों को लेकर तनाव हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में आप अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। घर में शुभचिंतकों और परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रबंधन कुशलता का परिचय देंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे।

**धनु** — आज थकावट के कारण बुखार जैसा भी महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखना चाहिये। धैर्यवान होकर अपने समय का इन्तजार करें।

**मकर** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। आपके स्वभाव से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब में आपका वेतन बढ़ सकता है। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**कुंभ** — आज समाज सेवा के कार्यों में भी आप व्यस्त हो सकते हैं। आप तय समय से पहले आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। पुराने मित्रों के माध्यम से कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** — आज घर के किसी सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रुके हुए सरकारी काम बन सकते हैं। ई-कॉमर्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES — चाइना गेट, सुबह : 10 .00; बादशाह, रात : 07 .00

SONY MAX — अब तक छप्पन 2, सुबह : 09 .00; बाटला हाउस, शाम : 06 .00

SONY PIX — स्पाइडर मैन, सुबह : 10 .28; द डॉर्क नाइट, रात : 09 .00

ZEE CINEMA — 7 आवर्स टू गो, सुबह : 10 .30; सिटीलाइट्स, रात : 07 .30

colors CINEPLEX — ओके जानू, दोपहर : 12 .21; डेंजरस खिलाड़ी 2, रात : 09 .53

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम-06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।


# डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

## 60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।



पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।

### अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

## स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी।** थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

## सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजी गईं पीटी उषा**

भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा ने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे। समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

दअसल ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिससे सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य करार दिया जाए।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी रघुराम अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया।

# फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

## इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत

**104 रन की पारी खेली शुभमन गिल ने**



**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की दरकार है।

भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की थी। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने अपने पहले ओवर में रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। फिर अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट के हाथों कैच कराया।

खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए तो लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।



बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। • एजेंसी

### शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का रूट बो एंडरसन | 17 | 27 | 3/0 |
| रोहित शर्मा बो एंडरसन | 13 | 21 | 3/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर | 104 | 147 | 11/2 |
| श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले | 29 | 52 | 2/0 |
| रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान | 9 | 19 | 1/0 |
| अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले | 45 | 84 | 6/0 |
| कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान | 6 | 28 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान | 29 | 61 | 2/1 |
| कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले | 0 | 5 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले | 0 | 26 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 03, कुल :78 .3 ओवर में ऑल आउट : 255 रन, **विकेट पतन :** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी :** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24 .3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

**इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली नाबाद | 29 | 50 | 3/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद नाबाद | 9 | 8 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 1, कुल : 14 ओवर में एक विकेट : 67 रन, **विकेट पतन :** 1-50, **गेंदबाजी :** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

## खेल डायरी

### पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

**सोलापुर (महाराष्ट्र)।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

### शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**दोहा।** शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।



### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम बांग्लादेश से हारी

**ढाका।** भारत ने रविवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे राउंड रॉबिन मैच में स्टॉपेज टाइम में गोल गंवा दिया, जिससे उसे मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश से 0-1 से हार मिली। सागोरिका ने बांग्लादेश के लिए यह गोल अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में किया। इस से बांग्लादेश का फाइनल में स्थान पक्का हो गया है। 4 टीम के टूर्नामेंट में बांग्लादेश के दो मैच में छह अंक हैं। इस हार से भारत नाजुक स्थिति में पहुंच गया। उसके फाइनल में पहुंचने का मौका अब नेपाल के खिलाफ अंतिम मैच के नतीजे पर निर्भर होगा। भारत और नेपाल के 3-3 अंक हैं। हालांकि भारतीय टीम पिछले मैच में भूटान पर 10-0 की जीत से बेहतर गोल अंतर के कारण नेपाल से बेहतर स्थिति में है।

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में विनेश ने जीता स्वर्ण

**जयपुर।** एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ने रविवार को आईओए की तदर्थ समिति की ओर से आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में 55 किग्रा वजन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विनेश ने मध्य प्रदेश की ज्योति को 4-0 से मात दी, जबकि वह ऊंचे वजन वर्ग में हिस्सा ले रही थीं। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रही 29 वर्षीय विनेश ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 53 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। एक अन्य मुकाबले में 2021 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हरियाणा की अंशु मलिक ने 2020 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सरिता मोर को 59 किग्रा वजन वर्ग में 8-3 से पराजित किया। हरियाणा ने 189 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। आरएसपीबी 187 अंक से दूसरे स्थान पर, जबकि पुडुचेरी 81 अंक से तीसरे स्थान पर था।



पुरुषों के ग्रीको रोमन वर्ग में रेलवे 208 अंक से समग्र विजेता रहा जिसके बाद सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (127 अंक) दूसरे और महाराष्ट्र (113 अंक) तीसरे स्थान पर रहा। सोमवार को पुरुष वर्ग की फ्रीस्टाइल स्पर्धा होंगी।


# पैरा निशानेबाजी विश्व कप के आयोजन पर खतरा

**खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

### मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी



मंत्रालय के मुताबिक चुनाव कराने में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो गया था। इससे पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन विश्व कप के कारण स्थगित करने पड़े। विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा करेगा। प्रायोजक भी अब शायद भुगतान जारी न करें।

### मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

# भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट शृंखला

**403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, शम्स मुलानी ने झटके 5 विकेट**

**अहमदाबाद, एजेंसी**


भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

# बॉलीवुड हलचल

## लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं




### फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

## पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़




बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी



सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।

### अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे।फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का कैंसर से निधन



**विंडहोक।** नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगोब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

# 20 साल का हुआ फेसबुक



**2** अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

*आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।*

### मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।

### 2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

*फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।*

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

### कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।



**2012** में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

**4/2/2004** को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

**9** साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तनीयों को करे रिहा

**गाजा।** हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

**चंडीगढ़।** पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

### हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

### अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

# क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

नई दिल्ली, एजेंसी


भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटरः क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

### चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रहा। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।



## केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

## जीवन कोई सौ मीटर की दौड़ नहीं, एक मैराथन है: सीजेआई

वडोदरा, एजेंसी

▶▶ **बड़ौदा में चंद्रचूड़ बोले- बदलाव के दौर में अपनी असफलताओं से सीख ले युवा पीढ़ी**



प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को युवाओं को असफलताओं से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन 100 मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि एक मैराथन है। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के 72वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने 346 स्वर्ण पदकों में से 336 महिलाओं को प्रदान किए, जो वास्तव में हमारे राष्ट्र में बदलते समय का संकेत है।

प्रधान न्यायाधीश ने मौजूदा दौर को इतिहास का सबसे शानदार वक्त बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी ने लोगों को पहले से कहीं अधिक कनेक्टेड बना दिया है। उन्होंने कहा कि हम हर दिन नए और अनूठे व्यवसायों को उभरते हुए देखते हैं, लोग अपनी खुद की पेशेवर यात्रा तय करते हैं, जो पारंपरिक मानदंडों का अनुपालन नहीं करता है। ग्रेजुएट होने का यह एक रोमांचक समय है, लेकिन मैं जानता हूं कि ये परिस्थितियां कुछ अनिश्चितताओं और भ्रम को भी जन्म देती हैं। प्रधान न्यायाधीश ने छात्रों को अनोखी पीढ़ी करार देते हुए कहा कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जहां आप पहले से कहीं अधिक विचारों के संपर्क में हैं। आप एक अनोखी पीढ़ी हैं, जो पहले की पीढ़ियों की तुलना में हमारे समय की चुनौतियों के बारे में ज्यादा जागरूक हैं। सीजेआई ने कहा कि वह 'मौके के हिसाब से युवा पीढ़ी की आगे बढ़ने और हमारे समय की भारी चुनौतियों का सामना करने' की क्षमता से हैरान हैं। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे आगे बढ़ें, अयथार्थवादी उम्मीदों से प्रभावित न हों और अपनी असफलताओं से सीखें। प्रधान न्यायाधीश ने ग्रेजुएट्स से सिर्फ विद्वान नहीं, बल्कि बुद्धिजीवी बनने का भी अनुरोध किया।

## एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

सूरत, एजेंसी

▶▶ **साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद**



साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे। उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

## एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

**अठखेलियां...**



**मनाली:** हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया। ● एजेंसी

## रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं।

## चंडीगढ़ महापौर चुनाव मामले में आज होगी सुनवाई

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कथित धांधली के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। आम आदमी पार्टी की याचिका पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई के लिए तैयार हुआ है।

इस दौरान मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद पर बहस हो सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

बता दें, महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने शुक्रवार को इस मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। पीड़ित पक्ष ने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

## हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा...बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ **बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी**




अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है। बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है।

**असुरक्षा** हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

# अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

ढाका, एजेंसी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।




### कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

## इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी



▶▶ **पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव**

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।